लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

MERRY CHRISTMAS

गुरुवार 25 दिसंबर, 2025 | पेज : 12 | मूल्य : ₹ 3.00/- | लखनऊ | वर्ष : 17, अंक : 75 | www.janexpresslive.com/epaper

भारत में तीन और विमानन कंपनियों को मंजूरी 12

# जमीनों पर कब्जा करने वालों को छोड़ूंगा नहीं : योगी

## केशव बोले, सपा मुंह दिखाने लायक नहीं, रागिनी ने मंत्री शर्मा से मांगा स्पेशल चश्मा, स्वामी बोले, योगी मुझसे प्यार करते हैं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र का चौथा और आखिरी दिन सीएम योगी ने विपक्ष के हर सवाल का जवाब दिया। योगी ने सबसे पहले नेता विपक्ष माता प्रसाद पांडेय पर निशाना साधा। इसके बाद उन्होंने कहा कि सपा तितर-बितर हो गई हैं। इसने समाज के सामने अराजकता फैलाई। इससे पहले विधानसभा में रागिनी सोनकर ने ऊर्जा मंत्री पर हमला बोला। कहा- मंत्रीजी कहते हैं कि प्रदेशभर में 24 घंटे बिजली मिल रही है। किसान को कोई समस्या नहीं है। भाजपा का कार्यकर्ता जब मंत्रीजी से मिलने आता है, तो उन्हें माला पहनाकर कान में कहता है कि 14 घंटे से ज्यादा बिजली नहीं आ रही है। तब मंत्रीजी भगवान का नारा लगाकर सब कुछ दरकिनार कर देते हैं। वित्त मंत्री ऐसा कोई चश्मा लाते हों जिससे बिजली दिखाई देती हो, तो वह चश्मा विपक्ष को खरीदकर दे दें। इसके बाद उन्होंने सियावर रामचंद्र, जय बजरंगबली और नमः पार्वती पतये हर-हर महादेव के नारे लगाए।



### ऊर्जा मंत्री ने रागिनी के बयान पर किया पलटवार

ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने रागिनी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा- बिजली उत्पादन ढाई गुना बढ़ा है। जौनपुर में भी वितरण हो रहा है। बदलापुर विधायक को दिखाई देता है, आपको नहीं दिखता। आपको बिजली से नहीं, भगवान राम से दिक्कत है। महाना और सपा विधायक आरके वर्मा में एक्यूआई को लेकर तकरार हुई। दरअसल, सपा विधायक ने कह दिया कि कानपुर में एक्यूआई 400 पार हो चुका है। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें रोका। कहा- आप गुमराह मत करिए। कानपुर का एक्यूआई 100 के पार नहीं है। मोबाइल निकालकर चेक करिए। मैं कानपुर से आता हूं। आप अपने शहर का नाम लीजिए। इस पर विधायक ने कहा- अच्छा ठीक है, मैं कानपुर नहीं, प्रयागराज की बात बताता हूं।

### योगी ने कहा, सपा ने अराजकता फैलाई

सपा तितर-बितर हो गई हैं। इस प्रदेश के सामने पहचान का संकट किया है। इस समाज के सामने अराजकता फैलाई। इसका दोषी कौन है। आपने बहुत सी बातें स्वीकार की, बहुत अच्छा है। जैसे दुर्दांत माफिया और अपराधियों को लेकर। सरकार ने वह करके दिखाया। राज्य की अर्थव्यवस्था को लेकर आगे बढ़ाने के लिए साफ नीति होनी चाहिए। साथ ही दृढ़ इच्छाशक्ति उन्हें लागू करने की हो, तो परिणाम में बदले जा सकते हैं। इसके चार आयाम हैं। सरकार ने इस पर काम किया है। समाज और संस्था को सबसे पहले सुरक्षा चाहिए। कानून का राज हो। हर व्यक्ति के मन में सुरक्षा का एहसास हो, हर बेटी और हर व्यापारी सुरक्षित हो। यह किसी भी सरकार की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। अगर कोई सरकार इसे लेकर बढ़ती है, तो इसके परिणाम आते हैं हमने सुरक्षा को माहौल दिया है।

### विधानपरिषद में फिर हंगामा, सभापति और नेता प्रतिपक्ष में नोकझोंक

विधान परिषद में लाल बिहारी यादव और सभापति में तीखी नोक-झोंक हुई। सभापति ने नेता विरोधी दल से सदन से बाहर जाने को कहा। इस पर लाल बिहारी यादव ने सभापति मानवेंद्र प्रताप सिंह पर आरोप लगाते हुए कहा- आप बोलने नहीं दे रहे, लोकतंत्र की हत्या करना चाहते हैं। इस पर भाजपा खेमे के लोग भड़क गए। सभापति ने कहा कि अगर सदन का त्याग नहीं करेंगे तो पीठ को अपनी बात मनवाने के और तरीके हैं। ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने माफी मांगी, लेकिन मानवेंद्र सिंह ने कहा कि यह बार-बार की समस्या हो रही है। उन्होंने ध्रुव कुमार से कहा कि इनसे कहिए कि पीठ का पालन करें। त्रिपाठी ने कहा कि वह शब्द निकलवा दीजिए। इस पर सभापति ने कहा कि पहले पीठ के निर्देश का पालन कीजिए। लाल बिहारी यादव ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष अनुपूरक सवाल पूछ सकता है या नहीं। नेता प्रतिपक्ष सभी विपक्षी दलों का होता है। सभापति ने कहा कि आप कुछ नहीं पूछ सकते। राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि पीठ ने कह दिया है तो उसे मानना चाहिए। सभापति ने फिर दोहराया कि मेरी बात का पालन कीजिए। इसके बाद सपा के सभी सदस्यों के साथ नेता विरोधी दल ने वॉकआउट किया। इसके बाद भाजपा के विजय बहादुर पाठक ने निंदा प्रस्ताव रखा। इस पर ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जो घटना घटी वह शर्मनाक है। राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि अगर नेता विरोधी दल खेद व्यक्त कर दें तो इसे यहीं पर खत्म कर देना चाहिए। सभापति ने कहा कि हम स्थिति को सुधारने के पक्ष में हैं। जो अपराध है उसे क्षमा करना भी बड़ी बात है। आज के सदन के उठने तक नेता विरोधी दल अगर खेद प्रकट करते हैं तो उस पर विचार होना चाहिए।

### केशव बोले, सपा की आदत, मीठा-मीठा गप-गप

केशव मौर्य ने कहा- बहुत लंबा-चौड़ा भाषण सबने दिया है। सपा की आदत है। मीठा-मीठा गप-गप। जो सवाल आप लेकर आए हैं, उसका एक पक्ष आप जानते हैं और दूसरा पक्ष नहीं। संविधान में 60 प्रतिशत विभिन्न श्रेणियों का आरक्षण देना हर हाल में हम कर रहे हैं। जब से सत्ता में आए हैं, तब से कर रहे हैं। लेखपाल भर्ती में सच है कि आरक्षण नहीं अपनाया गया। मुख्यमंत्री ने खुद बैठक कर इसके निर्देश दिए। सपा ताक में रहती है कि कोई मौका मिले। सपा ने बर्बाद कर दिया था। आप कहते हैं चर्चा न कीजिए। नकल माफियाओं का गैंग आपने तैयार किया था, उनकी नस तोड़ने का काम सरकार ने किया है। अभी भी जो भी अधिकारी समाजवादी पार्टी का एजेंट बनकर इस तरह का विज्ञापन जारी कर रहा है, हमारी मंशा नहीं है। संविदा और आउटसोर्सिंग में भी हम आरक्षण देने का काम करेंगे। उसमें भी कोई भेदभाव नहीं करेंगे।

### नेता प्रतिपक्ष बोले, हम लोगों को भी विज्ञापन में कुछ हिस्सा दीजिए

नेता प्रतिपक्ष ने कहा- सूचना विभाग में बजट प्रचार के लिए जाता है, इसलिए मीडिया आपके दबाव में रहती है। विज्ञापन से उन्हें धनराशि मिलती है, इसलिए मीडिया स्वतंत्र नहीं हो पा रही है। वे हमारी बात सुनते ही नहीं। मेरे पास एक सज्जन आए। कहा- हम आपका इंटरव्यू लेंगे। खत्म होने के बाद उन्होंने कहा- हम एक विज्ञापन लेंगे। मैंने पूछा- कितने का विज्ञापन? इस पर उन्होंने कहा- 13 लाख का। मैंने कहा-महात्मा चाय पी लो और जाओ। एक बार एक पत्रकार महोदय हार गए, तो उन्होंने कहा कि तेल का ही पैसा दे दो। मैंने कहा- हम नहीं दे पाएंगे, सरकार के पास जाइए। हम लोगों को भी विज्ञापन में कुछ हिस्सा दे दीजिए।

### प्रशांत कुमार को चयन आयोग का अध्यक्ष बनाने के लिए कानून बदला गया : नेता प्रतिपक्ष

पूर्व डीजीपी प्रशांत कुमार को शिक्षा सेवा चयन आयोग का अध्यक्ष बनाने पर कहा-हमारी संस्थाएं कमजोर हो जाएंगी, तो न हम रहेंगे, न आप। आपके पास बड़ा भारी मंदिर है, आप पूजा करेंगे, आपके दस लोग पैर छुएंगे। लेकिन हम लोग सड़क पर उतर जाएंगे। शिक्षा चयन आयोग आपने बनाया, यह अच्छा किया। गोरखपुर के प्रोफेसर को वहां का अध्यक्ष बना दिया। बाद में पता चला कि वह चली गईं। वह पद शिक्षा नीति का है, पुलिस से आने वाले लोगों का नहीं है। आपने रिटायर्ड डीजीपी को वहां का अध्यक्ष बना दिया है। उन्हें बनाने के लिए कानून बदल दिया। किसी शिक्षाविद् को रखना चाहिए। यह संस्थाओं को कमजोर करने की प्रक्रिया है, यह नहीं होना चाहिए।

### विधानपरिषद में हंगामा, केशव भड़के

विधानपरिषद में सपा ने हंगामा कर दिया। सपा एमएलसी वेल में आ गए, जमकर नारेबाजी की और वॉकआउट कर दिया। इस पर केशव मौर्य ने कहा- सच सुनने का साहस इनमें नहीं है। सपा ने नकल माफिया तैयार किए थे। सपा सांप नाथ का रूप धारण करके आरक्षण खा जाती है। जब से बिहार हारे, तब से अखिलेश यादव का मानसिक संतुलन बिगड़ गया है। सपा मुंह दिखाने लायक नहीं है। ये जातिवादी और परिवार वादी लोग हैं।

### योगी बोले, नेता प्रतिपक्ष का कोई बुरा नहीं मानता

योगी ने कहा- नेता विरोधी दल उम्रदराज है। जीवन का लंबा अनुभव उनके साथ है। उनकी उदारता हर व्यक्ति को आकर्षित करती है। जब वो बोलते हैं, तो इस सदन का कोई भी व्यक्ति बुरा नहीं मानता। उन्होंने जो सुझाव दिए हैं, उन पर अमल करेंगे। विरोधी सरकार के हर कार्य की आलोचना करते हैं, लेकिन कुछ चीजें जरूर हैं। नेता प्रतिपक्ष ने सीएम योगी से कहा- आप बड़े नेता, हम लोगों को कौन पूछता है नेता प्रतिपक्ष ने सीएम योगी से कहा- आप बड़े नेता थे, आप गोरखपुर या कहीं भी जो कहते थे, वह छप जाता है। हम लोगों को कौन पूछता है? आज तो पैसे का खेल है।

### योगी ने कहा, पूजा पाल को आपने न्याय नहीं दिलाया

योगी ने कहा- यूपी में दंगा और अराजकता नहीं है। न्याय कैसे होता है। आपकी पार्टी से सदस्य चुनी गईं पूजा पाल को आपने न्याय नहीं दिलाया। क्योंकि, आपमें हिम्मत नहीं थी। माफिया के सामने झुकना मजबूरी थी। आप उन गुंडों और माफिया के सामने एक गरीब बेटी को न्याय नहीं दे पाए। क्या वो पीडीए की पार्ट नहीं थीं। बेटी चाहे उस पक्ष की या हमारे पक्ष की, हर हाल में न्याय मिलेगा।

#### 'यूपी में दंगा और अराजकता नहीं है'

मुख्यमंत्री योगी ने कहा- यूपी में दंगा और अराजकता नहीं है। दंगे का उपचार क्या है? इस बारे में बरेली के मौलाना से पूछ लीजिए। यूपी में न कर्फ्यू है, न दंगा। अब सब कुछ चंगा है। आपकी पार्टी से सदस्य चुनी गईं पूजा पाल को आपने न्याय नहीं दिलाया। क्योंकि, आपमें हिम्मत नहीं थी। माफिया के सामने झुकना मजबूरी थी।

### अवकाश सूचना




25 दिसंबर को क्रिसमस दिवस के अवसर पर जन एक्सप्रेस के प्रेस एवं कार्यालय में अवकाश रहेगा।
अतः अगला अंक 27 दिसंबर 2025 को प्रकाशित होगा।
-प्रकाशक

## शाहजहांपुर में बड़ा हादसा : ट्रेन से कटकर दंपती और दो बच्चों समेत पांच की मौत

जन एक्सप्रेस। शाहजहांपुर

उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर में बुधवार शाम दर्दनाक हादसा हुआ। रोजा रेलवे स्टेशन के पास मानव रहित रेलवे क्रॉसिंग को पार करते समय बाइक सवार लोग गरीब रथ एक्सप्रेस से टकरा गए। हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई। दर्दनाक हादसा देख वहां मौजूद लोगों का कलेजा कांप गया। मृतकों के शव रेलवे ट्रैक पर इधर-उधर जा गिरे। सूचना मिलते ही थाना पुलिस और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। मृतकों की पहचान 40 वर्षीय हरिओम निवासी ग्राम बनके गांव थाना उचौलिया जिला लखीमपुर खीरी, उनके साढ़ू सेठ पाल निवासी गांव विकन्ना निगोही (शाहजहांपुर), सेठ पाल की 35 वर्षीय पत्नी पूजा व दो बच्चों के रूप में हुई।

## केंद्र का राज्यों को निर्देश : गुजरात से दिल्ली तक अरावली क्षेत्र में खनन के लिए नए पट्टे पर पूर्ण प्रतिबंध

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पर्यावरण से जुड़े ज्वलंत मुद्दे पर केंद्र सरकार ने राज्यों को नए सिरे से निर्देश दिए हैं। इनमें कहा गया है कि अरावली क्षेत्र में खनन के नए पट्टे देने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा। यानी दिल्ली से गुजरात तक फैली संपूर्ण अरावली रेंज में अब खनन के लिए नए पट्टे की मंजूरी देने पर पूरी तरह से रोक रहेगी। बीते नवंबर में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पर्यावरण मंत्रालय ने इस संबंध में राज्यों को पहले भी आगाह किया था।

### 21 दिसंबर के परामर्श में क्या कहा गया था?

21 दिसंबर के परामर्श में कहा गया था कि एमपीएसएम यानी सतत खनन प्रबंधन योजना को अंतिम रूप दिए जाने तक माइनिंग के लिए कोई नई लीज नहीं दी जानी चाहिए। यह परामर्श सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद जारी हुआ था। आदेश में कहा गया था कि भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद यानी ढ्ढष्टस्नक्रश्व जब तक प्रबंधन योजना नहीं बना लेती, तब तक खनन के लिए नई लीज नहीं दी जा सकती। केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नए



निर्देशों में कहा गया है कि नए खनन के लिए मंजूरी देने पर रोक संपूर्ण अरावली क्षेत्र पर लागू रहेगी। इसका उद्देश्य अरावली रेंज की अखंडता को बचाए रखना है। इन निर्देशों का लक्ष्य गुजरात से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र तक फैली एक सतत भूवैज्ञानिक शृंखला के रूप में अरावली का संरक्षण करना और सभी अनियमित खनन गतिविधियों को रोकना है।

### आईसीएफआरई क्या करेगा?

पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार, आईसीएफआरई से कहा गया है कि पूरे अरावली क्षेत्र में ऐसे अतिरिक्त क्षेत्रों की पहचान की जाए, जहां पर खनन पर रोक लगनी चाहिए। यह उन क्षेत्रों के अतिरिक्त रहे, जहां पर केंद्र ने पहले से खनन पर प्रतिबंध लगा रखा है। आईसीएफआरई से एक समग्र और विज्ञान आधारित प्रबंधन योजना बनाने को कहा गया है। इस योजना को फिर सार्वजनिक किया जाएगा ताकि सभी साझेदारों से इस पर सलाह-मशविरा किया जा सके। इसके पर्यावरण आकलन और पारिस्थितिक क्षमता को भी देखा जाएगा ताकि संवेदनशील क्षेत्रों की संरक्षण के लिहाज से पहचान की जा सके। साथ ही ऐसे क्षेत्रों की बहाली या पुनर्वास के उपाय किए जा सकें।

### संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों का दायरा और व्यापक हो जाएगा

मंत्रालय ने कहा कि केंद्र की इस पहल से पूरे अरावली क्षेत्र में खनन के लिए संरक्षित और प्रतिबंधित क्षेत्रों का दायरा और अधिक व्यापक हो जाएगा। इसमें स्थानीय भौगोलिक पारिस्थितिकी और जैव-विविधता को ध्यान में रखा जाएगा।

### पहले से चल रही खदानों का क्या होगा?

केंद्र ने यह भी निर्देश दिया है कि जो खदानें पहले से चल रही हैं, उनके मामले में राज्य सरकारों को सभी पर्यावरणीय मानकों का सख्ती से पालन कराना होगा और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुरूप काम करना होगा। मौजूदा खनन गतिविधियों का सख्ती से नियमन करना होगा।

## एचबीटीयू का 'हेम्प मिल्क' बनेगा यूपी का बड़ा स्टार्टअप

# बड़ी कंपनियों के साथ मिलकर स्टार्टअप शुरू करने की तैयारी में छात्रा अनन्या श्रीवास्तव


- पारंपरिक नुस्खों और डॉ. ए.के. राठौर के मार्गदर्शन से लैब में तैयार हुआ ओमेगा से भरपूर 'सुपरफूड'

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

उत्तर प्रदेश के प्रतिष्ठित हरकोर्ट बटलर टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एचबीटीयू) में पोषण की दुनिया में एक बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। विश्वविद्यालय की शोध छात्रा अनन्या श्रीवास्तव (हेंप मिल्क), रासायनिक अभियांत्रिकी विभाग के डॉ. अश्वनी कुमार राठौर के मार्गदर्शन में 'हेम्प मिल्क' पर एक विशेष शोध कर रही हैं। यह उत्पाद न केवल शाकाहारियों के लिए वरदान है, बल्कि उत्तर प्रदेश सरकार की 'स्टार्टअप इंडिया' और 'वोकल फॉर लोकल' मुहिम को भी मजबूती प्रदान कर रहा है।

### परंपरा और तकनीक का संगम

अनन्या बताती हैं कि हेम्प सीड (भांग




के बीज) के फायदों के बारे में उन्होंने बचपन में अपनी माँ से सुना था। इसी पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक विज्ञान की कसौटी पर कसने के लिए उन्होंने लैब में काम शुरू किया। डॉ. राठौर के दिशा-निर्देशन में अनन्या ने बीजों को भिगोने, उनकी तीन चरणों में मिलिंग करने और पाँच बार छानने की विशेष विधि से यह दूध तैयार किया है।

### योगी सरकार के विजन के साथ स्टार्टअप की तैयारी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार युवाओं को उद्यमी बनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। अनन्या का लक्ष्य केवल लैब तक सीमित रहना नहीं है। उनका कहना है, 'यदि भविष्य में कोई बड़ी कंपनी साथ आती है, तो हम इस शोध को एक बड़े स्टार्टअप के रूप में बाजार में उतारेंगे।' डॉ. अश्वनी कुमार राठौर का मानना है कि ऐसे शोध न केवल कुपोषण से लड़ने में मदद करेंगे, बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में भी हेम्प की खेती एक नया विकल्प बन सकती है।

### क्यों खास है हेम्प मिल्क?

जहाँ आज के समय में ओमेगा-3, ओमेगा-6 और विटामिन ष्ठ की कमी एक वैश्विक समस्या बन गई है, वहीं हेम्प मिल्क इसका एक संपूर्ण समाधान पेश करता है :

- **हृदय और मस्तिष्क :** ओमेगा-3 और ओमेगा-6 फैटी एसिड दिल की बीमारियों को दूर रखते हैं और दिमागी विकास में सहायक हैं।
- **लैक्टोज फ्री विकल्प :** यह उन लोगों के लिए बेहतरीन है जिन्हें डेयरी दूध से एलर्जी है।
- **मजबूत मांसपेशियां :** इसमें मौजूद हाई-क्वालिटी प्लांट प्रोटीन मांसपेशियों के निर्माण में मदद करता है।
- **हड्डियां और त्वचा :** विटामिन डी की मौजूदगी हड्डियों को मजबूती देती है, जबकि इसके तत्व त्वचा और बालों में चमक लाते हैं।

### पशु आहार के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प

हेम्प सीड पशु आहार के लिए एक उत्कृष्ट विकल्प है, जो प्रोटीन, फाइबर और ओमेगा-3 व 6 फैटी एसिड से भरपूर होता है। यह पशुओं के स्वास्थ्य, प्रतिरक्षा क्षमता और उत्पादकता को बढ़ाता है, साथ ही दूध, मांस और अंडों की गुणवत्ता में भी सुधार करता है। इसके टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल गुण इसे किसानों के लिए एक श्रेष्ठ आहार विकल्प बनाते हैं।

# देवभूमि रजत उत्सव : 25 साल का सफर बेमिसाल, निरंतर प्रगति पथ पर उत्तराखंड

जन एक्सप्रेस। चंद्रप्रकाश बहुगुणा

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय 'देवभूमि रजत उत्सव एवं शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आधारित कार्यक्रम' के अंतिम दिन के कार्यक्रम का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश की जनता को रजत जयंती वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन सभी वीर शहीदों और आंदोलनकारियों को नमन किया, जिनके संघर्षों के फलस्वरूप उत्तराखंड राज्य का सपना साकार हुआ। उन्होंने विशेष रूप से मातृशक्ति के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि राज्य के निर्माण में महिलाओं की भूमिका विस्मरणीय रही है और आज वे ही ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड आंदोलकारियों को भी सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पृथक राज्य बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले और उत्तराखंड के गांधी स्व. श्री इंद्रमणि बडोनी जी की भी जयंती है बडोनी जी को नमन करते हुए उनके संघर्षों को याद किया। देवभूमि रजत उत्सव से रजत जयंती वर्ष पर आयोजित देवभूमि रजत उत्सव एवं शीतकालीन चारधाम यात्रा को प्रोत्साहन कर उत्तराखंड की सांस्कृतिक विरासत को संजोया जा रहा है। आज शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, विद्युत आदि सेवाओं को विकसित करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकल



फॉर वोकल, मेड इन इंडिया से देश को विकसित भारत बनाने का अभियान को गति दी जा रही है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मुखवा हर्षिल से शीतकालीन यात्रा को प्रोत्साहन कर आज पूरे वर्ष पर्यटन को गति दी जा रही है। आज हमारी सरकार एक जिला एक फेस्टिवल पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में औद्योगिक क्षेत्र में गति लाने हेतु इन्वेस्टर समिट आयोजित कर 1 लाख करोड़ से अधिक के निवेश धरातल उतारकर औद्योगिक क्षेत्र को नई गति और सफलता प्राप्त की है। राज्य की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती हेतु हाउस ऑफ हिमालयाज, हस्तशिल्प, स्वयं सहायता समूह, शिल्प और बुनाई आदि को विशेष पहचान दी जा रही है। अर्थव्यवस्था को बढ़ाने हेतु होमस्टे, लखपति दीदी, वेडिंग डेस्टिनेशन आदि कार्यों को गति देकर उत्तरकाशी जनपद में ही आज 12 हजार से अधिक लखपति दीदी बन चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने समान नागरिक संहिता कानून, धर्मांतरण कानून, लैंड जिहाद, लव जिहाद आदि कानूनों को लागू कर सरकारी भूमि पर अवैध कबजे वाली भूमि को मुक्त कराया है और कहा कि देवभूमि की संस्कृति के साथ किसी को भी छेड़-छाड़ की इजाजत नहीं दी जाएगी। यूसीसी को लागू कर सभी के लिए एक समान कानून की व्यवस्था की है। गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान ने कहा कि उत्तराखंड 25 वर्ष पूरे कर आज हमारा राज्य शीतकालीन चारधाम यात्रा पर आधारित रजत जयंती वर्ष मना रहा है। उत्तराखंड निर्माण का सपना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने साकार किया था। जिसे आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में देश का अग्रणी राज्य बनाने का कार्य किया जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने हेतु शीतकालीन यात्रा का प्रोत्साहन कर नई गति दी जा रही है। आज कार्यक्रम में निबंध प्रतियोगिता व स्कूली छात्र - छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ ही चित्रकला, रंगोली, नृत्य और निबंध प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। देवभूमि रजत उत्सव पर लगाई गई विकास प्रदर्शनी भी आकर्षण का केंद्र बनकर उभरी, जिसमें राज्य के पिछले 25 वर्षों के विकास सफर को चित्रों और वीडियो के माध्यम से दर्शाया गया है।

### रिवर्स पलायन में लगभग 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार के प्रयास से ही आज उत्तराखंड पलायन निवारण आयोग की रिपोर्ट में रिवर्स पलायन में लगभग 44 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। आज उत्तराखंड राज्य युवाओं को रोजगार देने के मामले में भी देश में अग्रणी है अभी तक हमारी सरकार ने 26 हजार 500 से अधिक युवाओं को योग्यता एवं पारदर्शिता के साथ नौकरी दी है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत् विकास लक्ष्य इंडेक्स में उत्तराखंड देश का प्रथम राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के साथ अस्तित्व में आए झारखंड और छत्तीसगढ़ राज्यों की तुलना में आज हम कुछ क्षेत्रों में बेहतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनपद की स्वास्थ्य सेवाओं को सुधार करने हेतु 23 करोड़ की लागत से उत्तरकाशी में 50 बेड का क्रिटिकल केयर यूनिट बन रहा है। 46 करोड़ की राशि से पुरोला में उपजिला अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। प्रत्येक गांव को सड़क मार्ग से जोड़ा जा रहा है। उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिल्क्यारा टनल का कार्य भी अंतिम चरण में है जिससे यमुनोत्री से गंगोत्री की दूरी कम होकर आम नागरिकों को सहूलियत के साथ पर्यटन को एक नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं को रोकना तो असंभव है परन्तु अपनी तैयारियों को बेहतर कर उनके नुकसान को कम कर सकते है जिसके लिए अधिक ऊंचाई पर स्थित झीलों की निगरानी हेतु निगरानी सिस्टम लगाने पर कार्य हो रहा है। धराली आपदा पीड़ितों के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए उनके लिए सभी जरूरी कदम उठाने का आश्वासन दिया।

# जिला पंचायत अध्यक्ष ने किसानों को खाद की परेशानी के साथ ही ओवर रेटिंग से निजात दिलाने के मद्देनजर लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




किसानों को खाद की किल्लत से निजात दिलाने के मद्देनजर जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत ने राठ के रामलीला मैदान स्थित सहकारी समिति पहुँचकर वहाँ के हालात का जायजा लेने के साथ ही किसानों से बात की। इस दौरान अध्यक्ष ने किसानों से पूछा कि खाद ज्यादा दाम में तो नहीं दी जा रही है, साथ ही समिति में तैनात कर्मचारी नियम के मुताबिक खाद का वितरण कर रहे हैं या नही।

इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीण क्षेत्र के किसानों ने उनको बताया कि खाद की बिक्री का काम बेहतर तरीके से चल रही है। वही निरिक्षण के दौरान उन्होंने समिति में स्टॉक रिजिस्टार सहित बिक्री रिजिस्टर की भी जांच की। मौके पर जहाँ सभी दुरुस्त पाये गये। जबकि अध्यक्ष ने समिति में तैनात कर्मचारियों को आदेशित करते हुए कहा कि खाद की बिक्री किसानों को बेहतर तरीके से की जाय।

अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की मंशा के तहत तय किये दामों पर खाद मुहय्या कराई जाय।

इस दौरान जयंती राजपूत ने कहा कि किसान मुल्क के भाग्यविधाता है सरकार ने प्रशासन को सख्त निर्देश दिए है कि खाद की ओवर रेटिंग करना, यानी किसानों के साथ धोखाधड़ी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। वही एसे हालात में अगर कोई ब्यक्ति ओवर रेटिंग करता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही अमल में लाई जायेगी। किसी भी कीमत पर उनके साथ धोखा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान उन्होंने जिले के सभी प्राइवेट लाइसेंस धारक सहित समिति के अधिकारियों कर्मचारियों से अपील की है कि,

कोई भी व्यक्ति ओवर रेट दामों में खाद न बेचे। अगर ज्यादा दामों में बेचते पकड़ा गया तो, उसके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने मौजूद किसानों से बातचीत कर कहा कि जनप्रतिनिधि अन्नदाताओं के साथ है। अगर कही भी खाद ओवर रेटिंग बेची जाती है, तो फौरन जानकारी दें। एसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्यवाई की जाएगी। साथ ही कहा कि सरकार ने किसानों के लिए भरपूर खाद के इंतिज़ाम किये है। खाद की कोई कमी नही है। वही किसानों से अपील की, क़ि कोई भी अन्नदाता ओवर रेट में खाद न खरीद न करें। जबकि कही भी ओवर रेट बिक्री हो तुरन्त जानकारी दें। अध्यक्ष ने कहा कि खाद की बिक्री की ओवर रेटिंग की जानकारी सामने आ रही थी, जिसको लेकर जायजा लिया गया है। आगे भी निरक्षण चलता रहेगा। ताकि किसानों को खाद की किल्लत न हो।

# प्रथम तिमाही में ही कर लें गर्भवती महिला की पहचान: डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



डीएम पुलकित गर्ग द्वारा आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम अंतर्गत रामनगर ब्लॉक की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में डीएम ने नीति आयोग तथा राज्य नियोजन विभाग के डैशबोर्ड पर उपलब्ध प्रगति के आधार पर स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि एवं संबद्ध सेवाएं, सामाजिक विकास तथा बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर थीम की गहन समीक्षा की। डीएम द्वारा निर्देशित किया गया कि गर्भवती महिलाओं की प्रथम तिमाही में ही पहचान कर उनका समय से पंजीकरण आशा, एएनएम एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। एमओआईसी रामनगर को निर्देश दिए गए कि कम वजन के नवजात शिशुओं की संख्या में कमी लाने हेतु गर्भवती महिलाओं को पर्याप्त पोषण, कैल्शियम, आयरन एवं अन्य आवश्यक चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं, सैम एवं मैम बच्चों तथा कम वजन के शिशुओं की सतत निगरानी के लिए एक कंट्रोल रूम स्थापित करने के निर्देश दिए गए, जहां से कॉल के माध्यम से नियमित फॉलोअप किया जाएगा। इसी कंट्रोल रूम से आईसीडीएस के पोषाहार वितरण की भी निगरानी की जाएगी। पोषाहार की आपूर्ति में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडीपीओ को निर्देशित किये कि आगामी माह से शत प्रतिशत एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। सभी स्वास्थ्य केंद्रों का एनक्यूएएस प्रमाणीकरण जनवरी माह तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत स्तर पर समीक्षा करते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले आंगनवाड़ी, आशा एवं एएनएम के टॉप तीन को पुरस्कृत करने तथा शेष को भी शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए गए। सभी बच्चों का नियमित वजन एवं लंबाई मापन, सैम एवं मैम बच्चों को शून्य करने के लिए उचित पोषण एवं उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही सैम एवं मैम बच्चों के परिवारों को स्वयं सहायता समूह, मनरेगा, जीरो पॉवर्टी सहित विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए गए ताकि उनकी पोषण एवं देखभाल व्यवस्था सुदृढ़ हो सके। सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता, विद्यालयों में बाउंड्रीवाल निर्माण, एचएएल के सीएसआर अंतर्गत आंगनवाड़ी भवन निर्माण हेतु कार्ययोजना तैयार कर बीडीओ एवं डीपीओ को प्रस्तुत करने तथा भारत नेट के माध्यम से ग्राम पंचायतों को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए।

# अटल जयंती की पूर्व संध्या पर चलाया गया स्वच्छता अभियान

■ अटल पार्क को रोशन कर मनाया गया दीपोत्सव

**जन एक्सप्रेस । बांदा**



पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई की जन्म जयंती पर भाजपा द्वारा मनाये जा रहे अटल स्मृति पखवाडा कार्यक्रम के तहत जिला परिषद पार्क में स्थापित अटल ज़ी की मूर्ति व परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया तत्पश्चात दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया स भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अगुवाई में पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने जिला पंचायत परिसर पहुँचकर पूर्व प्रधानमंत्री की मूर्ति एवं पूरे पार्क परिसर की साफ सफाई धुलाई की इसके पश्चात् शाम को परिसर में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम के तहत पूरे पार्क में दीप जलाकर एवं लाइट झालरों से रोशनी की गई स इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि भारत रत्न व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के जन्मदिवस को अटल स्मृति पखवाडा के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है जिसके तहत स्वच्छता अभियान व दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया।

25 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भाजपा जिला कार्यालय में एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी जिसका उदघाटन जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद व सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी करेंगे तत्पश्चात अटल ज़ी के जीवन परिचय पर आधारित एक संगोष्ठी होगी इसी प्रकार आगे भी अन्य कार्यक्रम आयोजित कर अटल ज़ी के ऐतिहासिक निर्णयों, नेतृत्व क्षमता, और संघर्षशील व्यक्तित्व को जन मानस तक पहुँचाया जायेगा इसी प्रकार संसद में घुसपैठियों के मुद्दे पर भारत सरकार के गृहमंत्री अमित शाह द्वारा दिए गए वक्तव्य के वीडियो क्लिप को स्क्रीन के माध्यम से जिला व मण्डल स्तर पर प्रदर्शित किया जायेगा कार्यक्रम में ब्लाक प्रमुख बड़ोखर स्वर्ण सिंह सोनू, पालिकाध्यक्ष मालती बासू, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, दुर्गा चौरसिया, उत्तम सक्सेना, पंकज रायकवार, अमित सेठ भोलू, राजेश गुप्ता रज्जन, लखन सिंह राजपूत, डा पी एन वर्मा, धीरेन्द्र सिंह धीरू, राजेश गुप्ता, नीरज त्रिपाठी, नीलू निगम, चन्द्रभूषण सोनी, दिनेश शुक्ला, इंद्रजीत राजपूत, अलोक प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# विकास के दावों की पोल खोलता लम्बे अर्से से खस्ताहाल कच्चा रास्ता



**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**

मौदहा तहसील के ग्राम मकरांव के विकास की दुर्दशा की कहानी ग्राम भवन के नजदीक सालों से पड़ा दो सौ से तीन सौ मीटर कच्चा मार्ग खुद बयां कर रहा है, विकास के दुर्दशा की कहानी।

जबकि इस कच्चे रास्ते से आने जाने में गाँव वालों को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हांलाकि ग्रामवासी इस कच्ची सड़क को बनवाने की प्रशासन से लम्बे अर्से से मांग कर रहे हैं। जबकि ग्राम वासियों ने प्रधान सहित बीडीओ से कई बार इस खस्ताहाल पड़े रास्ते को बनवाने की कई बार गुहार लगाई। इसके बावजूद जिम्मेदारों ने इस कच्चे रास्ते का निर्माण कराने की जरूरत नहीं समझी। आखिरकार मजबूर होकर खस्ताहाल रास्ते के निर्माण को लेकर मोहम्मद दानिश, मोहम्मद हनीफ, मोहम्मद बाबू खान निजामी, वाजिद अली, लाला, मोहम्मद वसीम, अब्दुल मुकीर, यार मोहम्मद, बादशाह सहित बड़ी तादाद में ग्राम वासियों ने हमीरपुर मुख्यालय पहुँच कर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर बताया कि लम्बे समय से गांव के दो सौ से तीन सौ मीटर कच्चे पड़े रास्ते को कई बार बनवाने की मांग की गई है। लेकिन इसके बावजूद आजतक जिम्मेदारों ने इस रास्ते का निर्माण कराने की जरूरत नहीं समझी। जबकि ज्ञापन मिलने के बाद डिप्टी कलैक्टर ने गाँव वासियों से कच्चे रास्ते का जल्द से जल्द निर्माण कराकर उनके आवागमन की परेशानी को दूर कराने का भरोसा दिलाया है।

# अपर एसपी ने पुलिस पेंशनर्स के साथ की बैठक



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में बुधवार को अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह की अध्यक्षता में पुलिस पेंशनर्स की बैठक आयोजित की गई। जिसमें उन्होंने पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धितों को निस्तारण के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा करते हुए उन्हें अपने अनुभव और ज्ञान का उपयोग कर कानून व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। साथ ही वर्तमान समय में साइबर ठगों द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवित प्रमाण पत्र, सीबीआई, ईडी, एटीएस के अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट कर साइबर ठगी का शिकार बनाने की जानकारी देते हुए बचने के उपाय बताए। उन्होंने पेंशनर्स को स्वास्थ्य बीमा योजनाओं तथा कानूनी सहायता व शिकायत निवारण तंत्र की जानकारी दी। पेंशनर्स की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया।

## पुलिस ने टूटने से बचाया परिवार

**चित्रकूट।** सामाजिक रिश्तों को बचाने के लिए किये जा रहे प्रयासों के क्रम में पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केन्द्र टीम द्वारा आपसी परिवारिक झगड़े को समाप्त कराकर सुलह कराते हुए परिवार को टूटने से बचाया। परिवार परामर्श केन्द्र प्रभारी रंजना तिवारी ने बताया कि कर्वी कोतवाली क्षेत्र के रहुटिया निवासी कमलेश कुमार ने अपनी पत्नी के मायके से न आने तथा लड़ाई झगड़ा करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया था। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रार्थना पत्र के निस्तारण के सम्बन्ध में दिए गए निर्देश के अनुसार परामर्श केन्द्र की टीम महिला आरक्षी सोनिका द्विवेदी, अनामिका सिंह व पुलिस काउंसलर सुरेशचन्द्र जायसवाल द्वारा शिकायतकर्ता की शिकायतों को विस्तारपूर्वक सुना गया तथा द्वितीय पक्ष से सम्पर्क कर उन्हें पुलिस कार्यालय स्थित परिवार परामर्श केंद्र बुलाया गया। यहां दोनों पक्षों के बीच सुलह कराई गई। जिसके बाद दोनों पक्षों द्वारा भविष्य में आपस में पारिवारिक सामजस्य बनाकर रहने तथा कर्तव्यों का सही से पालन करने की बात कही गयी।

## जेआरएचएसयू का परीक्षा परिणाम घोषित

**चित्रकूट।** जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्र 2025 की सेमेस्टर परीक्षाओं का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। विवि. के परीक्षा नियंत्रक डॉ अमित अग्निहोत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाएं निर्धारित समय पर आयोजित की गई है, जिनका मूल्यांकन कार्य समय पूर्ण होने के बाद बुधवार को परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। बताया कि सभी विद्यार्थी विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर रोल नंबर के माध्यम से परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शिशिर कुमार पाण्डेय एवं कुल सचिव मधुरेन्द्र कुमार पर्वत ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है।

# नांदिन कुर्मियान के योगेन्द्र सिंह ने बढ़ाया चित्रकूट का गौरव

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पहाड़ी थाना क्षेत्र के नांदिन कुर्मियान गांव के निवासी योगेंद्र सिंह संघ ने लोक सेवा आयोग (यू.पी.एस.सी.) द्वारा आयोजित परीक्षा में सफलता हासिल कर मिनिस्ट्री ऑफ यूथ अफेयर्स एंड स्पोर्ट्स विभाग में जिला यूथ ऑफिसर/असिस्टेंट डायरेक्टर के पद पर चयनित हुए है। उनकी इस उपब्लिध पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

योगेंद्र सिंह के पिता स्वास्थ्य विभाग में फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनके बड़े भाई अभिषेक सिंह इस समय अयोध्या में प्रभु श्रीराम की जन्मस्थली पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) के पद पर कार्यरत हैं। योगेंद्र सिंह पूर्व प्रदेश स्तरीय शिक्षक नेता अशर्फीलाल सिंह के नाती तथा समाजसेवी बीपी पटेल के भांजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार एवं गांव में हर्षोल्लास का माहौल है। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र शुरु से ही पढ़ाई में अच्छा था। यूपीएससी की परीक्षा में सफलता प्राप्त कर उसने सिद्ध कर दिया कि निरंतर परिश्रम और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। बताया कि योगेन्द्र ने यूपीएससी सिविल सर्विसेज का इंटरव्यू भी सफलतापूर्वक पास कर लिया है और आगे भी उनका प्रयास निरंतर जारी है। उनकी इस उपलब्धि




पर समाजसेवी उमादत्त मिश्रा, महेंद्र सिंह पटेल, बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह, सभासद शंकर यादव, समाजसेवी बीपी पटेल, पूर्व विधायक वीर सिंह, सदर विधायक अनिल प्रधान, पूर्व सांसद बालकुमार पटेल, पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, जिला पंचायत सदस्य मीरा भारती, इरफान भाई, अतुल सिंह, जानकी गुप्ता, जानकी पटेल, धर्मेंद्र ओझा आदि ने बधाई दी है।

# क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालय के कक्षा छह से आठ तक के 250 बच्चों की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन छत्रपति शाहूजी महिला महाविद्यालय कर्वी में किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को प्रमाण पत्र व स्टेशनरी का सामान प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 विद्यार्थियों का चयन जनपदीय प्रतियोगिता के लिए करते हुए प्रत्येक को प्रोजेक्ट बनाने के लिए नगद धनराशि तथा प्रशस्ति पत्र दिया गया।

प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शशांक शेखर शुक्ला तथा खंड शिक्षा अधिकारी चित्रकूट अतुल दत्त तिवारी ने किया। इस दौरान प्रभारी बीएसए ने कहा कि समस्त शिक्षक सरकार की मंशानुरूप कार्य करे ताकि जनपद का नाम प्रदेश की रैंकिंग में अच्छा रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी बच्चों के लिए शिक्षक तन्मयता एवं लगन से विभागीय योजनाओं का लाभ दिलाएं। इसलिए इनकी उपस्थिति एवं शैक्षिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा बेहतरीन मॉडल बनवाएं। इस मौके पर एआरपी यामेंद्र दत्त पांडेय, उपेंद्र शर्मा, सुनील वर्मा, सत्येंद्र सिंह, प्रशांत कुमार केशरवानी, रामकृष्ण सिंह, गोपाल कृष्ण, राजेश सिंह, बृजेश सिंह, शैलेन्द्र सिंह, अभ्युदय साहू, प्रेमचंद शिवहरे, विनोद कुमार सिंह, अशर्फी लाल सिंह, कुबेर सिंह, इंद्रेश श्रीवास्तव, दिलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# अलग-अलग स्थानों पर तीन ने लगाया फांसी का फंदा, मौत

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

जनपद में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई तीन दर्दनाक घटनाओं में एक किशोरी सहित तीन लोगों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इन घटनाओं से संबंधित परिवारों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मानसिक रूप से विक्षिप्त किशोरी ने लगाई फांसी बिसंडा थाना क्षेत्र के हस्तम गांव निवासी 17 वर्षीय रीना पुत्री चंद्रशेखर ने मंगलवार सूने घर में पिलर में लगी सरिया में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद जब उसकी बुआ उर्मिला हैंडपंप पर पानी भरने गईं तो उन्होंने किशोरी का शव फंदे पर लटकता देखा, जिससे गांव में हड़कंप मच गया।

मृतका के फूफा मनोज के अनुसार रीना बचपन से ही मानसिक रूप से विक्षिप्त थी। दो वर्ष पूर्व वह अलाव तापते समय आग की चपेट में आ गई थी, जिससे वह झुलस गई थी। परिजन उसकी निगरानी रखते थे, लेकिन घटना के समय माता-पिता खेत गए हुए थे। रीना तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। दूसरी घटना देहात कोतवाली क्षेत्र के जौरही गांव की है। महोबा जिले के पतारा गांव निवासी 26 वर्षीय आरती पत्नी संदीप कुमार, अपने मायके में रह रही थी। सोमवार की रात उसने कमरे के अंदर छप्पर की धन्नी में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

मंगलवार सुबह पिता बाबू ने बेटी का शव फंदे पर लटकता देखा तो परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका के चाचा शोबरन ने बताया कि आरती का पति खेत की बुआई के लिए मायके से दस हजार रुपये मंगवा रहा था। रुपये देने से इनकार करने पर पति ने उसके साथ मारपीट की थी और 10 दिसंबर को उसे मायके छोड़ गया था। सोमवार को फोन पर पति से हुए विवाद के बाद आरती ने यह कदम उठा लिया। मृतका एक पुत्र की मां थी और बहनों में दूसरे नंबर की थी।

तीसरी घटना कमासिन थाना क्षेत्र के नारायनपुर गांव की है। यहां 30 वर्षीय अवधनरेश पुत्र रामकृपाल प्रजापति ने खेत में लगे बबूल के पेड़ पर कपड़े की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर वह घर से बिना बताए निकला था। मंगलवार को किसानों ने शव लटकता देखा तो परिजनों को सूचना दी। मृतक की पत्नी ममता के अनुसार, अवधनरेश मजदूरी करता था और पांच भाइयों में सबसे बड़ा था। चार दिन पूर्व उसका छोटा भाई एक युवती को भगा ले गया था। सोमवार को युवती का पिता घर आया और अवधनरेश को जेल भिजवाने की धमकी दी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान हो गया। हालांकि इस संबंध में कमासिन थानाध्यक्ष राजेश कुमार मौर्या ने बताया कि युवती के पिता द्वारा आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, धमकी जैसी कोई बात सामने नहीं आई है। मामले की जांच की जा रही है।

## मतदाता सूची आलेख्य प्रकाशित

**चित्रकूट।** एडीएम उमेश निगम ने बताया कि अनन्तिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची का निरीक्षण आम जनमानस 30.12.2025 तक कर सकते हैं। इस अवधि में नियुक्त कर्मचारियों द्वारा मतदाता सूची से संबंधित दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी। निरीक्षण अवधि के दौरान 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी योग्य नागरिक भी अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए आवेदन कर सकते है। अनन्तिम मतदाता सूची की एक-एक प्रति संबंधित तहसील के उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचकरजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय, विकास खण्ड कार्यालय, ग्राम पंचायत कार्यालय तथा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित अवधि तक नि:शुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। बताया कि प्राप्त सभी दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण 31 दिसंबर 2025 से छह जनवरी 2026 तक संबंधित उप जिलाधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि निर्धारित तिथियों के भीतर मतदाता सूची का अवलोकन कर अपने दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करें।

# बांग्लादेशी हिंदुओं के उत्पीड़न के विरोध में विहिप का जोरदार प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

बांग्लादेश में एक हिंदू युवक के साथ मारपीट और उसकी मौत से जुड़े मामले को लेकर जनपद में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान बांग्लादेशी जिहादी इस्लामिक संगठन का प्रतीकात्मक पुतला दहन किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बांग्लादेश में हिंदू युवक के साथ कथित रूप से मारपीट की गई, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। आरोप है कि युवक की मौत के बाद शव के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। इस घटना को लेकर हिंदू संगठनों में आक्रोश व्याप्त है। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने महाराणा प्रताप चौराहे से विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की और नारेबाजी करते हुए अशोक लाट




चौराहे पहुंचे, जहां इस्लामिक स गठन का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शन के दौरान **हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो** और **दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो** जैसे नारे लगाए गए। संगठन के पदाधिकारियों ने भारत सरकार से इस मामले का संज्ञान लेने और कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश में हिंदू समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ की जा रही कथित बर्बरता को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा। मौके पर पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नजर बनाए रखी गई।

# संघ शताब्दी वर्ष पर हिंदी नाटक 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' का हुआ मंचन

**जन एक्सप्रेस । बांदा**

संस्कार भारती कानपुर प्रान्त जनपद के तत्वावधान में संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिंदी नाटक **संघ गंगा के तीन भगीरथ** का भव्य नाट्य मंचन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज प्रेक्षागृह जनपद में किया गया।तारा रानी फाउंडेशन, नागपुरदूपुणे द्वारा प्रस्तुत इस नाटक ने दर्शकों को राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और प्रेरणा के भाव से ओत-प्रोत किया। मुख्य अतिथि सह प्रांत प्रचारक मनीष ने अपने वक्तव्य में कहा कि संघ का कार्य भारत में निरंतर 100 वर्षों से अविरल प्रवाह के रूप में चल रहा है। यह प्रवाह 'संघ गंगा' के समान है, और जिन नेतृत्वकर्ताओं ने इसे सतत प्रवाहित रखा, वे 'भागीरथ' कहलाते हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रभक्त नागरिक, सामाजिक समरसता और सद्भावना के प्रयासों से संघ ने राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है; इसी दर्शन को जन-जन तक पहुँचाने के लिए नाट्य कला को माध्यम बनाया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संघ चालक सुरेंद्र पाठक ने की। उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष, विशिष्ट अतिथियों एवं आयोजन समिति द्वारा मंच पर विराजमान भारत माता की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। नाट्य मंचन के पश्चात कथक केंद्र जनपद की डायरेक्टर अनुपमा त्रिपाठी (संस्कार भारती) ने गुरुकुलम् कथक



साधना केंद्र जनपद की ओर से नाटक के सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जमुना प्रसाद गुप्त (एडवोकेट), प्रांत सेवा प्रमुख वीरेंद्र चतुर्वेदी, पूर्व सह प्रांत संघ चालक, विभाग प्रचारक ऋतुराज, विभाग कार्यवाह संजय, जिला प्रचारक अनुराग, जिला कार्यवाह श्यामसुंदर, नगर संघ चालक रामनाथ श्रीवास्तव, संस्कार भारती प्रांत महामंत्री सुरेंद्र पांडे, हिंदू जागरण मंच के प्रांत संगठन मंत्री सौरभ,आयोजन समिति के आनंद किशोर लाल गुप्त, धनंजय सिंह,विजय ओमर,आर.सी. योगा, हरि नारायण मिश्र, राजेन्द्र तिवारी 'स्वदेश', चंद्र प्रकाश सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र से भाजपा जिला अध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विनोद जैन, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बलमुकुंद शुक्ला, उत्तम सक्सेना, भाजपा वरिष्ठ नेता ममता मिश्रा, जागृति वर्मा, अखिलेश श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख स्वर्ण सिंह सोनू, समाजसेवी अमित सेठ सहित बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे राष्ट्र प्रेरणा स्थल, सभी तैयारियां पूरी

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और अटल बिहारी वाजपेयी को समर्पित है, राष्ट्र प्रेरणा स्थल
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र नायकों की कांस्य प्रतिमाओं का करेंगे लोकार्पण, 2 लाख से अधिक लोग होंगे साक्षी
- राष्ट्रीय चिन्हों और मालाओं से सजाया गया है राष्ट्र प्रेरणा स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्जन और पार्किंग की पूरी तैयारी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बन कर तैयार भव्य 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह स्थल भारतीय राष्ट्रवाद की त्रयी कहे जाने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं. दीन दयाल उपाध्याय और भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और अमूल्य योगदान को जन-जन तक पहुंचाने का अनुपम प्रयास है। इस संबंध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस पर भव्य उद्घाटन समारोह के लिए भव्य तैयारियां की गई हैं। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों समेत, 2 लाख से अधिक लोग इस अवसर के साक्षी बनेंगे। सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग, ट्रैफिक डायवर्जन के साथ उद्घाटन समारोह और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की भी सभी तैयारियों को मूर्त रूप दिया जा चुका है। प्रदेश की राजधानी प्रधानमंत्री की उपस्थिति में इस ऐतिहासिक क्षण की साक्षी बनेगी। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के भव्य उद्घाटन समारोह के आयोजन के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण और पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। राष्ट्र प्रेरणा स्थल के विशाल प्रांगण में फूलों से कमल की आकृति की रंगोली बनाई जा रही हैं। साथ ही प्रेरणा स्थल की बाहरी दीवारों पर कला संस्कृति विभाग की ओर से राष्ट्रीय सांस्कृतिक चिन्हों का अलंकरण किया गया है। राष्ट्र नायकों की प्रतिमाओं के अनावरण का कार्यक्रम 2 बजे अपराह्न शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से प्रेरणा स्थल पहुंच कर सबसे पहले राष्ट्र नायकों की मूर्तियों के लोकार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। उसके बाद राष्ट्र नायकों के जीवन के प्रेरक प्रसंगों को समर्पित संग्रहालय का उद्घाटन कर, उसका अवलोकन करेंगे। संग्रहालय के ओरिएंटेशन रूम में राष्ट्र नायकों के जीवन पर आधारित वीडियो एवी का प्रदर्शन किया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री जनसंबोधन करेंगे, इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उपस्थित रहेंगे।

### भावी पीढ़ियों में राष्ट्रीयता की भावना का संचार करेगा राष्ट्र प्रेरणा स्थल

लखनऊ के वसंत कुंज में राष्ट्र प्रेरणा स्थल को कमल की आकृति में बनाया गया है। प्रेरणा स्थल में राष्ट्रवाद के शिखर पुरुषों डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पं दीन दयाल उपाध्याय और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 65 फुट ऊंची कांस्य प्रतिमाओं का निर्माण किया गया है। जिनका निर्माण विश्व विख्यात मूर्तिकार राम सुतार और मंटू राम आर्ट क्रिएशंस ने किया है। प्रतिमाओं को फेसेड लाइटिंग और प्रोजेक्शन मैपिंग से सजाया गया है। साथ ही परिसर में राष्ट्र नायकों को समर्पित संग्रहालय का निर्माण भी किया गया है। संग्रहालय की इंटरप्रिटेशन वॉल पर भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के म्यूरल आर्ट से देश की राष्ट्रीयता की यात्रा को दर्शाया गया है। संग्रहालय के कोर्टयार्ड में राष्ट्रीय भावना की प्रतीक भारत माता की प्रतिमा स्थापित की गई है। राष्ट्र नायकों को समर्पित गैलरियां उनके जीवन, विचारधारा और संघर्षों को जीवंत बनाती हैं। साथ ही राष्ट्र प्रेरणा स्थल परिसर में सिंथेटिक ट्रैक, मेडिटेशन सेंटर, विपश्यना केंद्र, योग केंद्र, हेलीपैड और कैफेटेरिया का भी निर्माण किया गया है। इसके अलावा परिसर में 3000 की क्षमता वाले एम्फीथिएटर और लगभग 2 लाख की क्षमता के रैली स्थल का भी निर्माण किया गया है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल न केवल ऐतिहासिक स्मृति का बिंदु है, बल्कि भावी पीढ़ियों में राष्ट्रीयता की भावना का संचार करेगा।

# विधायक अनिल त्रिपाठी का बड़ा बयान 'इतना अपमान पहले कभी नहीं हुआ'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**



उत्तर प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान हुई ब्राह्मण विधायकों की बैठक अब सियासी बहस का बड़ा मुद्दा बन गई है। बैठक में शामिल कई विधायकों ने खुलकर नाराजगी जताई, तो कुछ ने नाम न छापने की शर्त पर तीखी प्रतिक्रिया दी। एक ब्राह्मण विधायक ने कहा कि 'आजादी के बाद ब्राह्मणों का इतना शोषण कभी नहीं हुआ, जितना आज उत्तर प्रदेश में हो रहा है।' बैठक में मौजूद भाजपा विधायक अनिल त्रिपाठी ने भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस देश की स्वतंत्रता संग्राम से लेकर शिक्षा, संस्कृति और विज्ञान तक ब्राह्मणों का योगदान अद्वितीय रहा है। उन्होंने कहा, ब्राह्मण कोई जाति नहीं बल्कि एक वर्ण और विचारधारा है, जिसे बाद में जातिगत खांचे में खड़ा किया गया। त्रिपाठी ने यह भी आरोप लगाया कि आज हर वर्ग में ब्राह्मणों के प्रति अपमानजनक रवैया बढ़ रहा है, जो चिंता का विषय है। वहीं भाजपा के ही विधायक रमेश चंद मिश्रा ने सपा नेता शिवपाल यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी में बचे दो-चार ब्राह्मण भी जल्द भाजपा में आ जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने काशी, अयोध्या, विंध्याचल जैसे सांस्कृतिक धरोहरों को दिव्य-भव्य स्वरूप दिया है और ब्राह्मण सदैव देने वाला समाज रहा है, मांगने वाला नहीं।

ब्राह्मण विधायकों की इस सक्रियता ने सर्द मौसम में उत्तर प्रदेश की सियासत को गर्मा दिया है और संकेत साफ हैं कि मुद्दा अब केवल बैठक तक सीमित नहीं रहने वाला।

# कानून से ऊपर नहीं फाइनेंस कंपनियां

## डीआरटी के आदेश को रौंदा, महिला का घर छीना–दिल्ली हाईकोर्ट सख्त

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

दिल्ली हाईकोर्ट ने देश की वित्तीय व्यवस्था को झकझोर देने वाले एक मामले में दो टूक कहा है कि कानून की अवहेलना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) के स्पष्ट स्थगन आदेश के बावजूद एक महिला के घर पर कब्जा करना न केवल न्यायिक प्रक्रिया की अवमानना है, बल्कि नागरिक अधिकारों पर सीधा हमला भी है। कोर्ट ने महिला को तत्काल उसका घर लौटाने का आदेश देते हुए फाइनेंस कंपनी की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

### स्टे ऑर्डर के दिन ही कब्जा

कोर्ट के समक्ष सामने आया कि जिस दिन डीआरटी ने महिला के पक्ष में स्थगन आदेश पारित किया, उसी दिन फाइनेंस कंपनी ने संपत्ति पर कब्जा कर लिया। हाईकोर्ट ने इसे 'कानून के शासन को ठेंगा दिखाने' जैसा कदम बताया और कहा कि ऐसे मामलों में सख्ती जरूरी है।

### पहले कार्रवाई, फिर अदालत–गलत और खतरनाक परंपरा

हैरानी की बात यह रही कि कब्जा करने के बाद फाइनेंस कंपनी ने महिला के खिलाफ ही हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट की कड़ी टिप्पणी के बाद याचिका वापस ले ली गई। न्यायालय ने इसे कानूनी प्रक्रिया के दुरुपयोग और दबाव बनाने की कोशिश माना।

### क्यों अहम है यह फैसला

- डीआरटी के आदेशों की अवहेलना पर पहली बार इतनी सख्त टिप्पणी
- एनबीएफसी और फाइनेंस कंपनियों की मनमानी पर सीधा प्रहार
- महिला अधिकारों को न्यायिक संरक्षण का स्पष्ट संदेश

### पहले कब्जा, बाद में कोर्ट की प्रवृत्ति पर रोक का संकेत

- आम नागरिक के लिए क्या मायने
- यह फैसला उन लाखों लोगों के लिए उम्मीद है, जो फाइनेंस कंपनियों की दबाव वाली वसूली के शिकार हैं। हाईकोर्ट ने साफ कर दिया है कि–
- स्टे ऑर्डर कागज का टुकड़ा नहीं
- न्यायाधिकरण संवैधानिक संस्था है
- और कानून से ऊपर कोई नहीं

### महिला अधिकारों पर सीधा प्रहार

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि किसी महिला को स्थगन आदेश के बावजूद घर से बेदखल करना सिर्फ आर्थिक विवाद नहीं है। यह उसकी सुरक्षा, सम्मान और सामाजिक स्थिरता से जुड़ा गंभीर विषय है। ऐसी कार्रवाई को बर्दाश्त नहीं किया जा सकता।

### सिस्टम के लिए चेतावनी

हाईकोर्ट के फैसले ने नियामक संस्थाओं और प्रशासन को भी कठघरे में खड़ा कर दिया है। यदि डीआरटी के आदेशों के अनुपालन की सख्त निगरानी नहीं हुई और उल्लंघन पर दंड तय नहीं हुआ, तो ऐसे फैसले सिर्फ मिसाल बनकर रह जाएंगे।

### न्याय मिला, लेकिन सवाल कायम

महिला को उसका घर वापस मिला–यह न्याय की जीत है। लेकिन बड़ा सवाल अब भी कायम है–क्या आम नागरिक वाकई ताकतवर फाइनेंस कंपनियों के सामने सुरक्षित है? दिल्ली हाईकोर्ट ने कानून की सर्वोच्चता साफ कर दी है। अब बारी व्यवस्था की है कि वह इसे ज़मीन पर उतारे।

# सीएचसी के साए में अवैध अल्ट्रासाउंड




- काकोरी–चिलोकी में 'लखनऊ स्कैन' और ब्राइट अल्ट्रासाउंड पर स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी
- पीसीपीएनडीटी कानून की खुलेआम अनदेखी, सीएमओ की भूमिका कटघरे में

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

काकोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से महज 500 मीटर की दूरी पर संचालित 'लखनऊ स्कैन', ब्राइट अल्ट्रासाउंड और आदर्श डायग्नोस्टिक लैब ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था की पोल खोल दी है। अल्ट्रासाउंड, डिजिटल एक्स-रे, पैथोलॉजी और ईसीजी जैसी जांच सेवाएं धड़ल्ले से चलाई जा रही हैं, लेकिन पंजीकरण, वैधानिक अनुमति और पीसीपीएनडीटी एक्ट के अनुपालन को लेकर विभाग पूरी तरह खामोश है। यह चुप्पी अब महज लापरवाही नहीं, बल्कि संरक्षण के गंभीर आरोपों की ओर इशारा कर रही है।

### पीसीपीएनडीटी कानून की खुलेआम धज्जियां

सीएमओ कार्यालय को जानकारी नहीं या जानबूझकर आंखें मूंदीं? पीसीपीएनडीटी एक्ट स्पष्ट करता है कि सीएमओ से पंजीकरण, मान्यता प्राप्त रेडियोलॉजिस्ट, निर्धारित प्रपत्र और जांच रजिस्टर के बिना अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन गंभीर अपराध है। इसके बावजूद काकोरी-चिलोकी क्षेत्र में यह सेंटर वर्षों से निर्बाध रूप से संचालित है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीएमओ कार्यालय को इसकी भनक तक नहीं, या फिर सब कुछ जानते हुए भी मौन साधा गया है?

### कानून तोड़ना अपराध

सिस्टम के भीतर से मिल रही ढाल? पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत अल्ट्रासाउंड मशीन जब्ती सेंटर सील संचालक पर आपराधिक मुकदमा जिम्मेदार अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान है। इसके बावजूद कार्रवाई न होना बताता है कि कहीं न कहीं सिस्टम के भीतर से ही अवैध संचालन को संरक्षण दिया जा रहा है।

### सीधे सवाल–काकोरी में कानून फाइलों में कैद?

क्या काकोरी क्षेत्र में स्वास्थ्य कानून केवल कागजों और फाइलों तक सीमित रह गए हैं या फिर अवैध अल्ट्रासाउंड सेंटरों को मौन संरक्षण देकर कानून को कमजोर किया जा रहा है जनता अब सवाल कर रही है सीएमओ कब जवाब देंगे और कब सख्ती से कानून लागू होगा?

### न निरीक्षण, न नोटिस–कार्रवाई क्यों ठप?

वैध हैं तो दस्तावेज क्यों छिपाए जा रहे? स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सेंटर पूरी तरह वैध है तो पंजीकरण प्रमाणपत्र,रेडियोलॉजिस्ट की मान्यता, पीसीपीएनडीटी रजिस्टर,सार्वजनिक क्यों नहीं किए जाते? और यदि सेंटर अवैध है, तो सीलिंग, मशीन जब्ती और एफआईआर जैसी कार्रवाई अब तक क्यों नहीं हुई न कोई औचक निरीक्षण, न कोई नोटिस–यह स्थिति स्वास्थ्य विभाग की भूमिका को संदिग्ध बना रही है।

### बिना पंजीकरण अल्ट्रासाउंड गैरकानूनी

- मशीन जब्ती और सेंटर सील का प्रावधान
- दोषी पाए जाने पर जेल व जुर्माना
- लापरवाह अधिकारियों पर भी कार्रवाई संभव

### जवाब–तलब

- क्या सेंटर सीएमओ से पंजीकृत है?
- मान्यता प्राप्त रेडियोलॉजिस्ट कौन है?
- अब तक निरीक्षण क्यों नहीं हुआ?
- जिम्मेदार अधिकारियों पर कब कार्रवाई होगी?

# डीपीएस एकेडमी स्कूल इटौंजा में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ जिले के इटौंजा स्थिति विद्यालय डीपीएस एकेडमी इटौंजा में प्रेम क्षमा और करुणा का प्रतीक ईसा मसीह का जन्मोत्सव, क्रिसमस डे बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चे सेंटा की पोशाक में काफी सुंदर व बहुत उत्साहित नजर आए। साथ ही सभी ने कुछ न कुछ सेंटा से उपहार स्वरूप प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक शैल सिंह ने बच्चों को आपसी प्रेम क्षमा और करुणा जैसे भाव को अपने जीवन में सकारात्मक रूप से अपनाने को कहा इस अवसर पर विद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी गरिमा सिंह प्रधानाचार्य मीता चक्रवर्ती के साथ समस्त अध्यापक गढ़ मौजूद रहे।

# सीएम योगी की 'जीरो टॉलरेंस' को खुली चुनौती

## दुबग्गा अवैध निर्माण पर अफसरों का बड़ा खुलासा–'ऊपर से दबाव है, हाथ बंधे हैं'

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी लखनऊ में अवैध निर्माण के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। एलडीए जोन-6, दुबग्गा में चल रहे अवैध कामर्शियल निर्माण को लेकर खुद एलडीए के जिम्मेदार अफसरों ने अनौपचारिक बातचीत में स्वीकार किया है कि–'ऊपर से दबाव है, इसलिए कार्रवाई नहीं हो पा रही।' यह बयान न सिर्फ अवैध निर्माण की पुष्टि करता है, बल्कि यह भी बताता है कि कानून से ऊपर कोई 'ताकतवर सिस्टम' काम कर रहा है।

### निरीक्षण हुआ, लेकिन फाइलें दबा दी गईं

सूत्रों के मुताबिक एलडीए अधिकारियों ने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया निरीक्षण रिपोर्ट तैयार हुई, फोटो भी खींची गई लेकिन उसके बाद फाइल आगे बढ़ने से पहले ही रोक दी गई। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'मामला ऊपर तक जुड़ा है, ज्यादा सख्ती करने को मना किया गया है।' एलडीए के नियमों के अनुसार कामर्शियल निर्माण के लिए स्वीकृत नक्शा अनिवार्य है। सूत्र बताते हैं कि निर्माण स्थल पर कोई वैध स्वीकृति उपलब्ध नहीं, फिर भी बहुमंजिला ढांचा तेजी से खड़ा किया जा रहा है। एक जूनियर अफसर का कहना है अगर आम आदमी होता, तो अब तक सीलिंग हो चुकी होती। अंदरखाने की जानकारी के मुताबिक जोन स्तर पर कार्रवाई की तैयारी हुई, लेकिन ऊपर से 'रुकने' का संदेश आते ही मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। इससे यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या एलडीए अब बिल्डरों के इशारों पर चल रहा है?

### अब सवाल सीधा सत्ता तक

- यह मामला अब सिर्फ अवैध निर्माण का नहीं रहा।
- सवाल यह है ऊपर' कौन है, जो कार्रवाई रोक रहा है?
- क्या राजधानी में कानून ताकतवरों के आगे बौना है?
- क्या सीएम योगी की 'जीरो टॉलरेंस' नीति को अफसर ही पलीता लगा रहे हैं?

### सीएम ऑफिस की चुप्पी या कार्रवाई?

- अब निगाहें सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएम) पर हैं।
- अगर इस खुलासे के बाद भी कार्रवाई नहीं होती, तो यह माना जाएगा कि राजधानी में अवैध निर्माण को मौन सहमति प्राप्त है।



### 'जीरो टॉलरेंस' नीति पर सबसे बड़ा सवाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सार्वजनिक मंचों से लगातार कहते हैं अवैध निर्माण और भ्रष्टाचार पर कोई समझौता नहीं। लेकिन दुबग्गा मामले में अफसरों का यह स्वीकारोक्ति भरा बयान इस नीति को जमीनी स्तर पर कमजोर और बेअसर साबित करता है। स्थानीय लोगों का कहना है की अवैध कामर्शियल बिल्डिंग से ट्रैफिक जाम स्थायी होगा, फायर एनओसी और सेफ्टी मानकों की अनदेखी हो रही है, किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर खामोशी छाई हुई है।

# तालकटोरा पुलिस का करारा वार

## मोबाइल स्नैचिंग का शातिर बदमाश दबोचा, चोरी का मोबाइल बरामद

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

राजधानी में मोबाइल स्नैचिंग करने वालों पर तालकटोरा पुलिस ने करारा प्रहार किया है। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत थाना तालकटोरा पुलिस ने मोबाइल स्नैचिंग के एक शातिर और आदतन अपराधी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया है।

### खिन्नी चौराहे की वारदात का पर्दाफाश

03 मार्च 2025 की रात खिन्नी चौराहे के पास बाइक सवार बदमाशों द्वारा की गई मोबाइल स्नैचिंग की घटना का पुलिस ने सफल अनावरण किया। पीड़ित सुनील कुमार की तहरीर पर दर्ज मुकदमे की विवेचना में पुलिस को अहम सुराग मिले।

### सह–अभियुक्त की गिरफ्तारी से खुली परतें

पहले पकड़े गए आरोपी की पूछताछ में दीपक सिंह का नाम सामने आया। पुलिस ने घेराबंदी कर 23 दिसंबर 2025 को उसे गिरफ्तार कर लिया। 22 वर्षीय दीपक सिंह लखनऊ व हरदोई के विभिन्न थानों में लूट, चोरी और चोरी का माल रखने जैसे दस से अधिक मामलों में वांछित रहा है। इसके बावजूद वह बेखौफ होकर वारदातें कर रहा था रिहायशी इलाकों में करता था मोबाइल स्नैचिंग आरोपी मौका देखकर रिहायशी इलाकों में घूमता और झपटमारी कर फरार हो जाता था।आईएमइआई से पुख्ता पहचान, मोबाइल बरामद पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन बरामद किया, जिसकी पहचान आईएमइआई के आधार पर की गई।

### तालकटोरा पुलिस की मुस्तैदी रंग लाई

प्रभारी निरीक्षक कुलदीप दुबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक परन्तप राय, कांस्टेबल सुमित चौधरी व बलवन्त कुमार की सक्रिय भूमिका रही।

### अपराधियों में दहशत, पुलिस का बढ़ा भरोसा

तालकटोरा पुलिस की इस कार्रवाई से स्नैचिंग गिरोहों में खलबली मची है और आम लोगों में सुरक्षा को लेकर भरोसा मजबूत हुआ है।



# वीर बाल दिवस पर भाजपाईयों ने निकाली प्रभात फेरी, पदाधिकारी समेत कार्यकर्ता हुए शामिल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**




लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र में वीर बाल दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रभात फेरी एयरफोर्स रोड से शुरू होकर विभिन्न मार्गो से होते हुए गुरुद्वारा पर समाप्त हुई।प्रभात फेरी के माध्यम से सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी के साहबजादे बाबा अजीत सिंह बाबा जुझार सिंह बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अदम्य साहस और बलिदान बलिदान की गाथा जन-जन तक पहुंचाई गई, गुरु गोविंद सिंह जी के इन चारों साहबजादों के बलिदान एवं अदम्य साहस आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का केंद्र बिंदु है उनके त्याग और बलिदान से आज के परिदृश्य में हमको यह सीखने को मिलता है कि कठिनाइयों के बावजूद धर्म के मार्ग पर चलना तथा अटल रहना चाहिए। प्रभात फेरी के समापन के बाद उपस्थित लोगों ने गुरुद्वारे में माथा टेका और कीर्तन भजन को सुना प्रभात फेरी में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय अध्यक्ष किसान मोर्चा अरुण सिंह, जिला मीडिया प्रभारी जिला कार्यक्रम संयोजक विवेक सिंह, जिला कार्यक्रम सह संयोजक सरदार नरेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष रवि प्रकाश तिवारी ,मंडल अध्यक्ष संदीप यादव कुलदीप सिंह राजेंद्र लोधी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहें।

# भाजपा में ब्राह्मण युग का अवसान? बैठकों और बयानों के बीच बढ़ी सियासी सरगर्मी

## प्रदेशों में ब्राह्मण चेहरे की कमी पर उठे सवाल, यूपी में अध्यक्ष बदलने से नाराज़गी तेज, भीतरखाने की चर्चा बाहर आने से नेताओं ने साधी चुप्पी

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों एक नए सियासी विमर्श के केंद्र में है क्या भाजपा में ब्राह्मण युग का अंत हो रहा है? पार्टी के किसी भी प्रदेश में ब्राह्मण प्रदेश अध्यक्ष न होने और उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण चेहरा तय होने के बाद भी बदलाव किए जाने को लेकर असंतोष खुलकर सामने आ रहा है। राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा जोरों पर है कि ब्राह्मण समाज अपने प्रतिनिधित्व को लेकर खुद को उपेक्षित महसूस कर रहा है। प्रदेश सरकार में शामिल कई ब्राह्मण मंत्रियों को लेकर यह आरोप लग रहे हैं कि वे 'शोपीस' बनकर रह गए हैं। उनका प्रभाव सीमित है और अधिकारी ही उनकी बात नहीं सुनते। दावा यह भी किया जा रहा है कि वरिष्ठ ब्राह्मण आईएएस-आईपीएस अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिलों की कमान देने में भेदभाव हो रहा है, जबकि दूसरी जातियों के अधिकारियों को प्रमोशन के साथ ही अहम जिम्मेदारियां मिल जा रही हैं। हाल ही में ब्राह्मण विधायकों की बैठक ने सियासी तापमान और बढ़ा दिया। बताया जा रहा है कि इस बैठक में योगी सरकार के समक्ष अपनी बात मजबूती से रखने और ब्राह्मण समाज की अपेक्षाओं को सामने रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। हालांकि, मीडिया के सामने आते ही कई विधायक राजनीति की सामान्य बातें करते दिखे और बैठक की 'अंदरूनी चर्चा' पर चुप्पी साध ली। विपक्ष ने भी मौका साधते हुए भाजपा पर सीधा निशाना साधा है। सपा नेता शिवपाल यादव ने कहा कि भाजपा में ब्राह्मणों का अपमान हो रहा है और यदि वे समाजवादी पार्टी में आते हैं, तो उनका सम्मान सुनिश्चित किया जाएगा। सपा के विधायक संग्राम यादव ने भी आरोप लगाया कि ब्राह्मण विधायकों की बात सरकार में सुनी ही नहीं जा रही, इसी कारण बैठक करनी पड़ी। उधर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इन दावों को हल्के में लेते हुए कहा कि सत्र के दौरान मिल बैठना स्वाभाविक है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यदि ब्राह्मण मतदाता अब 'पार्टी' नहीं बल्कि 'जाति' देखकर मतदान करने लगे, तो भाजपा को नुकसान उठाना पड़ सकता है। अभी तक भाजपा को ब्राह्मणों का बड़ा समर्थक वर्ग माना जाता रहा है, जो आमतौर पर जातिगत समीकरणों से ऊपर उठकर मतदान करता रहा है। आने वाले चुनावी माहौल में यह नाराजगी कितनी गहराती है, यह देखने वाली बात होगी।

# युवक की निर्मम हत्या: धारदार हथियार से जानलेवा हमला, इलाज के दौरान तोड़ा दम

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जिले के मुसाफिरखाना थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडरा ठाकुर गांव में मंगलवार देरात एक युवक पर बदमाशों ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया।गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई।युवक की बेरहमी से हत्या के बाद हालात तनावपूर्ण हो गए।

पोस्टमार्टम के बाद जब युवक का शव घर पहुंचा तो परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा।आक्रोशित लोगों ने मुसाफिरखाना-गौरीगंज मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया।और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग करने लगे।घटना की सूचना मिलते ही पुलिसप्रशासन में हड़कंप मच गया। और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया।पूरा मामला मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पिंडारा ठाकुर गांव का है।मृतक की पहचान 23 वर्षीय रत्नेश मिश्र पुत्र रामशेष के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि किसी विवाद के चलते धारदार हथियार से उस पर हमला किया गया,जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे इलाज के लिए सुलतानपुर जिला अस्पताल लेकर पहुंचे,जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार शाम करीब चार बजे पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन से उग्र हो गया। परिजन और ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया।देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर जमा हो गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय थाना पुलिस के साथ अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।तथा कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिशें दी जा रही हैं।फिलहाल क्षेत्र में तनावपूर्ण शांति बनी हुई है।पुलिस प्रशासन का दावा है,कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं परिजन और ग्रामीण न्याय मिलने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दे रहे हैं।

## सशस्त्र सीमा बल द्वारा किया गया निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी द्वारा बुधवार को सीमावर्ती क्षेत्रों में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को सशस्त्र सीमा बल 50 वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार के निर्देशन में नगारिक कल्याण कार्यक्रम अन्तर्गत नि:शुल्क OPD पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन सी समवाय बढ़नी के अंतर्गत ग्राम घरूवार में डॉ. चंदन तालुकदार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी (एस.जी.) क्षेत्रक मुख्यालय गोरखपुर और संजय के.पी. समवाय प्रभारी बढ़नी, मुख्य आरक्षी पशुचिकित्सा मुकेश कुमार सैनी, मुख्य आरक्षी पशुचिकित्सा राहुल कुमार एवं आरक्षी पशुचिकित्सा अवध किशोर के उपस्थिति में किया गया। शिविर में 18 सीमावर्ती लोगों के 76 जानवरों का नि:शुल्क ईलाज तथा जांच किया गया।

# चिलौली ग्राम सभा में नहर कटाव से बढ़ा संकट पुल के किनारे पक्के निर्माण की उठी मांग

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद में विकास खण्ड सिंहपुर क्षेत्र के चिलौली ग्राम सभा के अंतर्गत ग्राम पूरे जय लाल दुबे,इन्हौना क्षेत्र में स्थित नहर में लगातार हो रहे कटाव ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है।नहर पर बने पुल के समीप किनारे की मिट्टी तेजी से कट रही है, जिससे पुल और आसपास की जमीन को नुकसान पहुंचने का खतरा बना हुआ है।ग्रामीणों ने बताया कि कटाव रोकने के लिए पहले दो बार बोरी और बांस लगाकर अस्थायी मरम्मत कराई गई थी,लेकिन नहर में पानी आते ही तेज बहाव के कारण ये उपाय पूरी तरह नाकाम साबित हुए।पानी के दबाव से मिट्टी फिर से कटने लगी,जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है।स्थानीय लोगों ने एक स्वर में मांग की है कि पुल से सटे प्रभावित हिस्से में कुछ दूरी तक पक्का और मजबूत निर्माण कराया जाए।उनका कहना है कि यदि समय रहते स्थायी समाधान नहीं किया गया,तो भविष्य में पुल की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग और जिला प्रशासन से मांग की है कि नहर के पुल के दोनों ओर या कटाव प्रभावित हिस्से में शीघ्र पक्का निर्माण कराया जाए,ताकि नहर के तेज बहाव से होने वाले नुकसान को रोका जा सके और किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

# क्रांतिकारी विचार मंच ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री का पुतला दहन कर जताया विरोध

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



जनपद बलरामपुर में बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे भीषण अत्याचार के विरोध में बुधवार को क्रांतिकारी विचार मंच के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने वीर विनय चौराहे पर बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस के पुतले का विरोध स्वरूप पुतला दहन किया और नारेबाजी करते हुए आक्रोश जताया।

क्रांतिकारी विचार मंच के महामंत्री डॉ तुलसीष दुबे ने 24 दिसंबर को पुतला दहन के बाद कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश को भारत देश ने आजाद कराया, बांग्लादेश में रह रहे हिंदू समुदाय के लोगों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। वहां धार्मिक स्थलों और आम नागरिकों पर हमलों की खबरें सामने आ रही हैं, जो चिंता का विषय हैं ।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने और पीड़ितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को इस मामले में कूटनीतिक स्तर पर हस्तक्षेप कर बांग्लादेश सरकार से हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित कराने की पहल करनी चाहिए। साथ ही, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग भी की गई।

क्रांति विचार मंच के अध्यक्ष जय प्रकाश सिंह ने बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार पर भारत के प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप करने और उनके सुरक्षा की मांग की है। डॉ राकेश चंद्रा ने कहा कि बांग्लादेश को 1971 में जन्म दे सकते है अगर हिंदूओ पर अत्याचार होता रहा तो भारत देश के लोग बांग्लादेश को खत्म भी कर सकते है। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर हिंदुओं की सुरक्षा की मांग की है और कहा कि बांग्लादेश नहीं सुधरता है बांग्लादेश को गंभीर परिमाण भुगतने होंगे। उमेश मणि दीक्षित ने कहा कि बांग्लादेश के पीएम नोबेल पुरस्कार पाने वाले नेता हैं उसके बाद भी हिंदुओं के साथ अत्याचार कर रहे हैं इसकी भर्त्सना होनी चाहिए है। इस दौरान हनुमानगढ़ी मंदिर प्रांगण में दीपू दास आत्मा की शांति के लिए हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इस दौरान बाबू राजेंद्र सिंह, राम नरेश त्रिपाठी, हरिवंश सिंह, सेतु बंधु त्रिपाठी, इंदु भूषण जायसवाल, यदुनंदन मिश्रा, डॉ के के सिंह, कमलेश त्रिपाठी, अम्बरीष शुक्ला, आनंद किशोर गुप्ता,भानु प्रकाश, निशांत चौहान, रजत पाण्डेय, योगेश त्रिपाठी शामिल हुए।

## एबीवीपी ने बंगलादेश सरकार पुतला दहन कर जताया विरोध

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बलरामपुर द्वारा बुधवार शाम बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन किया गया। जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश के अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद युनुस और बांग्लादेश मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए बांग्लादेश सरकार का पुतला दहन कर हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार का कड़ा विरोध किया है। नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय ने कहा कि पिछले एक वर्ष से बांग्लादेश सरकार के इशारे पर वहां के हिंदू समाज के लोगों पर हमले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को सड़कों पर जिंदा जलाया जा रहा है, निर्वस्त्र कर पीटा जा रहा है और महिलाओं के साथ अभद्रता की जा रही है। इस दौरान नगर मंत्री कीर्ति उपाध्याय, शिवम दुबे, विशाल, अनुभव, आनंद, अजीत अंबुज भार्गव आदि अभाविप कार्यकर्ता उपस्थित रहे। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने भारत सरकार से बांग्लादेश के खिलाफ ठोस निर्णय लेने की मांग की है।

# सभासदों ने नगर पालिका कार्यालय गेट पर लगाया ताला

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**




जनपद बलरामपुर के सभी नगर पालिका तथा नगर पंचायतों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। जिला मुख्यालय की आदर्श नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान को लेकर सभासदों में आक्रोश व्याप्त है। ईओ के अड़ियल रवैये के कारण आक्रोशित सभासदों ने मंगलवार को नगर पालिका कार्यालय गेट पर ताला लगाकर धरने पर बैठ गए । धरने पर बैठे सभासदों ने अतिक्रमण हटाओ अभियान में नगर पालिका परिषद प्रशासन पर मनमाना रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। नगर पालिका कार्यालय गेट पर ताला लगाए जाने की खबर सुनने के बाद मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने आंदोलन को समाप्त करने के लिए आधे घंटे तक सभासदों को समझाया बुझाया। बावजूद इसके सभासद आंदोलन समाप्त करने पर तैयार नहीं हुए । सभासदों का कहना है कि लगभग एक पखवारे से नगर क्षेत्र में प्रमुख मार्गो पर अतिक्रमण हटाओ अभियान प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन व पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में मार्गो पर किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर हटाया जा रहा है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान नगर पालिका प्रशासन व लोगों में कहा-सुनी भी होती रहती है। मंगलवार को नगर पालिका प्रशासन ने सब्जी मंडी वार्ड में अतिक्रमण हटाने का कार्य शुरू किया। इस दौरान मोहल्ले वासी एकत्रित हुए। मोहल्ले वासियों ने नगर पालिका प्रशासन पर मनमाने ढंग से लोगों के घरों को तोड़ने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे सभासद आनंद गुप्ता ने ईओ लालचंद मौर्या से कहा कि जब चार-पांच दिन पहले एक बार इस क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया जा चुका है तो दोबारा यहां पर फिर से क्यों अतिक्रमण हटाया जा रहा है । उन्होंने यह भी कहा कि नालों पर किए गए आबादी अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर हटवा दिया गया है नाले के पीछे जिन लोगों के मकान बने हुए हैं अब उन लोगों के पास अपने घरों में जाने के लिए रास्ता तक नहीं बचा है ऐसे में नगर पालिका प्रशासन को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए मनमाने ढंग से चलाए जा रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। सभासदों ने ईओ पर आरोप लगाते हुए कहा की ईओ ने उन्हें पहचानने से ही इनकार कर दिया और कोतवाली नगर की पुलिस को बुलाकर वहां से सभासद को जबरन हटवा दिया। सभासद ने ईओ पर मनमाने ढंग से अड़ियल रवैया अपनाते हुए नगर वासियों के घरों व मकान को तोड़ने का आरोप लगाया है । अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका के तानाशाह रवैये व अतिक्रमण हटाओ अभियान में मनमानी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार अपराह्न दर्जनों सभासद नगर पालिका कार्यालय पहुंचे। सभासदों ने कार्यालय गेट पर ताला लगा दिया और नगर पालिका प्रशासन एवं ईओ के खिलाफ जमकर नारेबाजी शुरू कर दी। सभासदों ने आरोप लगाया कि ईओ लालचंद मौर्या जानबूझकर लोगों के मकानों को ध्वस्त करने पर आमादा है। जिन स्थानों पर एक सप्ताह पूर्व अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है उसी स्थान पर जानबूझकर दोबारा लोगों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से अतिक्रमण हटा रहे हैं। सभासदों ने कहा की आम जनता की बात तो दूर जब सभासदों की बात भी ईओ नहीं सुन रहे हैं । बस स्टेशन वार्ड के सभासद राघवेंद्रकांत सिंह मंटू ने कहा कि अधिशासी अधिकारी का व्यवहार सभासदों व आम जनता के प्रति कतई ठीक नहीं है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। टेढ़ी बाजार मोहल्ले के

# बीएसए कार्यालय के निरीक्षण पर पहुंचे डीएम, कार्यप्रणाली सुधारने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**



बुधवार को जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) कार्यालय के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संपूर्ण कार्यालय का जायजा लिया और जरूरी निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यालय के विभिन्न पटलों पर संचालित कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। पत्रावलियों की क्रमबद्ध नंबरिंग, फाइलों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं अद्यतन अभिलेख संधारण को लेकर उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि अभिलेखों का सुव्यवस्थित रखरखाव न केवल प्रशासनिक पारदर्शिता सुनिश्चित करता है, बल्कि आम जनमानस एवं कर्मचारियों से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण में भी सहायक होता है।

निरीक्षण के समय जिलाधिकारी ने शिक्षकों से संबंधित लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए निर्देश दिए कि अध्यापकों के जीपीएफ/प्रोविडेंट फंड, वेतन, पेंशन सहित अन्य सभी देयकों का भुगतान समय से अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए। साथ ही मृतक आश्रित प्रकरणों को मानवीय दृष्टिकोण से प्राथमिकता पर लेते हुए शीघ्र कार्रवाई कर उनका त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बीएसए कार्यालय की भौतिक स्थिति का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यालय भवन की रंगाई-पुताई कराने तथा परिसर के समग्र सौंदर्यीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुव्यवस्थित एवं सौंदर्यपूर्ण कार्यस्थल से कार्यक्षमता में वृद्धि होती है तथा आगंतुकों को भी सकारात्मक अनुभव प्राप्त होता है।

### राजकीय पुस्तकालय को लेकर डीएम का विशेष फोकस

निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने बीएसए कार्यालय परिसर में स्थित राजकीय पुस्तकालय का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय की वर्तमान स्थिति, उपलब्ध संसाधनों एवं विद्यार्थियों को दी जा रही सुविधाओं का अवलोकन किया।जिलाधिकारी ने राजकीय पुस्तकालय के उन्नयन एवं आधुनिकीकरण पर विशेष जोर देते हुए निर्देश दिया कि पुस्तकालय को स्टेट ऑफ द आर्ट स्वरूप में विकसित किया जाए। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय में 100 से अधिक विद्यार्थियों के एक साथ बैठकर अध्ययन करने की समुचित व्यवस्था विकसित की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए नि:शुल्क वाई-फाई सुविधा, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ एवं शांत अध्ययन वातावरण तथा आवश्यक फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि राजकीय पुस्तकालय केवल पुस्तकों तक सीमित न होकर विद्यार्थियों के समग्र बौद्धिक विकास का केंद्र बने, इसके लिए आधुनिक संदर्भ सामग्री, प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकों एवं डिजिटल संसाधनों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश भी दिए।

## डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया क्रिसमस डे का पर्व

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में बुधवार को क्रिसमस डे का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

जानकारी के अनुसार 23 दिसंबर को सेंट जेवियर्स डिज्नी वर्ल्ड स्कूल में क्रिसमस डे का पर्व हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई । सर्वप्रथम प्रार्थना सभा में स्कूल के प्रबंधक सुयश कुमार ने बच्चों को प्रभु यीशु मसीह के जीवन और उनके संदेशों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम सभी को हमेशा सच्चाई के मार्ग पर अग्रसर रहना चाहिए। विद्यार्थियों द्वारा क्रिसमस कैरोल गीत, नृत्य एवं लघु नाटिका प्रस्तुत की गई, जिन्हें सभी ने खूब सराहा। विद्यालय को रंग-बिरंगी सजावट, क्रिसमस ट्री, सितारों और गुब्बारों से सजाया गया। सांता क्लॉज़ की वेशभूषा में आए विद्यार्थियों ने बच्चों को मिठाइयां और उपहार वितरित किए, जिससे बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# पोषण एवं स्वच्छता कार्यक्रम के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के विकासखंड श्रीदत्तगंज में स्थापित कुबेरमती पाण्डेय मेमोरियल इंटर कॉलेज में बुधवार को उत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा पोषण एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर को कुबेरमती पाण्डेय मेमोरियल इंटर कॉलेज, श्रीदत्तगंज में उत्कर्ष फाउंडेशन के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए न्यूट्रीशन सामग्री एवं सेनेटरी पैड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो. जेपी पांडे, प्राचार्य एमएलके पीजी कॉलेज, बलरामपुर रहे । विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. श्रीप्रकाश मिश्रा, उपाध्यक्ष उत्कर्ष फाउंडेशन तथा पम्मी पांडेय, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद मिश्रा, प्रधानाचार्य कुबेरमती पांडेय इंटर कॉलेज ने की।

उत्कर्ष फाउंडेशन के सचिव डॉ. रामानंद तिवारी ने अपने उद्बोधन में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के संयोजक मोहनीश पाठक ने सभी अतिथियों का अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्य अतिथि प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार एवं स्वच्छता अत्यंत आवश्यक है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। विशिष्ट अतिथि प्रो. प्रकाश मिश्रा ने उत्कर्ष फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यों की सराहना की। पम्मी पांडेय ने किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने तथा किसी भी प्रकार की झिझक न रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय ने किया।

इस अवसर पर राजकुमार, दीपा व अवनींद्र कुमार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं को सेनेटरी पैड तथा विद्यार्थियों को पोषण सामग्री वितरित की गई। विद्यालय प्रशासन ने उत्कर्ष फाउंडेशन के इस सामाजिक एवं जनकल्याणकारी प्रयास की प्रशंसा किया।

# भागवत कथा सुनने से कट जाते हैं जन्म-जन्मांतर के पाप: आचार्य रमाकांत

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

शहर के प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ मनीष मिश्रा द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिन अमर कथा और शुकदेवजी के जन्म के वृतांत का विस्तार से वर्णन किया गया। कथा वाचक आचार्य रमाकांत महराज ने कथा की शुरुआत करते हुए कहा कि आप सब पर ठाकुर जी की कृपा है। जिसकी वजह से आप आज कथा का आनंद ले रहे है। श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कर पा रहें हैं क्योंकि जिन्हें गोविन्द प्रदान करते है, जितना प्रदान करते है, उसे उतना ही मिलता है। अगर आप भागवत कथा सुनकर कुछ पाना चाहते हैं, कुछ सीखना चाहते है तो कथा में प्यासे बन कर आए, कुछ सीखने के उद्देश्य से, कुछ पाने के उद्देश्य से आएं, तो ये भागवत कथा जरूर आपको कुछ नहीं बल्कि बहुत कुछ देगी।

शहर के जेल रोड स्थित शांति नगर में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ सोमवार को कलश यात्रा से हुआ। मंगलवार को कथा के दूसरे दिन कथा व्यास आचार्य रमाकांत महराज ने कहा कि मनुष्य जीवन विषय वस्तु को भोगने के लिए नहीं मिला है, लेकिन आज का मानव भगवान की भक्ति को छोड़ विषय वस्तु को भोगने में लगा हुआ है। उसका सारा ध्यान संसारिक विषयों को भोगने में ही लगा हुआ है। मानव जीवन का उद्देश्य कृष्ण प्राप्ति शाश्वत है। उन्होंने कहा कि हमारे जीवन का उद्देश्य कृष्ण को पाकर ही जीवन छोड़ना है और अगर हम ये दृढ़ निश्चय कर लेंगे कि हमें जीवन में कृष्ण को पाना ही है तो हमारे लिए इससे प्रभु से बढ़कर कोई और सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। भगवत कथा के समय स्वयं श्रीकृष्ण आपसे मिलने आए हैं। जो भी इस भागवत के तट पर आकर विराजमान हो जाता है, भागवत उसका सदैव कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि बिना जाति और बिना मजहब देखे इनसे आप जो मांगे ये आपको वो मनवांछित फल देती है और अगर कोई कुछ न मांगे तो उसे मोक्ष परियन्त तक की यात्रा कराती है।कथा व्यास ने कहा कि भागवत कथा श्रवण मात्र से पाप से मुक्ति मिलती। जिस स्थान पर कथा होती है वहां भगवान विराजमान होते हैं। भगवन नाम के जाप से सारे विपत्ति नाश हो जाते हैं। इस जगत में भगवत कृपा के बिना कुछ भी संभव नहीं है। मनुष्य को समाज में अच्छे काम करना चाहिए।

भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है की कर्म ही प्रधान है, बिना कर्म कुछ संभव नहीं होता है, जो मनुष्य अच्छा व सत्कर्म करता है उसे अच्छा फल मिलता है व बुरे कर्म करने वाले को हमेशा बुरा फल मिलता है। भागवत कथा एक ऐसा अमृत है कि इसका जितना भी पान किया जाए आत्मा तृप्ति नहीं होती है। इस दौरान दामोदर तिवारी के भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कार्यक्रम में सिविल कोर्ट के दर्जनों वरिष्ठित अधिवक्ताओं का सम्मान कथा के यजमान और उनके भाई एडवोकेट अमित मिश्रा **मयंक** के द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति फेज-05 के तहत टॉक शो विद आडियल्स कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशानुसार जनपद में चलाये जा रहें अभियान ''मिशन शक्ति फेज 5.0'' के तहत विकास भवन स्थित महात्मा गांधी सभागार में महिला कल्याण विभाग द्वारा टॉक शो विद आडियल्स कार्यक्रम का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सविता सिंह, उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 द्वारा बालिकाओं के साथ चर्चा कर उनको आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही अपने अनुभवों को बालिकाओं के साथ साझा किया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी द्वारा बालिकाओं को अपने अनुभवो के साथ साथ अपने विभाग की योजना मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग योजना की जानकारी प्रदान की जिसके अंतर्गत अभ्युदय पोर्टल सिविल सेवाओं और प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों के लिये एक नि:शुल्क माध्यम है। जिसके अन्तर्गत गरीब बच्चों को मुफ्त में यू0पी0एस0सी, सी0डी0एस0 और नीट समेत अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराया जाता है। जिला जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा के द्वारा महिला कल्याण विभाग के समस्त योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार पर गरजे हिंदू संगठन, पुतला फूंका

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आज विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल के लोग सड़कों पर उतर आए। बड़ी संख्या में एकत्रित लोगों ने शहर के डिग्री चौराहे पर आकर बांग्लादेश का पुतला फूंका। जमकर नारेबाजी की। केंद्र सरकार से भारत में रहने वाले बांग्लादेश वासियों को देश से निकालते हुए बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने और वहां के हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की। इस अवसर पर प्रान्त सहमंत्री विवेक सिंह ने कहा कि दीपचंद्र दास की की गई निर्मम हत्या से पूरे देश का हिन्दू समाज उद्वेलित है। बांग्लादेश में हिंदुओं का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्योंकि वहां पर लगातार हिन्दुओं की निर्मम हत्याएं की जा रही हैं महिलाओं के साथ बलात्कार किया जा रहा है व हमारे धार्मिक स्थल तोड़े जा रहे हैं।

विहिप जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि हिन्दुओं को कमजोर समझने की ऐसी जिहादी भूल न करें। इनकी ही कायराना हरकतों की वजह से बंगाल में लगातार हिंदू पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं। जिला संयोजक विनोद मौर्या ने कहा कि हमारे बजरंग दल के कार्यकर्ता शस्त्र और शास्त्र दोनों की परिभाषा जानते है। हिन्दुओं व अपने धर्म की रक्षा के लिए हम सभी वचनबद्ध है हम भारत देश में रहने वाले कट्टरपंथी जिहादियों को भी अगाह करते हैं यहां ऐसी हरकते करने की सोचे भी ना। नही तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस अवसर पर जिला मंत्री धनंजय पाण्डेय, प्रांत के विशेष संपर्क प्रमुख हरिश्चंद्र शर्मा, सह धर्माचार्य संपर्क प्रमुख दिनेश लोधी, जिला कार्याध्यक्ष महेश विश्वकर्मा, विभाग सेवा प्रमुख गया प्रसाद शुक्ला, विभाग संयोजक रमाशंकर त्रिपाठी, विभाग सह संयोजक पंकज मिश्रा, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी ऐश्वर्या मिश्रा, नगर कार्याध्यक्ष अतुलित बाजपेयी, जिला सह संयोजिका मात्र शक्ति कृष्णाजी, जिला सह मंत्री सनोरंजन, संतोष सोनी, जिला सह संयोजक राजू रावत, जिला धर्म प्रसार प्रमुख सुरेश सिंह, बछरांवा संयोजक अंशू पाल, डीह संयोजक रवि सिंह सतांवअध्यक्ष प्रेशंकर शुक्ला, दीप सिंह, समरसता प्रमुख ललित पाण्डेय, राम करण पाल, पूर्व जिला मंत्री केके तिवारी, हिमांशु यादव, अंकित, अतीत, आदर्श मिश्रा, निखिल सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गड्ढो में तब्दील सड़क को लेकर ग्रामीणों ने सांसद के.एल. शर्मा को दिया ज्ञापन

**रायबरेली।** डलमऊ तहसील के कुण्डवल ग्राम सभा सहित आस-पास के तमाम गांव के नागरिकों ने जोरदार प्रदर्शन करते हुए भूएमऊ स्थित सांसद राहुल गांधी के आवास पर अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा को मांग-पत्र सौंपा। दिए गए मांग-पत्र में लिखा गया है कि सरेनी विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत लालगंज से रायबरेली मार्ग निकला है, जो कठगर होते हुए डलमऊ-फतेहपुर रोड पर जाकर मिला है, इस मार्ग से कुड़वल, बदई का पुरवा, बलापुर, भीरा गोविन्दपुर, नरपतगंज, तेरुखा, देवन्रा, सीतारामपुर, मछियानारी, केसरूवा, हजियापुर, भोला का पुरवा, बैजू का पुरवा, कालू का पुरवा, रंजीतपुर लोनारी, सांडबरा सहित लगभग दो दर्जन गांवों के 20 हजार से अधिक लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता है, मार्ग बदहाल होने के कारण प्राय: अप्रिय घटनायें घटित होती रहती हैं। ग्रामीणों ने कहा कि इसी मार्ग से छोटे-छोटे बच्चे शिक्षा ग्रहण करने सम्बन्धित विद्यालयों में ई-रिक्शा, साइकिल एवं पैदल जाते हैं, जिस कारण उनकी भी सुरक्षा का भय अभिभावकों को प्राय: बना रहता है। बरसात के मौसम में सड़क में पानी भर जाता है।

# जान्हवी कपूर

## और टाइगर श्रॉफ की 'लग जा गले' पर मिला बड़ा अपडेट, ऐसे होगी फिल्म की शूटिंग






जान्हवी कपूर और लक्ष्य लालवानी धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही एक्शन फिल्म में साथ नजर आने वाले हैं, जिसका टेंटेटिव टाइटल 'लग जा गले' है. फिल्म में लक्ष्य हीरो हैं और जान्हवी उनकी हीरोइन, लेकिन एक नाम जो बिल्कुल अलग है वो है टाइगर श्रॉफ का. वो इस फिल्म में विलेन बनने वाले हैं, जिसने उनके फैन्स के बीच इस फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है. इस फिल्म की शूटिंग पिछले हफ्ते शुरू हो गई है. अब सोर्स से पता चला है कि राज मेहता के डायरेक्शन वाली इस फिल्म की शूटिंग जोरों से चल रही है और इसका प्रोडक्शन तीन महीने के शेड्यूल में प्लान किया गया है.

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो 'लग जा गले' की शूटिंग दिसंबर 2025 से मार्च 2026 तक, मुंबई में होगी. फिल्म एक्टर्स ने राज मेहता को ब्लॉक डेट्स दी हैं, जो मार्च के आखिर तक फिल्म को पूरा करना चाहते हैं. मेकर्स चाहते हैं कि फिल्म को 2026 में रिलीज के लिए तैयार कर दिया जाए.

**कब रिलीज होगी 'लग जा गले'?**

'लग जा गले' पूरी तरह से एक्शन फिल्म है, जिसमें तीन लीड किरदारों के बीच काफी ड्रामा होगा. लक्ष्य और टाइगर, जो दोनों इस जॉनर में माहिर हैं, उनके बीच एक्शन सीक्वेंस को फिल्म का सेंटर ऑफ अट्रेक्शन माना जा रहा है. दोनों ही बेहतरीन एक्शन स्टार्स हैं. फिल्म एक रिवेंज ड्रामा थ्रिलर हो सकती है. अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक रहा, तो फिल्म 2026 के दूसरे हाफ तक थिएटर्स में आ सकती है.

**करण जौहर कर रहे प्रोड्यूस**

धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बन रही 'लग जा गले' को पहले करण जौहर डायरेक्ट करने वाले थे, जिन्होंने 2022 में अपने 50वें जन्मदिन पर इसकी अनाउंसमेंट की थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना मन बदल लिया और अब वो इसे प्रोड्यूस कर रहे हैं.

**जान्हवी, टाइगर और लक्ष्य वर्कफ्रंट**

वर्कफ्रंट की बात करें तो लक्ष्य लालवानी आखिरी बार सीरीज 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड' में नजर आए थे. अब एक्टर के पास 'लग जा गले', 'चांद मेरा दिल' और 'दोस्ताना 2' भी है. ये तीनों ही फिल्में करण जौहर प्रोड्यूस कर रहे हैं. वहीं, जान्हवी कपूर राम चरण के साथ फिल्म 'पेड्डी' में दिखाई देंगी. ये फिल्म 27 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इसके अलावा टाइगर 'रेंबो' और 'स्क्रू ढीला' में नजर आएंगे.

## 'वो समय याद आ गया जब...' धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' देख इमोशनल हुए

# अमिताभ बच्चन



बॉलीवुड सुपरस्टार अमिताभ बच्चन अक्सर ही बॉलीवुड सेलेब्स और बॉलीवुड फिल्मों को लेकर सोशल मीडिया या अपने ब्लॉग पर बातें करते रहते हैं. वहीं जब मौका है उनके नाती अगस्त्य नंदा की पहली और दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म 'इक्कीस' का तो, इस पर बोलने से भला बिग बी पीछे कैसे रह सकते हैं? जल्द रिलीज होने जा रही इस फिल्म को अमिताभ बच्चन ने देखने के बाद अपने ब्लॉग में इसका रिव्यू दिया है.

फिल्म इक्कीस पहले 25 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर' के तूफान को देखने के बाद मेकर्स ने इसे फिर 1 जनवरी 2026 को रिलीज करने का फैसला लिया था. इसमें अमिताभ के नाती अगस्त्य नंदा सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल के किरदार में हैं, वहीं धर्मेंद्र ने उनके पिता का किरदार निभाया है. बिग बी ने ये फिल्म देखने के बाद उस वक्त को याद किया जब अगस्त्य नंदा का जन्म होने वाला था.




**नाती संग मजबूत है अमिताभ का रिश्ता**

अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग में लिखा, इमोशंस का फ्लो हो रहा है. आज रात जब नाती को फिल्म 'इक्कीस' में चमकते देखा. जब उनकी मां श्वेता को लेबर पेन के बाद ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल ले जाया गया था, फिर उसका जन्मज कुछ घंटों बाद उसे गोद में लेकर हम ये डिस्कस कर रहे थे क्या उसकी आंखें ब्लू हैं, वो पल जब वो थोड़ा बड़ा हुआ, उसे अपनी बांहों में लेना और उसका मेरी दाढ़ी से खेलना, फिर बड़े होने पर एक्टर बनने का फैसला और आज स्क्रीन पर उसे देखना, जहां फिल्म के सीन्स से नजरें नहीं हट रही थीं.

**'आप सिर्फ अगस्त्य को देखते रह जाते हैं'**

बिग बी ने आगे बताया कि वो फिल्म का रिव्यू एक नाना के रूप में नहीं, बल्कि एक सिनेमा प्रेमी के रूप में कर रहे हैं. उन्होंने आगे अगस्त्य की एक्टिंग की तारीफ करते हुए कहा, अगस्त्य की मैच्योरिटी, किरदार को लेकर बिना फिल्टर किए दिखाई गई ईमानदारी, कोई बनावटीपन नहीं, बस 1971 के भारत-पाक युद्ध में 21 साल के बहादुर सिपाही अरुण खेत्रपालज हर शॉट में परफेक्शनज जब वो स्क्रीन पर आते हैं, आप सिर्फ अगस्त्य को ही देखते रह जाते हैं. ये एक नाना नहीं, सिनेमा प्रेमी बोल रहा है.

**अक्षय कुमार की भांजी भी कर रहीं डेब्यू**

अमिताभ बच्चन ने आगे फिल्म की स्क्रिप्ट और डायरेक्शन को भी सराहा. इक्कीस से न सिर्फ अमिताभ के नाती अगस्त्य डेब्यू कर रहे हैं, बल्कि इसके जरिए अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया भी हिंदी सिनेमा में अपने कदम रखने जा रही हैं.

## कौन हैं मशहूर एडवोकेट सना रईस खान? जो हैंडल कर रही हैं कुमार सानू का केस?




मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर कुमार सानू ने हाल ही में अपने लीगल काउंसल एडवोकेट सना रईस खान के जरिए अपनी पूर्व पत्नी के खिलाफ 50 करोड़ का मानहानि का मुकदमा दायर किया है. उन्होंने आरोप लगाया है कि उनके खिलाफ दिए गए गलत बयानों से उन्हें और उनकी इमेज को गंभीर नुकसान हुआ है. कुमार सानू ने ये मुकदमा बॉम्बे हाइकोर्ट में दर्ज करवाया है. शिकायत के मुताबिक, कुमार सानू का दावा है कि रीता भट्टाचार्य के बयानों से उनकी इमेज, गुडविल और प्रोफेशनल लाइफ को काफी नुकसान पहुंचाया है, जिसे उन्होंने म्यूजिक इंटस्ट्री में बड़ी मेहनत से बनाया है. दर्ज किए गए मुकदमे में ये भी कहा गया है कि इन आरोपों से उन्हें मानसिक परेशानी हुई है और उनकी पब्लिक इमेज पर भी बुरा असर पड़ा है. कुमार सानू के इस केस से एडवोकेट सना रईस खान चर्चा में आ गई हैं. इसी बीच आइए हम आपको सना रईस खान के बारे में बताते हैं.

**कुमार सानू की एडवोकेट का बयान**

कुमार सानू की ओर से सना ने जो याचिका दायर की है उसमें कहा गया है कि सानू की एक्स वाइफ रीता भट्टाचार्य ने सिंगर के खिलाफ जो भी टिप्पणियां कीं, वो सभी झूठी, दुर्भावनापूर्ण और बिना किसी सबूत के थीं. इनसे सिंगर को पर्सनल और प्रोफेशनल दोनों तरह से परेशानी का सामना करना पड़ा है. साथ ही वो मानसिक तौर पर भी काफी परेशान हुए हैं.

**कौन हैं सना रईस खान?**

बॉम्बे हाइकोर्ट की पॉपुलर एडवोकेट सना रईस खान बिग बॉस 17 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ चुकी हैं. कुमार सानू के केस से पहले वो फिल्म इंडस्ट्री के कई बड़े केस संभाल चुकी हैं. बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान का केस भी उन्होंने ही संभाला था.

वहीं, एक्ट्रेस रुपाली गांगुली की सौतेली बेटी ईशा वर्मा के खिलाफ मानहानि केस भी उन्होंने रुपाली की तरफ से लड़ा था. इसके अलावा, 2015 में उन्होंने शीना बोरा हत्याकांड के मामले में लीड सस्पेक्ट इंद्राणी मुखर्जी की तरफ से केस लड़ा था.

## कृति सेनन के घर बजेगी शहनाई...बहन नूपुर सिंगर स्टेबिन बेन संग इस दिन लेंगी सात फेरे




बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन के घर अगले महीने शहनाइयां बजने वाली हैं. लेकिन शादी कृति की नहीं, बल्कि उनकी बहन नूपुर सेनन की होने वाली है. नूपुर काफी लंबे समय से फेमस सिंगर स्टेबिन बेन को डेट कर रही थीं. डेटिंग के बाद अब दोनों शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं. नूपुर सेनन और स्टेबिन बेन अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक शानदार पेलेस में शादी करेंगे.कृति सेनन की बहन नूपुर नए साल में शादी करेंगी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूपुर और स्टेबिन बेन अगले साल जनवरी में उदयपुर में शादी करने वाले हैं. राजस्थान में होने वाले फंक्शन के बाद मुंबई में कपल के दोस्तों और इंडस्ट्री के लोगों के लिए एक अलग रिसेप्शन प्लान किया गया है.

**इस दिन होगी नूपुर और स्टेबिन की शादी**

स्टार कपल नूपुर सैनन और स्टेबिन बेन ने अपनी शादी की तारीख पक्की कर ली है. सोर्स के मुताबिक, पहले जो तारीख बताई जा रही थी, वो सही नहीं थी. अब फैमिली ने 11 जनवरी को शादी का दिन तय किया है और शादी का ये इवेंट तीन दिनों तक चलेगा. उदयपुर में शादी की रस्में 8 और 9 जनवरी, 2026 से शुरू होंगी.

**मुंबई में होगा ग्रैंड रिसेप्शन**

रिपोर्ट्स की मानें तो कपल मेन सेरेमनी को बहुत प्राइवेट रखना चाहता है, इसलिए उनकी गेस्ट लिस्ट में सिर्फ परिवार और कुछ पुराने दोस्त ही शामिल होंगे. शादी की सभी रस्में उदयपुर के एक ग्रैंड पेलेस में की जाएंगी. इसके बाद 13 जनवरी को मुंबई में रिसेप्शन होगा, जिसमें इंडस्ट्री के सभी लोग शामिल होंगे. हालांकि, अभी कपल ने खुद अपनी शादी को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की है.

नूपुर और स्टेबिन दोनों काफी समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे, जिसके बाद उन्होंने अपने रिश्ते को आगे बढ़ाने का फैसला किया. उन्होंने पब्लिक में कभी एक-दूसरे के बारे में बात नहीं की है, लेकिन दोनों एक दूसरे के साथ फोटोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं. कपल अपनी शादी को पब्लिक नहीं करना चाहते, इसलिए उन्होंने इंटिमेट वेडिंग का ऑप्शन चुना.

पढ़ें पेज 12 पर...

## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# उपभोक्ता जागरूकता से समृद्ध समाज की ओर

**सूचना का अधिकार के तहत वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता और कीमत की सही जानकारी का अधिकार, विकल्प का अधिकार के तहत प्रतिस्पर्धात्मक कीमतों पर वस्तुओं और सेवाओं का चयन का अधिकार, सुने जाने का अधिकार के तहत उपभोक्ता शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिए जाने का अधिकार, निवारण का अधिकार के तहत उपभोक्ता शिकायतों और समस्याओं पर ध्यान दिए जाने का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के तहत अनुचित व्यापार प्रथाओं और शोषण के खिलाफ न्याय का अधिकार शामिल हैं।**

*उपभोक्ताओं के विभिन्न हितों और उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में प्रतिवर्ष 24 दिसम्बर को 'राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस' मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, उनके हितों के लिए बनाए गए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियमों तथा उनके अंतर्गत आने वाले कानूनों की जानकारी देना है। दरअसल, ऑनलाइन खरीददारी हो या ऑफलाइन, ग्राहकों को कई बार सामान की गड़बड़ी अथवा अन्य प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है और इसी तरह की समस्याओं से उन्हें निजात दिलाने तथा उपभोक्ता अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2020 तक विभिन्न ई-कॉमर्स साइटों से ऑनलाइन खरीददारी को लेकर उपभोक्ताओं को कोई संरक्षण प्राप्त नहीं था लेकिन उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019 (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) में ई-कॉमर्स को भी दायरे में लाकर उपभोक्ताओं को और मजबूती देने का प्रयास किया गया। पुराना उपभोक्ता संरक्षण कानून करीब साढ़े तीन दशक पुराना हो चुका था जिसमें समय के साथ बड़े बदलावों की जरूरत महसूस की जा रही थी। इसलिए ग्राहकों के साथ अक्सर होने वाली धोखाधड़ी को रोकने और उपभोक्ता अधिकारों को ज्यादा मजबूती प्रदान करने के लिए 20 जुलाई 2020 को 'उपभोक्ता संरक्षण कानून-2019' (कन्ज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट-2019) लागू किया गया, जिसमें उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की ठगी और धोखाधड़ी से बचाने के लिए कई प्रावधान शामिल हैं। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस वास्तव में उपभोक्ताओं को उनकी शक्तियों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। भारत में उपभोक्ता आन्दोलन की शुरूआत मुम्बई में वर्ष 1966 में हुई थी। तत्पश्चात् पुणे में वर्ष 1974 में ग्राहक पंचायत की स्थापना के बाद कई राज्यों में उपभोक्ता कल्याण के लिए संस्थाओं का गठन किया गया। इस प्रकार उपभोक्ता हितों के संरक्षण की दिशा में यह आन्दोलन आगे बढ़ता गया। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पहल पर 9 दिसम्बर 1986 को उपभोक्ता संरक्षण विधेयक पारित किया गया, जिसे राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद 24 दिसम्बर 1986 को देशभर में लागू किया गया। पिछले कई वर्षों से भारत में प्रतिवर्ष इसी दिन राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण दिवस मनाया जा रहा है। इसे मनाने का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने और अगर वे धोखाधड़ी, कालाबाजारी, घटतौली इत्यादि के शिकार होते हैं तो वे इसकी शिकायत उपभोक्ता अदालत में कर सकें। उपभोक्ता संरक्षण कानून में स्पष्ट उल्लेख है कि प्रत्येक वह व्यक्ति उपभोक्ता है, जिसने किसी वस्तु या सेवा के क्रय के बदले धन का भुगतान किया है या भुगतान करने का आश्वासन दिया है और ऐसे में किसी भी प्रकार के शोषण अथवा उत्पीड़न के खिलाफ वह अपनी आवाज उठा सकता है तथा क्षतिपूर्ति की मांग कर सकता है। खरीदी गई किसी वस्तु, उत्पाद अथवा सेवा में कमी या उसके कारण होने वाली किसी भी प्रकार की हानि के बदले उपभोक्ताओं को मिला कानूनी संरक्षण ही उपभोक्ता अधिकार है। यदि खरीदी गई किसी वस्तु या सेवा में कोई कमी है या उससे आपको कोई नुकसान हुआ है तो आप उपभोक्ता फोरम में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम ने उपभोक्ताओं को छह प्रमुख अधिकार प्रदान किए हैं।*

### एक्सप्रेस आलेख

**लगता है कि वहाँ अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो गई है, उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कज़ान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के हाशिए पर मुलाकात हुई, इस साल अगस्त में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के शिखर सम्मेलन में मोदी गए, जो सकारात्मक गतिविधि थी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 18 दिसंबर 2024 को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, इस बैठक के परिणामों से लगता है कि दोनों देश भारत पिछले चार साल से चले आ रहे गतिरोध को दूर करके सहयोग के नए रास्ते तलाश करने पर राजी हो गए हैं।**

# 2025 : महाशक्ति के रूप में उभरता भारत



डॉ. इन्द्र दमन तिवारी

**इस साल सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच आपसी सुरक्षा का समझौता होने के बाद इसके निहितार्थ को लेकर कई तरह के असमंजस हैं, इसकी घोषणा इसराइल के क़तर पर हुए हमले के बमुश्किल एक हफ़्ते बाद हुई थी। सबकी निगाहें अफ़गानिस्तान पर भी हैं, जहाँ अमेरिका चाहता है कि अफ़गानिस्तान का तालिबानी शासन बगराम हवाई अड्डा उसे दे दे।**

वर्ष 2025 में भारत की विदेश नीति महाशक्तियों अमेरिका, चीन और रूस के साथ संतुलन बैठाने, दक्षिण एशिया में अपनी उपस्थिति को मज़बूत करने और 'ग्लोबल साउथ' के साथ रिश्तों को बेहतर बनाने पर केंद्रित रही। पुतिन की यात्रा के साथ, जहाँ रूस के साथ खड़े होकर भारत ने अपनी स्वतंत्र-नीति का परिचय दिया, वहीं धैर्य का परिचय देते हुए अंततः अमेरिका के साथ व्यापार-समझौते का आधार तैयार करके व्यावहारिक राजनीति का परिचय भी दिया। यूक्रेन के युद्ध में हालाँकि भारत ने रूस की प्रकट आलोचना नहीं की, पर प्रकारांतर से यह संदेश देने में देरी भी नहीं की कि 'यह वक्त लड़ाइयों' का नहीं है, पुतिन की यात्रा के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति की भारत-यात्रा इस संतुलन को प्रकट करती है, इस साल चीन के साथ भारत के रिश्तों में भी बर्फ पिघली है। वैश्विक-राजनीति में संतुलन बैठाते हुए भारत ने हार्ड-डिप्लोमेसी, आर्थिक लचीलेपन और सामरिक-शक्ति को बढ़ाने पर जोर दिया, इस साल वह विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।भारत सक्रिय रूप से 'ग्लोबल साउथ' के एजेंडे को आगे बढ़ा रहा है और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधारों की वकालत कर रहा है, अपनी वैश्विक स्थिति को बढ़ाने के लिए जी20, ब्रिक्स और एससीओ जैसे मंचों का उपयोग कर रहा है। इस दौरान ख़ासतौर पर पाकिस्तान और चीन के समन्वित दोहरे खतरे को देखते हुए भारत ने अपनी सैनिक-रणनीति को नए सिरे से परिभाषित करने पर भी ध्यान दिया है, रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने और रक्षा-निर्यात के क्षेत्र में लंबी छलाँग लगाने का काम भी इस दौरान हुआ। ऑस्ट्रेलियाई थिंक टैंक लोवी इंस्टीट्यूट के एशिया पावर इंडेक्स के 2025 संस्करण में अमेरिका और चीन के बाद, भारत एशिया की तीसरी 'प्रमुख शक्ति' है, इस रैंकिंग में हालाँकि भारत को तीसरा स्थान पिछले साल ही मिल गया था, पर 'प्रमुख शक्ति' के रूप में पहली बार मान्यता मिली है। भारत ने इस दौरान खुद को एक अग्रणी शक्ति के रूप में स्थापित करने के साथ ही महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा से अलग रहने और पश्चिम एशिया और यूक्रेन जैसे क्षेत्रीय संघर्षों में भारत ने शांति-स्थापना की दिशा से जुड़ी पहलों में भाग लिया। अकेले 2025 के साल ने ही सारी दुनिया को हिला दिया, और अगले 75 वर्षों की आधार-शिला रख दी है, दुनिया के लिए यह साल जितनी बड़ी चुनौतियाँ लेकर आया, उतनी ही बड़ी चुनौतियाँ भारत के सामने भी थीं। राजनीतिक, सामरिक, आर्थिक और तकनीकी दृष्टि से 2025 के साल का सूर्योदय भारत के लिए कई तरह की उपलब्धियों को लेकर आया था, 2024 के सूर्यास्त के समय ऐसा लग रहा था कि आर्थिक मोर्चे पर भारत का उदय नए पावर हाउस के रूप में हो रहा है। अलबत्ता नए साल का पहला धक्का अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की 'मेक अमेरिका



**चीन-भारत सीमा प्रश्न के लिए विशेष प्रतिनिधियों की वह 23वीं बैठक थी, संवाद की इस प्रक्रिया की शुरुआत 2003 में दशकों से चले आ रहे भारत-चीन सीमा विवाद का संतोषजनक समाधान खोजने के लिए की गई थी। पाँच साल बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच यह पहली औपचारिक बैठक द्विपक्षीय संबंधों में बर्फ पिघलने जैसी है।**

ग्रेट अगेन' घोषणा से लगा, 20 जनवरी को अपना नया पद संभालने के बाद से वे आक्रामक हैं। फरवरी के महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका-यात्रा के बाद संकेत मिलने लगे थे कि भारत के साथ उनके रिश्तों में बदलाव आने वाला है, उसी यात्रा के दौरान एक नई पहल की शुरुआत की घोषणा की गई। वह थी, 21वीं सदी के लिए यूएस-इंडिया कॉम्पैक्ट यानी सैन्य साझेदारी, तेज-व्यापार और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सहयोग। इसके तहत दोनों देशों के बीच 2030 तक व्यापार बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य है, इसके लिए साल के अंत तक एक अंतरिम व्यापार समझौते का लक्ष्य दोनों देशों ने रखा था, जो फलीभूत होता दिखाई पड़ रहा है। मार्च के महीने में अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, भारत हमसे 100 प्रतिशत टैरिफ वसूलता है; यह व्यवस्था अमेरिका के लिए उचित नहीं है, कभी थी ही नहीं। उसके बाद की कहानी टैरिफ-प्रकरण को समर्पित है, जिसमें भारत का रूसी तेल खरीदना केंद्रीय-विषय बन गया, ट्रंप के टैरिफ यदि उतने तक ही सीमित रहते तो असहज नहीं लगते, पर मई के महीने में 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद उनके बयानों से लगा कि अमेरिका की नीति में कुछ बदलाव हो रहा है। यह बदलाव कितना और किस दिशा में है, यह अभी तक स्पष्ट नहीं है, अमेरिका और भारत के रिश्तों का आधार भी कमज़ोर नहीं है, जब भारत में 'ऑपरेशन सिंदूर' की पृष्ठभूमि तैयार हो रही थी, वहीं 6 मई को, भारत और यूके ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) किया, जिसे प्रधानमंत्री मोदी ने ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया। यह समझौता भारत को सभी औद्योगिक वस्तुओं तक शून्य-शुल्क पहुँच प्रदान करेगा, बहरहाल भारत और यूरोपियन यूनियन के बीच भी मुक्त व्यापार समझौते की तैयारी चल रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका को फिर से दुनिया का बॉस बनाना चाहते हैं, उन्हें लगता है कि उनका 'मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' के नारे के सामने विकासशील देश, जी-20 और ब्रिक्स जैसे समूह आड़े आ रहे हैं, ब्रिक्स का मतलब है रूस, चीन, भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका के अलावा इंडोनेशिया, ईरान और तुर्की जैसे देश। हाल के वर्षों में रूस और चीन ने अमेरिकी वर्चस्व को चुनौती देने का काम किया है, भारत हालाँकि किसी खेमे में नहीं है, पर पिछले दो दशक अमेरिका से उसके जुड़ाव में खलल पड़ा है, इसका एक परिणाम हाल में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा के रूप में देखने को मिला है। इस साल के अंत तक क्वॉड का शिखर सम्मेलन भारत में प्रस्तावित था, जिसमें राष्ट्रपति ट्रंप को आना था, वह सम्मेलन और यात्रा स्थगित हो गई, पुतिन की यात्रा होने और ट्रंप की यात्रा के स्थगित होने का एक संदेश है, जिसे राजनीतिक हल्के में सुना गया। पिछले साल 21 अक्तूबर को भारत और चीन ने एलएसी पर टकराव के दो बिंदुओं, देपसांग मैदानों और डेमचोक में गश्त व्यवस्था पर एक समझौता किया, लगता है कि वहाँ अप्रैल 2020 से पहले की स्थिति बहाल हो गई है, उसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच रूस के कज़ान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के हाशिए पर मुलाकात हुई, इस साल अगस्त में चीन के तियानजिन शहर में हुए एससीओ के शिखर सम्मेलन में मोदी गए, जो सकारात्मक गतिविधि थी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने 18 दिसंबर 2024 को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की, इस बैठक के परिणामों से लगता है कि दोनों देश भारत पिछले चार साल से चले आ रहे गतिरोध को दूर करके सहयोग के नए रास्ते तलाश करने पर राजी हो गए हैं। चीन-भारत सीमा प्रश्न के लिए विशेष प्रतिनिधियों की वह 23वीं बैठक थी, संवाद की इस प्रक्रिया की शुरुआत 2003 में दशकों से चले आ रहे भारत-चीन सीमा विवाद का संतोषजनक समाधान खोजने के लिए की गई थी। पाँच साल बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधियों के बीच यह पहली औपचारिक बैठक द्विपक्षीय संबंधों में बर्फ पिघलने जैसी है, इस दौरान भारत और चीन के बीच विमान सेवा फिर से शुरू हो गई है और आर्थिक-गतिविधियों में भी तेजी आ रही है। भारत के लिहाज़ से पश्चिम एशिया चुनौती से भरा क्षेत्र है, यहाँ हमारे अरब देशों और ईरान के साथ-साथ इसराइल के साथ भी अच्छे रिश्ते हैं, जिन्हें निभाना खासा जोखिम भरा काम है।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे है या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | पंचमी 13:39 तक |
| नक्षत्र: | धनिष्ठा 08:18 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | गुरुवार |
| योग: | वज्र, 03:05 |
| सूर्योदय: | 07:12 |
| सूर्यास्त: | 17:31 |
| चंद्रमा: | कुंभ राशि में |
| राहुकाल: | 13:39-14:56 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1947 |
| मास: | पौष |
| शुभ मुहूर्त: | 12:14-12:38 |

## जन एक्सप्रेस

**अपना जो पड़ोस !**

*सुधर रही ना स्थिति ।*
*अपना जो पड़ोस ।।*
*हो रहीं हत्याएं ।*
*व्याप्त हर तरफ रोष ।।*
*है चिंता का विषय ।*
*खतरे में समाज ।।*
*मौत घाट उतार रहे ।*
*खत्म लोक लाज ।।*
*बढ़ा वैश्विक खतरा ।*
*बनते सब अनजान ।।*
*रहे वो आंख मूंद ।*
*जो बनते महान ।।*
*हो त्वरित बंद ये ।*
*जारी अत्याचार ।।*
*योजना बना कर ।*
*हो जाए प्रहार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है जावित्री



**भारतीय** खाने में जावित्री को मसाले के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जो खाने के स्वाद को बढ़ाने और स्वास्थ्य में सुधार करने में मदद करता है। जावित्री में बहुत से औषधीय गुण और कई पोषक तत्व होते हैं। ऐसे में इसका सेवन करने से स्वास्थ्य को कई लाभ मिलते हैं, जिससे स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याओं से राहत देने में भी मदद मिलती है। डॉ. चंचल शर्मा के अनुसार, आयुर्वेद में मसालों का इस्तेमाल स्वाद बढ़ाने के साथ औषधी के रूप में भी किया जाता है। जावित्री ऐसा ही एक औषधीय मसाला है। आपने जायफल का नाम सुना होगा, दरअसल जावित्री, जायफल के बीज को ढकने वाली एक परत होती है, जो लाल रंग की जालीनुमा संरचना वाली होती है और इन दोनों आयुर्वेदिक औषधियों के गुण लगभग समान होते हैं।

**पाचन तंत्र की मजबूती:** जावित्री आपके पाचन तंत्र को मजबूती प्रदान करता है और इससे पेट दर्द या अपच की समस्या में भी आराम मिलता है।

**हार्मोन को बैलेंस करे:** जिन महिलाओं को हार्मोनल असंतुलन या अनियमित पीरियड्स की शिकायत रहती है, उनके लिए यह बहुत लाभकारी होता है।

**इम्युनिटी बूस्टर करे:** जावित्री में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-बैक्टीरियल गुण आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं और आपको कई संक्रमण से बचाते हैं।

**दर्द और सूजन में फायदेमंद:** अगर आपको लगातार सूजन या दर्द की शिकायत रहती है तो यह आयुर्वेदिक औषधि आपके लिए बहुत लाभकारी है। इससे हर प्रकार के दर्द में राहत मिलता है।

**नींद में सुधार:** जावित्री के सेवन से आपका मस्तिष्क हल्का महसूस करता है, तनाव कम होता है और आपकी नींद में सुधार होता है।

**जावित्री गर्म है या ठंडी?:** आयुर्वेद में बताया गया है कि जावित्री की तासीर गर्म होती है। इसलिए जिन लोगों में कफ या वात दोषों की समस्या होती है, उनके लिए यह बहुत लाभदायक है।

### एक्सप्रेस विशेष

# भूमि की बिगड़ती सेहत और किसान



प्रमोद भार्गव

**इसी तरह पंजाब के मालवा क्षेत्र का कपास क्षेत्र पूरे पंजाब का केवल 15 फीसदी है, जबकि यहां पंजाब के कुल कीटनाशकों की खपत 70 फीसदी है। पंजाब के मालवा का क्षेत्र देश के कुल भू-भाग का मात्र 0.5 भाग है।**

**कुछ ऐसी ही वजहों के चलते बर्फीली वादियों से लेकर घने वनों वाले क्षेत्र भी फैलते रेगिस्तान की गिरफ्त में आ गए हैं। जिस हरित क्रांति के बूते पंजाब को देश में अनाज के अटूट भंडार का दर्जा हासिल हुआ था, वही पंजाब आज रासायनिक खादों का बेतहाशा उपयोग करने के कारण बड़े क्षेत्र में अपनी कृषि भूमि बर्बाद कर चुका है। देश के कुल कृषि क्षेत्र का 1.5 प्रतिशत भाग पंजाब के हिस्से में है।**

**दुनिया** के अनेक देशों की तरह भारत भी वन क्षरण, अत्यधिक कृषि गतिविधियों से भूमि की नमी घटने और उसकी उर्वरता कम होने की समस्या से जूझ रहा है। इन कारणों के चलते भारत की 30 प्रतिशत से भी ज्यादा भूमि की सेहत बिगड़ गई है। शहरीकरण और औद्योगिक विकास से कृषि भूमि नष्ट हो रही है। वहीं उद्योग, बिजली और सिंचाई व पेयजल के लिए बड़े बांधों के अस्तित्व में आ जाने के कारण दलदली भूमि भी बढ़ रही है। यह समस्या मध्य-प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और पंजाब में सर्वाधिक होने के साथ, इन्हीं राज्यों के क्षेत्रफल के बराबर है। इससे 72000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। क्षरण और भूमि के मरुस्थलीकरण से हमारे सकल घरेलू उत्पाद में 2.5 प्रतिशत और फसल की पैदावार में भी कमी आई है। इधर खेतों में रासायनिक उर्वरक, कीटनाशक और जीएम फसलों की पैदावार ने भी खेतों की सेहत बिगाड़ने का काम बड़ी मात्रा में किया है। नतीजतन जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभाव भी गहरा गए हैं। वैश्विक स्तर पर भूमि क्षरण की समस्या के समाधान के लिए 450 अरब डॉलर का वार्षिक खर्च आएगा। यदि इसमें सुधार जल्दी नहीं किया गया तो विश्व में 3.2 अरब लोगों का जीवन संकटग्रस्त हो सकता है। भारत के लिए यह समस्या इसलिए विकराल है क्योंकि दुनिया की 18 प्रतिशत जनसंख्या भारत में बसती है, जबकि दुनिया की कुल भूमि का भारत के पास महज 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही है। साफ है, उपजाऊ जमीन का बंजर भूमि में बदलना चिंता का विषय है। संयुक्त राष्ट्र की जलवायु परिवर्तन संबंधी अंतर-सरकारी समिति द्वारा अगस्त-2019 में जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि दुनिया में 23 प्रतिशत कृषि योग्य भूमि का क्षरण हो चुका है। भारत में यह आंकड़ा 30 प्रतिशत भूमि के क्षरण का है। इसे देखते हुए निकट भविष्य में भूमि में व्यापक सुधार नहीं हुए तो यह समस्या एक प्राकृतिक आपदा में बदलती चली जाएगी। यह विडंबना है कि भारत में रोटी और रोजगार का सबसे बड़ा संसाधन बनी भूमि की गुणवत्ता अथवा उसकी बिगड़ती सेहत को जांचने का अब तक कोई राष्ट्रव्यापी पैमाना नहीं है। जबकि देश की कुल आबादी में से सत्तर प्रतिशत आबादी कृषि और प्राकृतिक संपदा से रोजी-रोटी जुटाती है। भूमि की उर्वरता और क्षरण को लेकर टुकड़ों में तो आकलन आते रहते हैं, लेकिन इस स्थिति की वास्तविक हालत का खुलासा करने वाला कोई एक मानचित्र नहीं है। हालांकि अशासकीय स्तर पर इस मांग की आपूर्ति अहमदाबाद की संस्था 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' ने सत्रह अन्य इसी काम से जुड़ी एजेंसियों के साथ मिलकर की है। जमीन की सेहत से जुड़ा यह शोध बताता है कि आधुनिक व औद्योगिक विकास, जल व वायु प्रदूषण और कृषि भूमि में खाद व कीटनाशकों के बढ़ते चलन ने किस तरह से उपयोगी भूमि को रेगिस्तान में तब्दील करने का सिलसिला जारी रखा हुआ है। 'स्पेस एप्लिकेशन सेंटर' द्वारा किए शोध के मुताबिक राजस्थान का 21.77 प्रतिशत, जम्मू, कश्मीर एवं लद्दाख का 12.79 और गुजरात में 12.72 प्रतिशत क्षेत्र रेगिस्तान में बदल चुका है। मध्यप्रदेश में चंबल के बीहड़ पिछले 60 साल में 45 प्रतिशत बढ़े हैं। महाराष्ट्र में विदर्भ और उत्तर-प्रदेश व मध्यप्रदेश में बुंदेलखण्ड क्षेत्र की कृषि का अनावृष्टि के कारण तेजी से क्षरण हो रहा है। वहीं भू-जल के बेतहाशा दोहन और अल्पवर्षा के चलते खेतों में दस सेंटीमीटर नीचे एक ऐसी कठोर परत बनती जा रही है, जो कालांतर में फसल की उत्पादन क्षमता को प्रभावित करेगी। रेगिस्तान के विस्तार की तह में अतिवृष्टि और अनावृष्टि का चक्र तो है ही 1999 के बाद से मानसून की दगाबाजी ने उपजाऊ भूमि को बंजर भूमि में बदल देने का काम किया है। इन्हीं वजहों से देश के पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्र भूमिक्षरण के प्रभाव में आए जंगलों का विनाश, चरनोई की भूमि को कृषि व आवासीय भूमि में तब्दील करना और एक तरह की फसल पैदा करने के बढ़ते चलन से भूमि की सेहत बिगड़ी है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक: अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादक: अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादक: इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोट: सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने लखनऊ में की उच्च अधिकारियों से भेंट

- क्षेत्रीय विकास व जनहित के मुद्दों पर की विस्तारपूर्वक चर्चा
- मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों से हुई औपचारिक मुलाकात

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार





**पीलीभीत।** बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने हाल ही में लखनऊ प्रवास के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से औपचारिक भेंट की। इस दौरान विधायक ने विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं, मौजूदा योजनाओं की प्रगति और आगामी विकास परियोजनाओं के लिए सुझाव प्रस्तुत किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विधायक के सुझावों को गंभीरता से सुना और क्षेत्रीय विकास को गति देने पर जोर दिया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया। इसके अलावा, जलशक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से नलकूप चालकों की समस्याओं के समाधान के लिए विधायक ने नलकूप चालकों के प्रतिनिधिमंडल के साथ भेंट की। मंत्री ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

### जनप्रतिनिधियों से अनौपचारिक संवाद और संगठनात्मक मजबूती

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न जनपदों से आए अन्य जनप्रतिनिधियों से भी विधायक ने आत्मीय भेंट-वार्ता की। इस अवसर पर संगठनात्मक मजबूती, जनसंपर्क और आगामी रणनीतियों पर अनौपचारिक चर्चा की गई, जिससे क्षेत्रीय विकास और पार्टी संगठन को और अधिक सक्रिय बनाने की दिशा में विचार विमर्श हुआ। स्वामी प्रवक्तानंद महाराज का यह लखनऊ प्रवास न केवल बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र के विकास और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता देने वाला रहा, बल्कि राजनीतिक और सामाजिक संपर्क को भी मजबूती प्रदान करने वाला साबित हुआ। विधायक की सक्रियता और अधिकारियों के साथ संवाद से उम्मीद जताई जा रही है कि क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को नई गति मिलेगी और आम जनता की समस्याओं का समाधान जल्द ही होगा।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में भागीदारी

लखनऊ प्रवास के दौरान भाजपा परिवार पश्चिमी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश के नवनिर्वाचित भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी का स्वागत एवं सहभोज समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्पगुच्छ और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया और उनके उज्ज्वल एवं सफल कार्यकाल की कामना की।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की 12वीं बैठक संपन्न

- सड़क सुरक्षा माह के सफल आयोजन के दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की वर्ष 2025 की 12वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक जिले में सड़क सुरक्षा माह मनाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को कहा कि मुख्य मार्गों पर ढाबों और किनारे कतारबद्ध खड़े वाहनों को हटाया जाए, ताकि कोहरे में पीछे से आने वाले वाहन दुर्घटनाग्रस्त न हों। पूरनपुर और बीसलपुर मार्ग पर स्थित टोल प्लाजा के प्रबंधकों को वाहन चालकों को कोहरे में सुरक्षित परिवहन के लिए जागरूक करने हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उपयोग करने के निर्देश दिए गए। टोल प्लाजा पर एंबुलेंस और क्रेन सेवा हमेशा उपलब्ध रखने और पेट्रोलिंग बढ़ाने के भी निर्देश दिए गए।

### स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश

स्वास्थ्य विभाग को ट्रामा सेंटरों की संख्या बढ़ाने और निजी अस्पतालों में चल रहे ट्रामा सेंटरों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने का निर्देश दिया गया। ब्लैक स्पॉट्स पर एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने और राहवीर योजना का प्रचार-प्रसार बढ़ाने का भी निर्देश जारी किया गया। शिक्षा विभाग को एनएसएस, एनसीसी और सिविल डिफेंस के कैडेट्स के माध्यम से जनसाधारण को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग को बाईपास के नीचे से गुजर रही विद्युत लाइनों की ऊंचाई बढ़ाने के आदेश दिए गए।

### सड़क दुर्घटनाओं का विश्लेषण और सुधारात्मक कदम: एआरटीओ

एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने बताया कि जिले में अधिकतर दुर्घटनाएं गजरौला, जहानाबाद और बीसलपुर क्षेत्र में हो रही हैं, और अधिकांश दुर्घटनाओं में मोटरसाइकिल शामिल होती हैं। पुलिस अधीक्षक ने प्रमुख मार्गों और ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण कर सुरक्षा सुधारात्मक कदम उठाने का प्रस्ताव रखा। जिलाधिकारी ने ओवर-स्पीडिंग रोकने के लिए चिन्हित मार्गों पर पुलिस बैरियर लगाने, हेलमेट चालकों की संख्या बढ़ाने और गन्ना वाहनों की निर्धारित हाइट का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ट्रैक्टर ट्रालियों में रिफलेक्टिव टेप और फ्लोरेसेंट पेंट लगाने और मुख्य मार्ग पर खड़े न करने के आदेश भी जारी किए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक शर्मा, क्षेत्राधिकारी यातायात विधि भूषण मौर्य, एआरटीओ वीरेंद्र सिंह, पीडब्ल्यूडी और एनएचपीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला गन्ना अधिकारी, एनएचएआई और मोर्थ के अभियंता, नगर पालिकाओं के अधिशासी अधिकारी, चीनी मिलों के प्रबंधक एवं स्टेकहोल्डर विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को सड़क सुरक्षा माह के दौरान सक्रिय रहकर दुर्घटनाओं को रोकने और वाहन चालकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनपद में सड़क सुरक्षा को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाने और दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी स्टेकहोल्डरों को मिलकर काम करने का आवाहन किया गया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### वाइक की टक्कर से घायल फार्मर की मौत, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। तहसील क्षेत्र के गांव शिम्भुआ निवासी रंजीत कौर ने वताया कि उसके पति दया सिंह 16 नवंबर को शाम तीन बजे अपने घर से गांव गुलडिया भूपसिंह में गेहूं की बुवाई के लिए डीएपी खाद लेने बाइक से जा रहे थे। तभी पुरानी शराब भट्टी के निकट शिशु मंदिर स्कूल के पास लिंक रोड पर तेज रफ्तार व लापरवाही से वाइक देकर से आ रहे बाइक चालक ने उनके पति की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौका पाकर वाहन चालक मौके से बाइक सहित फरार हो गया। सूचना पर परिजन उनको उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे,हालत गंभीर होने पर रोहिलखंड में भर्ती कराया गया। जंहा 21 नवंबर को उपचार के दौरान उनके पति दया सिंह की मौत हो गई। मामले की तहरीर पर पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने बताया मामले की रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना शुरु कर दी गई है। चालक की तलाश की जा रही है। जल्द ही चालक का पता लगा लिया जाएगा।

### कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने भिड़ंत, दर्जनों घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। थाना जहानाबाद इलाके के जेएमबी तिराहे के पास आज दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा हुआ, जिसमें कार और ई-रिक्शा की आमने-सामने टक्कर के कारण कई लोग घायल हो गए। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कार चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और दूसरी लेन में प्रवेश कर सामने से आ रहे ई-रिक्शा से टकरा गया। घायलों की संख्या और गंभीरताहादसे में कार में सवार तीन बच्चे, दो महिलाएं और एक पुरुष गंभीर रूप से घायल हुए हैं। वहीं, ई-रिक्शा में सवार लगभग



छह लोग भी चोटों के साथ घायल हुए हैं। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। कुछ घायलों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। स्थानीय नागरिकों ने दिखाई साहसिक भूमिका हादसे के समय मौके पर मौजूद शमशाद आतिशबाज ने अपनी सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए कार में फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। हालांकि, पुलिस और एम्बुलेंस घटनास्थल पर आधे घंटे से अधिक समय बाद पहुंचे, जिससे प्राथमिक उपचार में देरी हुई। पुलिस ने हादसे की पूरी जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, दुर्घटना की वजह वाहन की अधिक गति और चालक द्वारा नियंत्रण खोने की संभावना जताई जा रही है। इस गंभीर हादसे ने इलाके में सड़क सुरक्षा की अनदेखी और यातायात नियमों के पालन में ढील पर एक बार फिर चिंता बढ़ा दी है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे भीड़भाड़ और हादसे वाले स्थानों पर सावधानी बरतें और मदद के लिए स्थानीय अधिकारियों से संपर्क करें।

### बंधक बनाकर पूर्व शिक्षक ने छात्रा से किया यौन शोषण

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। क्षेत्र में एक निजी स्कूल के पूर्व शिक्षक दिलनवाज पर अपनी पूर्व छात्रा का धर्मांतरण कराने के बाद उसे बंधक बनाकर यौन शोषण करने का आरोप लगा है। पुलिस ने आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी दिलनवाज सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के रायबिचपुरी गांव का निवासी है और दो बेटियों का पिता है। वह वर्ष 2020 तक पूरनपुर के एक स्कूल में शिक्षक था। आरोप है कि इसी दौरान उसने कक्षा 10 में पढ़ने वाली छात्रा को अपने प्रभाव में लिया।छात्रा जब 12वीं की पढ़ाई पूरी करने के बाद ब्यूटी पार्लर का कोर्स करने बरेली गई, तब भी आरोपी ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। पुलिस जांच के अनुसार, आरोपी ने युवती का इस हद तक मानसिक उत्पीड़न किया कि वह नमाज पढ़ने लगी और अपने धर्म के प्रति संदेह व्यक्त करने लगी थी।युवती 16 दिसंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी, जिसके बाद 18 दिसंबर को उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। आरोप है कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर पूरनपुर के एक सुनसान कमरे में ले गया, जहां उसे चार दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया।कराई गई। आरोप है कि आरोपी उसे बहला-फुसलाकर पूरनपुर के एक सुनसान कमरे में ले गया, जहां उसे चार दिनों तक बंधक बनाकर रखा गया। बंधक बनाए जाने के दौरान युवती को केवल नमकीन और बिस्किट खाने को दिए गए। आरोप है कि शादी का झांसा देकर आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। कमरे में बंद रखकर युवती पर जबरन धार्मिक गतिविधियां अपनाने का दबाव भी बनाया गया। आरोपी दिन के समय स्कूल जाता था और शाम को अपने परिवार से मिलने के बाद रात में युवती के पास पहुंचता था। रविवार को युवती किसी तरह आरोपी के चंगुल से निकलकर थाने पहुंची और पूरी घटना की जानकारी दी। माधोटांडा पुलिस ने युवती के बयान के आधार पर मामले में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम, यौन शोषण और बंधक बनाने से संबंधित धाराएं लगाई हैं।पूरनपुर के सीओ प्रतीक दहिया ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अब आरोपी के मोबाइल रिकॉर्ड खंगाल रही है ताकि मामले की गहनता से जांच की जा सके।

### उप जिलाधिकारी के निर्देश पर सरकारी भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को लेखपाल सौरभ राय ने हटाया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर-खीरी। तहसील मैगलगंज के अंतर्गत ग्राम मैगलगंज में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा था जैसा की आए दिन मामले सामने आते रहते हैं ग्राम सभा की जमीन पर अवैध अतिक्रमण एक गंभीर कानूनी मुद्दा है,क्योंकि यह भूमि सार्वजनिक उपयोग के लिए होती है।लेकिन गांव के कुछ दबंग अपनी दबंगई से सरकारी भूमि को अपने बाप की मिल्कियत समझते ऐसा



ही मामला तहसील मितौली में सामने आया जहां सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने के प्रयास कर निर्माण कार्य करने वाले के विरुद्ध संज्ञान लेते हुए उक्त निर्माण को उपजिलाधिकारी मितौली व तहसीलदार मितौली के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल सौरभ राय द्वारा उक्त निर्माण को अतिक्रमण मुक्त कराया गया जिससे लोगों सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण करने वालों और प्रयास करने वालों में खलबली मच गयी उप जिलाधिकारी मितौली द्वारा कहा गया किसी भी सूरत में अवैध निर्माण सरकारी भूमि पर बर्दास्त नहीं किया जाएगा कारवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल लखनऊ में जल शक्ति मंत्री से मिला

- विधायक स्वामी प्रवक्तानंद की अगुवाई में किसानों की समस्याओं का समाधान

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



सिंचाई संघ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि मंडल ने माननीय जल शक्ति मंत्री, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार से लखनऊ स्थित उनके आवास पर भेंट की। इस मौके पर प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व पीलीभीत के विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने किया। बैठक का मुख्य उद्देश्य संघ के संवर्गीय साथियों की समस्याओं का निस्तारण और प्रदेश के किसानों की सिंचाई संबंधित मुद्दों पर ध्यान आकर्षित करना था।

### मंत्री ने नलकूप चालकों की प्रशंसा की

जल शक्ति मंत्री ने संगठन द्वारा प्रस्तुत किए गए पत्र पर शासन से आख्या उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश दिए और नलकूप चालकों की सराहना करते हुए कहा कि यह कर्मचारी किसानों की कृषि भूमि पर सिंचन कार्य को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं और प्रशंसा के पात्र हैं।

### प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन सौंपा

प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संजय यादव (प्रदेश अध्यक्ष), विनोद कुमार पांडे (संरक्षक), नमो नारायण राय (पूर्व महामंत्री/उपाध्यक्ष), विमल कुमार वशिष्ठ (अध्यक्ष), ओम शंकर वर्मा (मंत्री) और फूलचंद नलकूप चालक शामिल थे। प्रतिनिधि मंडल ने विधायक की कृपा से बैठक में ज्ञापन सौंपते हुए संगठन साथियों की समस्याओं पर चर्चा की और समाधान की मांग की।

### विभागाध्यक्ष से हुई सकारात्मक वार्ता

बैठक के उपरांत प्रतिनिधि मंडल ने विभागाध्यक्ष संदीप कुमार से भी मुलाकात की। उन्होंने संगठन के साथियों की समस्याओं पर चर्चा की और ज्ञापन सौंपते हुए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। विभागाध्यक्ष ने सहमति जताते हुए आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया। इस बैठक से प्रदेश के सिंचाई कर्मचारी और किसान वर्ग को अपने हितों के प्रति सरकार की सकारात्मक पहल का भरोसा मिला है।

# राधा संकीर्तन मंडल ने थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत





श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के तत्वावधान में रासोत्सव के दौरान थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मंडल के संरक्षक और वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. एस.के. अग्रवाल ने ठाकुर जी के श्री विग्रह के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया।

आईएमए टीम ने किया रक्त संग्रह

बरेली से आई आईएमए की टीम ने सभी रक्त दाताओं का रक्त एकत्रित किया। मंडल के कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने इस रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस शिविर में लगभग 80 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसे थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को दिया जाएगा। डॉ. एस.के. अग्रवाल ने बताया कि थैलेसीमिया एक गंभीर बीमारी है, जिसमें शरीर में रक्त का निर्माण नहीं होता। ऐसे मरीजों को लगभग हर दो सप्ताह में रक्त चढ़ाना आवश्यक होता है। शिविर में पुरुषों के साथ महिलाओं ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और रक्तदान किया। मंडल के अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्रा ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित कर उनके योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। मंडल द्वारा आयोजित 9 दिवसीय रासोत्सव आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मंडल के प्रमुख सदस्यों अतुल अग्रवाल, राजीव मालपानी, दीपक गोयल, राजीव अग्रवाल, प्रमोद पंत, डॉक्टर निर्देश जैसवार, नवीन कुमार, उमेश चंद्र, अभिलाष अग्रवाल, नीरज रस्तोगी, पंकज रस्तोगी, प्रणव शास्त्री, अर्पित शुक्ला, शिवम अग्रवाल, अजय पांडे, शशांक अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा। रक्तदान में भाग लेने वालों में दीपक गोयल, विकास अग्रवाल, तन्वी अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, विजय कुमार, सत्येंद्र कुमार, अंशुल गौड़, सत्यम अग्रवाल, नैन गोयल, अमित कुमार, पंकज कुमार, अंकुर वर्मा, विशाल अग्रवाल, तुषार रस्तोगी, हर्षित अग्रवाल, अजय पांडे, पारुल अग्रवाल, निशान अग्रवाल और अन्य शामिल रहे।

# टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में क्रिसमस दिवस की पूर्व संख्या पर रंगारंग कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी



टीपीआरएस एजुकेशनल इंस्टिट्यूट मोहम्मदी में क्रिसमस दिवस की पूर्व संख्या पर रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कक्षा नर्सरी, केजी-एक व केजी-दो के नन्हें मुन्ने बच्चों ने सेंटाक्लास एवं परियों के परिधान धारण किए जिसमें बड़े-बड़े मनोहारी व सुंदर दिख रहे थे। इन छोटे बच्चों ने जिंगल बेल ट्विंकल ट्विंकल लिटिल स्टार आदि गानों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा एक व दो के छात्र छात्राओं ने क्रिसमस का पेड़ सजाओ प्रतियोगिता में भाग लेकर सुंदर-सुंदर किस्मत के पेड़ सजाए। कक्षा नर्सरी केजी एवं केजी 2 से अर्धव श्रीवास्तव लवजोत सिंह, अबू हुजैफा ,अविराज सिंह, वरद तिवारी, ऐशु वर्मा सेंटा क्लास की वेशभूषा में उपस्थित रहे एवं धैया गुप्ता ,समरीत कौर ,प्रांजल राठी, स्वर्णिका तिवारी ,आयात ,फातिमा, ईशा गुप्ता, रिषिका व आराध्या रस्तोगी परी के रूप में अत्यंत सुंदर लग रही थी। क्रिसमस पेड़ सजाओ प्रतियोगिता में कक्षा 1 से आयजा मरियम प्रथम ,अर्थव कुशवाहा द्वितीय व आराध्या कुशवाहा तृतीय स्थान पर रहे। क्राफ्ट मेकिंग में कक्षा 3 से कक्षा 5 के बच्चों में शौर्य कटियार प्रथम ज्योतप्रीत कौर द्वितीय व सनाया तृतीय स्थान पर रहे।टैग बोर्ड सजावट कक्षा 6 से कक्षा 8 के मध्य हुआ जिसमें पलकदीप कौर ने प्रथम शिफा सईम , प्रज्ञा दीक्षित ने द्वितीय व अन्य शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक आनंद कुमार गुप्ता ने बच्चों को अपना आशीर्वाद दिया एवं प्रधानाचार्य श्रीमती ज्योति श्रीवास्तव ने आभार प्रकट किया।

### क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर केक काटकर यीशु का जन्मदिन मनाया

जन एक्सप्रेस। मोहम्मदी खीरी। नगर में क्रिसमस डे की पूर्व संध्या पर शिक्षण संस्थानों में बच्चों ने सांता क्लाज के रूप में सजकर केक काटकर पर्व को सेलिब्रेट किया है। मनमोहक झांकियां द्वारा प्रस्तुति देकर उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया है।न्यू एन टी आई पब्लिक स्कूल में पर्व की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थी, बाबर खान, मिलन, शांतुन, माही , शगुन दीप और शिवम द्वारा प्रभु यीशु के जीवन को झांकियां द्वारा प्रस्तुतीकरण कर उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया है। प्रबंधक शाहनवाज खां ने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा यह पर्व हमें शांति और और उदारता के साथ दूसरों को उपहार देकर उनकी खुशियों में सम्मिलित होने का पैगाम देता है।इस मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक,शिक्षिकाएं समेत अभिभावक गण मौजूद रहे हैं।

### मुख्यमंत्री के पलिया आगमन पर भाजपा नेता रवि गुप्ता ने पूरी टीम के साथ किया स्वागत सम्मान

जन एक्सप्रेस। पलिया कलां खीरी



पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रदेश के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह नेपाल से अपने डेलिगेशन के साथ भारत भ्रमण पर दिल्ली हरिद्वार एवं अन्य स्थानों पर गए हुए थे जहां देश की तमाम बड़ी हस्तियों से भेंट वार्ता कर वापस नेपाल लौटते समय प्रोटोकॉल बनबसा बॉर्डर की तरफ से होने के बावजूद भाजपा नेता रवि गुप्ता के निमंत्रण पर वह गौरीफंटा सीमा से नेपाल की ओर लौटे! पलिया आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, समाजसेवी,पलिया जिला बनाओ मंच के संयोजक रवि गुप्ता ने अपनी पूरी टीम के साथ मुख्यमंत्री को पुष्प वर्षा करते हुए माल्यार्पण कर अंग वस्त्र ओढ़ाकर एवं श्रीमद भागवत गीता प्रदान कर समस्त भारतीयों,प्रदेश, लखीमपुर जनपद एवं पलिया विधानसभा भारतीय जनता पार्टी परिवार एवं सम्मानित जनता की ओर से बेहतरीन स्वागत एवं सम्मान कर नेपाल के लिए रवाना किया! अपने वक्तव्य में मुख्यमंत्री ने भाजपा नेता रवि गुप्ता की मांग पर आश्वासन दिया कि उनके होते नेपाल में किसी भी भारतीय को कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी और ना ही नेपाल की धरती पर किसी भी भारत विरोधी कार्य को अंजाम होने दिया जाएगा! भारत नेपाल सीमा पर निवास करने वाली जनता की परेशानियों के बारे में भी रवि गुप्ता ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया जिस पर शीघ्र समाधान का आश्वाशन दिया गया! इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नेपाल में कार्य देखने वाले हरकेश्वर मोहनराज जोशी एवं मुख्यमंत्री के पुरे डेलिगेशन के साथ ही अनुज स्वरूप शुक्ला, देवराज गर्ग, एडवोकेट विजय वाजपेई, राघव हिंदू, विशाल गुप्ता, आकाश बाजपेई ,सतीश श्रीवास्तव, डॉक्टर संजू विश्वास, अंशुल गुप्ता, राम प्रकाश भास्कर कमल नाग, सहित तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार में लिप्त नगर पालिका परिषद अध्यक्ष और ईओ की संलिप्तता से शहर का विकास के साथ खिलवाड़

- एक तरफ लखीमपुर खेल महोत्सव चल रहा है दूसरी तरफ सड़क घटिया निर्माण रोड धंसने का महत्सव चल रहा है

जन एक्सप्रेस। सुनहरा





**लखीमपुर खीरी।** नगर पालिका परिषद पूरी तरह से भ्रष्टाचार में लिप्त है कही वार्ड में कार्य न होने पर सभासद को नगर पालिका परिषद के परिसर में धरने पर बैठना पड़ता तो कहीं दो दो सभासद वीडियो जारी कर बनी बनाई रोडो को दिखाते है नगर पालिका की सच्चाई यह कि यह रोड सही है परन्तु बनाई जा रही है जिसकी आवश्यकता नहीं है जो नगरपालिका के भ्रष्टाचार की कलई खोल रहे थे।ऐसे मामले आए दिन सामने आते रहते हैं और घटिया रोड निर्माण में तो नगरपालिका परिषद लखीमपुर को महारथ हासिल है।जैसा की नगर पालिका परिषद के हर कार्य में पोल ही पोल है सारा मामला रहस्यमय है लोग रोडो पर चलते हैं किस वक्त रोड फट जाये आदमी गिर जाये इतना घटिया निर्माण नगरपालिका में हो रहा है। जिसकी बानगी खत्री धर्मशाला से शाहपुरा कोठी तक बनी रातों-रात सड़क सुबह जांच में मानकों के विपरीत पाई गई।ज़िला अधिकारी ने निरिक्षण में सब गड़बड़ ही गड़बड़ था जिसकी घटिया निर्माण की पोल 12 घंटे में खुल गई शहर के मेमोरियल हॉल में खेल महोत्सव चल रहा है।नगर पालिका परिषद में रोड फटने का महोत्सव चल रहा है।नगर पालिका अपना गुड वर्क दिखाने के लिए तरह-तरह के प्रयास कर रही है लेकिन उन प्रयासों के विपरीत नगर पालिका परिषद की रोड़ों की चौराहों की हाल बद से बद्तर है जैसे भारी भरकम भीड़ वाला मिश्राना चौकी चौराहा जहां 6 रोड का मिलन होता है वहां पर एक-एक फिट ऊबड़ खाबड़ गड्ढे हैं कही भी समतल नहीं दिखाई देता और उसी चौराहे के अरीब करीब चार स्कूल के बच्चे निकलते हैं तथा आवा गमन बाधित रहता है आए दिन वहां भी गड्ढा हो जाता है जैसा की मुक्तिधाम रोड के चौराहे पर आज रोड इतनी बुरी तरीके से फटी है की लग रहा है कि नीचे कुआं है लेकिन नगर पालिका इसे भी गंभीरता से नहीं लेगी थोड़ी देर बाद अधिकारी आएंगे मौरंग डलवा देंगे गिट्टी डलवा देंगे और मामले को दिखा देंगे की हल्की सी दरार आ गई है।यह दरार नहीं यह मौत का कुआं फट कर सामने आया परंतु नगर पालिका लीपा पोती का खेल खेलने में माहिर है।नगर पालिका अध्यक्ष इरा श्रीवास्तव यह शहर को चमका रही है कि घटिया निर्माण के लिए जेई को खुली छूट दे रही है। बताते चलें रोडवेज बस अड्डे से हीरालाल धर्मशाला तक सड़क पर डिवाइडर पर जाल बनाया गया है।रोड के दोनों तरफ़ गली होने के कारण डिवाइडर नहीं लगा कम से कम इतने अंतराल में चार रोड पड़ती अब्दुल कलाम विद्यालय पड़ता रोड खुली अब्दुल कलाम स्कूल रोड से काफी दूर है लेकिन इस्लामिया इंटर कालेज बिल्कुल रोड पर जिसमें लगभग एक हजार बच्चे पढ़ते हैं।और गैरजिम्मेदाराना कार्य देखे आगे डिवाइडर के जाल बंद परिणाम बच्चे डिवाइडर जाल फांद कर रोड पार करते रोड पार करते समय बच्चे कूदे और तेजगति से गाडी आ जाए तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।परंतु नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा इस ओर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा जो बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है जिसको लेकर आसपास के दुकानदारों ने उक्त समस्या को लेकर जिला अधिकारी को ज्ञापन तक दिया लेकिन कोई कार्रवाई न होने से लोगों में काफी आक्रोश है क्योंकि मामला बच्चों से जुड़ा हुआ है।और नगर पालिका के आगे न डिवाइडर न जाल अगर होता तो कोई दिक्कत नहीं थी लेकिन इस्लामिया इंटर कालेज के पास डिवाइडर न खोल नगरपालिका के पास काफी खोल दिया गया है जहां स्कूल से ज्यादा जरूरत नहीं थी जहां नगर पालिका परिषद अध्यक्ष व ईओ संजय कुमार की गाड़ी नगर पालिका जाने में दिक्कत न हो पूरे मामले में अधिशासी अधिकारी की संलिप्तता भी सामने आई है।

# डीएम ने लंबित प्रकरण तीन दिन में निस्तारित करने के दिए निर्देश

## 29 दिसंबर से पहले 125 ऋण वितरण व 100 स्वीकृतियां सुनिश्चित करायें

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**




मंगलवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक कर योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस योजना का संचालन किया जा रहा है। योजना के अंतर्गत बेरोजगार युवाओं को 5 लाख रुपये तक की परियोजनाओं हेतु 4 वर्षों तक शत-प्रतिशत ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है, साथ ही परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अनुदान भी दिया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बैंक अधिकारियों को अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित प्रकरणों का निस्तारण तीन दिन के भीतर हर हाल में सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। उपायुक्त उद्योग ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत जनपद का लक्ष्य 1700 प्रकरणों का था, जिसके सापेक्ष अब तक केवल 967 प्रकरण स्वीकृत हो सके हैं। इस पर जिलाधिकारी ने समस्त जिला समन्वयकों एवं शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए कि लक्ष्य की पूर्ति के लिए 29 दिसम्बर को होने वाली बैठक से पूर्व कम से कम 125 प्रकरणों का वितरण तथा 100 प्रकरणों की स्वीकृति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी को निर्देशित किया कि वे एक्सिस बैंक, आईडीबीआई बैंक सहित अन्य संबंधित शाखाओं में स्वयं जाकर प्रकरणों की स्वीकृति एवं ऋण वितरण की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा कराएं। इस अवसर पर परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, एलडीएम अनुराग सक्सेना सहित विभिन्न बैंकों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### नीम के पेड़ से साड़ी का फंदा लगाकर 50 वर्षीय व्यक्ति ने की आत्महत्या

**माधौगढ़ (जालौन)।** कस्बा माधौगढ़ के वार्ड नंबर 4, अंबेडकर नगर में मंगलवार सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई। 50 वर्षीय जय सिंह दोहरे पुत्र स्वर्गीय फूल सहाय निवासी बरी का पुरवा ने नीम के पेड़ से साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार जय सिंह दोहरे कुछ समय पूर्व कस्बे में प्लॉट लेकर मकान बनवाकर रह रहे थे। वे कारीगरी व उठाई का कार्य करते थे, लेकिन पिछले कुछ समय से काम न मिलने के कारण आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। इसी तनाव के चलते वे शराब का सेवन करने लगे थे। उन्होंने अपनी परेशानी की जानकारी परिवार के किसी सदस्य को नहीं दी थी। बताया गया कि उन्होंने लगभग तीन बीघा खेत बटाई पर ले रखा था, उसी खेत में नीम का पेड़ खड़ा था। सूत्रों के अनुसार, रात्रि में बिना किसी को बताए वे घर से निकल गए। उनकी पत्नी सूर्य कुमारी ने रात में जब खटिया खाली देखी तो सोचा कि वे बाथरूम गए होंगे और लौट आएंगे। लेकिन सुबह ग्रामीणों से सूचना मिली कि वे खेत में नीम के पेड़ से साड़ी के फंदे के सहारे लटके हुए हैं। मृतक अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र बड़ा बेटा शिवम (20 वर्ष), छोटा बेटा सत्यम (18 वर्ष) और दो विवाहित पुत्रियों को छोड़ गए हैं।

# थानाध्यक्ष कदौरा पर धमकाने और सिपाही से डराने का आरोप

## कार्यवाही न होने पर पीड़ित ने की थी जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत

**जन एक्सप्रेस । उरई (जालौन)**



थाना कदौरा क्षेत्र से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करने वाला मामला सामने आया है। ग्राम मंगराया निवासी देवेन्द्र पुत्र जगदीश सिंह ने थानाध्यक्ष कदौरा प्रभात सिंह पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ित देवेन्द्र ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जिसमें उसका कहना है कि उसका अपने पड़ोसी आशीष प्रताप सिंह पुत्र जयकरण सिंह से लंबे समय से विवाद चल रहा है जिसकी शिकायत उसने पूर्व में थाना कदौरा में की थी लेकिन पुलिस द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। पड़ोसी की कथित दबंगई से परेशान होकर देवेन्द्र ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल 1076 पर थानाध्यक्ष कदौरा प्रभात सिंह की शिकायत दर्ज कराई।

आरोप है कि शिकायत दर्ज कराने से नाराज होकर 23 दिसंबर 2025 को शाम करीब 5.30 बजे थानाध्यक्ष प्रभात सिंह ने स्वयं मोबाइल नंबर 9665294441 से देवेन्द्र के मोबाइल पर कॉल कर शिकायत करने का कारण पूंछा और बात-बात में कथित रूप से धमकी दी। इसके बाद फोन काट दिया गया। पीड़ित का यह भी आरोप है कि करीब आधे घंटे बाद एक अन्य अज्ञात मोबाइल नंबर 8839345428 से कॉल कर स्वयं को सिपाही बताते हुए कहा गया कि **बाहर निकलो हम तुम्हारे दरवाजे खड़े हैं।** इस कॉल से भयभीत होकर देवेन्द्र ने फोन काट दिया और अपने घर में छिप गया।

पीड़ित देवेन्द्र ने इस पूरे मामले की शिकायत अपर पुलिस अधीक्षक से करते हुए निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग की है। उसका कहना है कि यदि आम नागरिक शिकायत भी न कर सके और शिकायत करने पर ही पुलिस से डराया जाए तो जनता न्याय के लिए जाए कहाँ? यह मामला सामने आने के बाद पुलिस विभाग की जवाबदेही और 1076 जैसी जनसुनवाई व्यवस्था की प्रभावशीलता पर भी प्रश्नचिह्न लग गया है।

**अब देखना यह होगा कि पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा इस प्रकरण पर क्या संज्ञान लेते हैं। यह तो समय ही बतायेगा।**

# जन सुनवाई में जिलाधिकारी ने सुनी 85 शिकायतें




**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना तथा जन सुनवाई मे आज कुल 85 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। जन सुनवाई मे आज 02 बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना से जोड़ा गया।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट पूनम भाष्कर व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्माणाधीन चिकित्सालय व विद्युतीकरण का कार्य शीघ्र पूर्ण कराएं: डीएम

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**




आयुष विभाग की बैठक डीएम अनुनय झा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में निर्माणाधीन 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय भदैचा के सम्बन्ध में डीएम ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा0 आशा रावत से कहा कि उक्त चिकित्सालय निर्माण का कार्य नियमित देखे तथा समय से पूर्ण कराने हेतु संबंधित निर्माण संस्था के अधिकारी से वार्ता करें।

बैठक में राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय बिरौली, सदरपुर एवं भदैचा में भुगतान के उपरान्त विद्युत कनेक्शन नहीं होने पर जिलाधिकारी ने डा0 रावत से कहा कि अगली बैठक से पूर्व विद्युत अधिकारियों से विद्युतीकरण पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। बैठक में डीएम ने होमोपैर्थिक, आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सा केन्द्र के चिकित्सकों से वार्ता की तथा निर्देश दिये कि अपने क्षेत्र में आने वाले स्कूल व आंगनबाड़ी केन्द्रो पर आने वाले बच्चों का नियमित परीक्षण करें और बच्चों सहित ग्रामवासियों को दवायें उपलब्ध करायें। बैठक में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम सहित सभी चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में किया जागरूक




**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**

प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार एवं उ0प्र0 शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अंतर्गत 19 दिसंबर से 25 दिसम्बर 2025 के मध्य सुशासन सप्ताह 2025-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम मनाया जा रहा है।

पिहानी ब्लॉक के ग्राम बरी में बुधवार को एसडीएम अंकित तिवारी ने ग्राम चौपाल के माध्यम से सुशासन सप्ताह मनाते हुए सरकार की योजनाओं से ग्रामीणों को जागरूक किया। सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर जनशिकायतों के समाधान हेतु विशेष कैम्पों का आयोजन किए जाने के निर्देश दिए गए है। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों को शासकीय सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से सर्विस डिलीवरी आवेदनों यथा आय, जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, खतौनी की नकल आदि हेतु प्राप्त आवेदनपत्रों के अर्न्तगत जनसेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए।

# मनरेगा योजना को अब 'वीबी जी राम जी' के नाम से जाना जायेगा

**जन एक्सप्रेस । कोंच (जालौन)**



कोंच विकासखंड के सभागार में बुधवार को डीसी मनरेगा द्वारा मनरेगा योजना में हो रहे महत्वपूर्ण परिवर्तनों को लेकर एक अहम बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में क्षेत्र के रोजगार सेवकों एवं ग्राम सचिवों को मनरेगा योजना परिवर्तन वीबी जी रामजी अधिनियम 2025 के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, ताकि सभी संबंधित कर्मचारी नई व्यवस्था को भली-भांति समझ सकें और धरातल पर प्रभावी रूप से लागू कर सकें। बैठक में डीसी मनरेगा रामेंद्र सिंह एवं बीडीओ प्रशांत कुमार ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) के तहत मनरेगा योजना में बदलाव किया जा रहा है। इस बदलाव के तहत अब ग्रामीण मजदूरों को पहले की तरह 100 दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे ग्रामीण परिवारों की आय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि परिवर्तित मनरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसके साथ ही जल संरक्षण, प्राकृतिक आपदाओं की रोकथाम एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

योजना के तहत पहले की तरह ही पारदर्शी प्रक्रिया से कार्य कराए जाएंगे, लेकिन अब मनरेगा श्रमिकों को अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे। अधिकारियों ने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास सहित अन्य आवश्यक कार्यों को चिन्हित कर एक सुनियोजित कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे गांवों में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। इसका उद्देश्य ग्रामीण जनता को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना और गांवों की समग्र विकास प्रक्रिया को गति देना है। बैठक में मौजूद सभी रोजगार सेवकों और सचिवों से नई योजना को गंभीरता से लागू करने का आह्वान किया गया। इस मौके कंप्यूटर ऑपरेटर प्रशांत श्रीवास्तव, तकनीकी सहायक राजीव रेंजा हरिचन्द्र सिंह, हरिशंकर, असद खान, लेखा सहायक मनोज श्रीवास्तव, सचिव नरेंद्र पटेल, हर्षित गुप्ता, पवन सिंह, हेमन्त कुमार, पूनम, शिल्पी राजपूत, अनुज गुप्ता, इंद्रजीत राणा, रोजगार सेवक रामलला, अभिषेक परैथा, चन्द्रभान, वंदना, रामकुमारी, नरेंद्र कुमार वर्मा भदेवरा, राकेश घुसिया सुरेन्द्र खैरी,सुभाष पड़री, जयंती बाबू, राजीव चमेंड़ आदि मौजूद रहे।

### क्षेत्र में संचालित अल्ट्रासाउंड केंद्रों का एसडीएम ने निरीक्षण कर जांचा प्रपत्र

**कालपी (जालौन)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी की अगुवाई में चिकित्सा अधिकारियों ने कालपी एवं आसपास के इलाकों में संचालित अल्ट्रासाउंड का औचक निरीक्षण किया तथा संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए।

बुधवार की दोपहर को एसडीएम कालपी मनोज कुमार सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरविंद भूषण व नोडल अधिकारी की टीम ने वरदान अल्ट्रासाउंड कालपी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र चिकित्सकों तथा कर्मचारियों के प्रमाण पत्र एवं स्वच्छता की हालत देखी तथा संचालकों को आवश्यक निर्देश दिए।

इसी क्रम में एसडीएम तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम ने नवीन पंजीकरण हेतु प्रस्तावित लोटस अल्ट्रासाउंड केंद्र कदौरा का निरीक्षण किया। अधिकारियों की टीम के द्वारा औचक निरीक्षण की खबर पाकर कई लोगों में बेचैनी फैल गई।

# शाहगंज में विद्युत विभाग का राहत शिविर, 7.75 लाख रुपये की वसूली



**जन एक्सप्रेस । जालौन (उरई)।**

मोहल्ला शाहगंज क्षेत्र में विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए एक राहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने अपने विद्युत बिलों में सुधार कराया तथा बकाया राशि जमा कराई। शिविर के दौरान कुल लगभग 7 लाख 75 हजार रुपये की राजस्व वसूली की गई। राहत शिविर में नफीसा, शान मोहम्मद, सकीना, अशतारा, सितबो, सरीफ मकबूल शाह, साहीन, मोहम्मद शकीन, यूनिस शाह, भूरे खान, शेरे दिल सहित अन्य उपभोक्ताओं ने भी लाभ उठाया। जालौन केंद्र सहित कुल लगभग 80 उपभोक्ताओं का पंजीकरण किया गया।

शिविर के दौरान उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया और बिलों में त्रुटियों को मौके पर ही सुधारा गया, जिससे उपभोक्ताओं में संतोष देखने को मिला। इस अवसर पर विद्युत विभाग के कई अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे, जिनमें एक्सियन महेन्द्र नाथ भारती (उरई), एसडीओ सूरज सोनी, जेई नबीन कनोजिया, टीजी-2 जितेन्द्र कुमार, फीडर मैनेजर सौरभ सेंगर, संदीप सिंह कुशवाहा, अकाउंटेंट संदीप कुमार, के.के. कुशवाहा, लाइनमैन विमलेश, बिमलेश कुमार, रज्जाक खान और विजय आदि शामिल रहे। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे इस प्रकार के राहत शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और समय पर विद्युत बिल जमा कर विभाग का सहयोग करें।

### एडीएम ने 250 नगर पालिका कर्मियों को बांटी जैकिट

**जालौन (उरई)।** नगर पालिका परिषद जालौन में आज कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) संजय सिंह द्वारा नगर पालिका के समस्त कर्मचारियों को जैकिट का वितरण किया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी (एसडीएम) हेमंत पटेल, क्षेत्राधिकारी (सीओ) शैलेंद्र बाजपेयी तथा नगर पालिका परिषद की चेयरमैन नेहा पुनीत मित्तल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। एडीएम संजय सिंह के नगर पालिका कार्यालय पहुंचने पर अधिशासी अधिकारी (ईओ) सुशील कुमार ने उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान एडीएम संजय सिंह ने नगर पालिका परिषद में संचालित विभिन्न विकास एवं जनहित कार्यों की जानकारी भी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। तय कार्यक्रम के अनुसार सफाई कर्मियों, ड्राइवरों, लाइनमैन सहित कुल लगभग 250 कर्मचारियों को जैकिट वितरित की गईं, जिससे कर्मचारियों में उत्साह और प्रसन्नता देखने को मिली। इस अवसर पर नगर पालिका के सभासदगण भी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ कार्यक्षमता में भी वृद्धि करते हैं।

# कालपी धाम में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन पांच जनवरी से


**जन एक्सप्रेस । कालपी (जालौन)**

नए यमुना पुल के समीप स्थित काली माता मंदिर, कालपी धाम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक अनुष्ठान 5 जनवरी 2026 से 12 जनवरी 2026 तक श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ 5 जनवरी 2026 को प्रातः 11 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं एवं पुरुष शामिल होकर धर्ममय वातावरण का निर्माण करेंगे। इसी दिन से श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ भी होगा। कथा वाचन का पावन कार्य भगवताचार्य श्रीमद् भागवत आचार्य पंडित श्री जितेंद्र कृष्ण शास्त्री जी (सिद्ध पीतांबरा पीठ, दतिया) के श्रीमुख से किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन अपराह्न 1 बजे से निर्धारित है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्त प्रह्लाद, ध्रुव, रुक्मिणी विवाह एवं श्रीकृष्ण जन्म की कथाओं का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जाएगा। 11 जनवरी 2026 को श्रीमद् भागवत कथा का विधिवत समापन होगा, जबकि 12 जनवरी 2026 को प्रातः हवन एवं पूर्णाहुति के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। इस पावन आयोजन के आयोजक रामविलास बाबा, पुजारी काली माता मंदिर कालपी हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# बांग्लादेश के खिलाफ प्रदर्शन कर बजरंग दल और विहिप ने फूंका पुतला

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



बांग्लादेश में दीपू दास की निर्मम हत्या और जलाने के मामले में यहां भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी सिलसिले में बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने बड़ी संख्या में बस स्टैंड पर बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला फूंका और विरोध जताया। बजरंग दल के नगर संयोजक लव कुश राठौर के नेतृत्व में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मौलागंज बस स्टैंड पर प्रदर्शन किया और बांग्लादेश के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने बांग्लादेश सरकार का पुतला फूंका और उस पर डंडे बरसाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हत्या की कड़ी शब्दों में निंदा की और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता जय श्री राम और विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर लव कुश राठौर, गौ रक्षा प्रमुख अरुण गुप्ता, अमन हिंदू, अनुज मिश्रा, निशांत गुप्ता, विकास मिश्रा, कलश मिश्रा, राजकुमार सक्सेना, महेंद्र कुमार, सौरभ मिश्रा, अंकित मिश्रा, अमित मिश्रा, राजेंद्र मिश्रा सहित बड़ी संख्या में संगठन के लोग मौजूद रहे।

# वीवीआईपी भ्रमण के मद्देनज़र हरदोई पुलिस लाइन में सुरक्षा व्यवस्था की ब्रीफिंग

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जनपद लखनऊ में प्रस्तावित वीवीआईपी भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत 24 दिसंबर 2025 को रिजर्व पुलिस लाइन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर ब्रीफिंग आयोजित की गई।

ब्रीफिंग के दौरान डीएम अनुनय झा एवं एसपी अशोक कुमार मीणा ने वीवीआईपी ड्यूटी में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल को सतर्कता, अनुशासन एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील स्थलों की निगरानी तथा आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों पर विशेष जोर दिया गया।डीएम एवं एसपी ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी संबंधित अधिकारी -कर्मचारी अपने-अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करें। ब्रीफिंग के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन के वरिष्ठ अधिकारी एवं वीवीआईपी सुरक्षा ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# नशा का मास्टरमाइंड नेपाल में गिरफ्तार

## नेपाल पुलिस की कार्रवाई में नशा कारोबारी इरशाद अली सहित चार गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। दूठीबारी/महराजगंज




भारतीय से सटे पड़ोशी राष्ट्र नेपाल पुलिस व नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नशा कारोबारी और प्रतिबंधित नशीली दवाओं के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय नागरिक सहित चार संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मुखबिर की सूचना पर नवलपरासी पुलिस ने दो अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर लाखों रुपए के अनुमानित कीमत के अवैध नशीली इंजेक्शन की बड़ी, मोबाइल, नेपाली करेंसी, भारतीय और नेपाली नंबर प्लेट की बाइक भी बरामद किया है। मामले में पुलिस ने नशा कारोबारी इरशाद अली निवासी ठूठीबारी सहित चारों युवकों जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई से सीमावर्ती इलाके में सक्रिय ड्रग तस्करी में हड़कम मच गया है।

मिली जानकारी के मुताबिक नेपाल राष्ट्र के नवलपरासी पुलिस प्रशासन व नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर नशीली इंजेक्शन की बड़ी खेप बरामद किया है। जिसमें डायजेपाम 2087 एम्पुल, फेनारगर्न 2091 एम्पुल, ब्यूफ्रेनॉरफिन 2014 एम्पुल, छह अदद मोबाइल फोन, भारतीय बाइक यूपी 56 बीई 5537 व लू 72 पा 2913 नेपाली बाइक और 40 हजार नकद रुपए के साथ चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान क्रमशः इरशाद अली निवासी ठूठीबारी राष्ट्र भारत, सहारेदीन अंसारी जोलाहा निवासी नेपाल, नवी रसूल निवासी नेपाल, कृष्ण चौधरी निवासी नेपाल के रूप में हुई है। पुलिस की पूछताछ के दौरान नशा कारोबारी और ड्रग्स तस्कर इरशाद अली ने बताया कि नशीली दवाओं की खेप भारतीय सीमा क्षेत्र से नेपाल राष्ट्र लाकर अवैध बाजार में बेचने की योजना था।

इस संबंध में प्रहरी निरीक्षक सोमदास ढकाल ने बताया कि प्रतिबंधित नशीली इंजेक्शन के साथ भारतीय नागरिक सहित चार नेपाली युवकों को गिरफ्तार किया गया है। औषधि अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपितों को जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि नशा कारोबार में संलिप्त लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी।

### बरगदवा पुलिस ने इरशाद के विरुद्ध किया था कार्रवाई

बीते वर्ष बरगदवा पुलिस, स्वाट टीम व 22वी बटालियन एसएसबी जवानों की संयुक्त टीम ने बरगदवा क्षेत्र के चकरार एसएसबी रोड के समीप एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार यूपी 53 डीक्यू 1247 से भारी मात्रा में अवैध नशीली इंजेक्शन, एनआरएक्स रैपर के साथ इरशाद अली पुत्र स्व0 आबिद अली निवासी सड़कहवा थाना ठूठीबारी व सन्नी जयसवाल पुत्र अजय जयसवाल निवासी नगरपंचायत पीपीगंज निवासी वार्ड संख्या तीन आजाद नगर थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया था।

## हत्या का प्रयास व दहेज उत्पीड़न का आरोपी गिरफ्तार, जेल



**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले की बाघराय थाने की पुलिस ने पत्नी की हत्या का प्रयास करने व दहेज उत्पीड़न के आरोपी को थाना इलाके के बड़े नहर की पुलिया टेकीपट्टी के पास से बुधवार को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार बाघराय थाना इलाके के एक गांव की युवती की शादी थाना इलाके के ही दयाल का पुरवा वंशियारा गांव निवासी नीरज यादव के साथ हुई थी। कुछ दिनों तक सब ठीकठाक रहा लेकिन फिर बाद में दहेज की मांग को लेकर युवती को प्रताड़ित किया जाने लगा। सोमवार को पीड़िता के भाई ने थाने पर तहरीर देते हुए आरोप लगाया कि दहेज की मांग को लेकर ससुरालियों द्वारा उसकी बहन के सिर पर लाठी डण्डों से मारने के साथ ही शारीरिक प्रताड़ना दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति नीरज, जेठ व सास के विरुद्ध डीपी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुदकमा दर्ज कर लिया। एसआई दिनेश कुमार व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर आरोपी नीरज यादव को थाना इलाके के बड़े नहर की पुलिया टेकीपट्टी के पास से बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# मिशन शक्ति टीम ने दम्पति का विवाद सुलझाकर परिवार टूटने से बचाया



जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़

जिले के कुण्डा कोतवाली थाने की मिशन शक्ति टीम ने पति पत्नी के विवाद को सुलझाकर परिवार को टूटने से बचाया। दम्पति ने परस्पर सुलह कर साथ रहने को तैयार हो गये। बता दें कि बुधवार को कुण्डा थाने पर कबरियागंज निवासी एक महिला ने अपने पति पर मारपीट एवं गाली-गलौज का आरोप लगाते हुए शिकायत की थी। जिसके बाद मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों को थाने पर बुलाकर काउंसलिंग कराई गई, जिसमें पारिवारिक विवाद के संबंध में विस्तारपूर्वक वार्ता की गई।

टीम द्वारा समझाने बुझाने के बाद दोनों पक्ष आपस में सहमत होते हुए सुलह समझौता कर लिया तथा यह भी अवगत कराया कि वे किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं चाहते। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में पुलिस द्वारा पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु ऐसे परामर्श एवं काउंसलिंग की प्रक्रिया निरंतर संचालित की जा रही है जिससे सामाजिक सौहार्द एवं पारिवारिक सद्भाव बनाए रखा जा सके और परिवार को टूटने से बचाया जा सके।

# वन विभाग की बड़ी कार्रवाई : एक अजगर के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले में मंगलवार को वन्यजीव संरक्षण के तहत वन विभाग को बड़ी सफलता हाथ लगी है। प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी जौनपुर द्वारा दी गयी सूचना पर उनके कार्यालय से देवेश कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, विपिन कुमार यादव वन दरोगा, मारुति कुमार वर्मा वन दरोगा, लक्ष्मीकांत वन रक्षक एवं प्रतापगढ़ वन प्रभाग से अवध बिहारी उप क्षेत्रीय वन अधिकारी, परीक्षित मिश्रा वन दरोगा, राहुल कुमार गौतम वन दरोगा, वन्दना वर्मा वन दरोगा द्वारा चिलबिला हनुमान मंदिर के सामने मलियाना में अमित के घर पर छापा मारा गया। जिसमें नगर कोतवाली थाना इलाके के चिलबिला (गोड़े) निवासी सुरेश कुमार पुत्र शीतला प्रसाद निवासी गोड़े चिलबिला एवं कंधई थाना इलाके के दीवानगंज निवासी सूरज पुत्र गया प्रसाद को एक अजगर के साथ गिरफ्तार किया गया। सम्बन्धित विभाग द्वारा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## साइंस क्विज प्रतियोगिता में 150 परिषदीय बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**देवरिया।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत मंगलवार को बीआरसी परिसर में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में परिषदीय विद्यालयों के 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। 35 अंकों की इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पांच विद्यार्थियों का चयन जिलास्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता के लिए किया गया है। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और नवाचार की भावना को विकसित करती है जो उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करती है। एआरपी रमेश तिवारी ने बताया कि प्रतियोगिता कक्षा छह से आठ तक के विद्यार्थियों के बीच आयोजित की गई। परीक्षा कुल 35 अंकों की थी, जिसमें 30 अंक लिखित परीक्षा तथा पांच अंक विषय विशेषज्ञों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर निर्धारित किए गए।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर सख्ती, ग्रीन चौपाल को ग्राम चौपाल से जोड़ने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। महराजगंज



जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पर्यावरण समिति, जिला वृक्षारोपण समिति एवं जिला गंगा समिति की मासिक बैठक जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नोडल अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह तथा संयोजक प्रभागीय बनाधिकारी सोहगीबरवा वन्य जीव प्रभाग निरंजन सुर्वे राजेंद्र की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान सॉलिड वेस्ट, लिक्विड वेस्ट, ई-वेस्ट, प्लास्टिक वेस्ट सहित विभिन्न प्रकार के अपशिष्टों के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत कूड़ा निस्तारण को डोर टू डोर व्यवस्था के माध्यम से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने के संबंध में की जा रही कार्यवाही की समीक्षा करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने, जिले को पॉलीथीन मुक्त बनाने तथा आमजन को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। जिलाधिकारी ने एजेंडा के अनुसार ग्रीन चौपाल की नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश देते हुए कहा कि इसे ग्राम चौपाल के साथ जोड़ा जाए, ताकि पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप दिया जा सके। इसके साथ ही नालों में बहने वाले ठोस अपशिष्ट की रोकथाम के लिए अब तक की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए अपशिष्ट प्रवाह रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। बैठक में डीडीओ बी.एन. कन्नौजिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय, जिला उद्यान अधिकारी संजय कुमार रस्तोगी, ईओ सदर आलोक कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा का हुआ भव्य समापन

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले में स्पोर्ट्स स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा के दूसरे और अंतिम दिन कुल पांच खेलों, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती और कबड्डी के सभी विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्या का जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने पुष्पगुच्छ और उप खेल अधिकारी रंजीत यादव ने बैज लगाकर स्वागत किया। सांसद ने प्रतियोगिता में विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सांसद ने जनपद के लिए भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन देने के साथ साथ खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला और जनपद के लिए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भाजपा आशीष श्रीवास्तव, डीएम शिव सहाय अवस्थी, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता राघवेंद्र शुक्ला, भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, जिला महामंत्री निशित श्रीवास्तव, भाजपा नेता संतोष मिश्रा, जिला प्रभारी भाजपा कौशलेंद्र पटेल, जिलामंत्री राम जी मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि विशाल विक्रम सिंह, विद्यासागर शुक्ला, गिरधारी सिंह, अशोक कुमार सिंह, शिवानी मातनहेलिया एवं यशोदा शुक्ला सहित सभी नगर पंचायतों के अध्यक्ष सहित संगठन के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह अपनी पूरी टीम के साथ मौजूद रहे। जिला स्काउट शिक्षक सुशील कुमार सिंह भी अपनी पूरी टीम के साथ उपस्थित रहे। अंत में जिला खेल अधिकारी पूनम लता राज ने प्रतियोगिता को सफल बनाने में कबड्डी प्रशिक्षक जय प्रकाश यादव, एथलेटिक्स प्रशिक्षक शोभनाथ यादव,कुश्ती प्रशिक्षक अरविंद कुमार, तलवारबाजी प्रशिक्षक लवली मिश्रा, फुटबॉल प्रशिक्षक बुद्ध प्रकाश, जिम ट्रेनर विक्रम प्रताप सिंह, दुर्गेश तिवारी मुन्ना, कपिल, विमल, पवन आदि का आभार प्रकट किया।

## अधूरे बचे नो मैपिंग को पूरा करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर

क्षेत्र के ग्राम कुंडवा उर्फ दिलीपनगर के सिसई टोला स्थित पंचात भवन परिसर में कसया एसडीएम ने मंगलवार को बीएलओ ओर बीएलए के साथ बैठक की। इसमें एसडीएम ने अधूरे बचे नो मैपिंग का कार्य पूरा करने का निर्देश दिए। एसडीएम डॉ. संतराज सिंह बघेल ने कहा कि चुनाव आयोग की तरफ से दिए गए समय में एसआईआर कार्य को हर हाल में पूर्ण करें। इसमें अधिकतर कार्य पूर्ण हो चुका है। फार्म भी जमा हो गए हैं। एसआईआर में नो मैपिंग में आठ प्रतिशत कार्य बचा है। उन्होंने कहा कि अधूरे बचे नो मैपिंग कार्य को भी समय के भीतर पूरा करें।

# रातभर सड़क किनारे पड़ा रहा दुर्घटना में घायल युवक, इलाज के दौरान मौत

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के कटारी गांव के समीप सड़क दुर्घटना में घायल युवक रातभर पड़ा रहा। जानकारी पर पहुंचे परिजन ले गए अस्पताल जहां इलाज के दौरान हुई युवक की मौत।

मिली जानकारी के अनुसार कोहंडौर थाना क्षेत्र के अतरसंड (गौरा) गांव निवासी विजय कुमार सिंह का बेटा पंकज सिंह ( 30 वर्ष ) शहर के एक निजी वाहन एजेंसी में फाइनेंसकर्मी है। वहां से देर रात वह बाईक से गए के लिए निकला लेकिन रात भर घर नहीं पहुंचा। घना कोहरा होने के कारण कटारी गांव के पास उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह घायल होकर सडक किनारे गड्ढे में बाइक समेत गिर गया। लोग कयास लगा रहे हैं कि गंभीर चोट लगने की वजह से उसे रात भर होश नहीं आया और वह गढ्ढे में पड़ा रहा। सुबह जब उधर से गुजर रहे राहगीरों ने युवक को सड़क किनारे गड्ढे में देखा तो मोबाइल फोन व आधार कार्ड से गांव में फोन किया। सूचना मिलते ही परिजन आननफानन में मौके पर पहुंचे और युवक को जिला अस्पताल ले गए। जहां पर हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे प्रयागराज रेफर कर दिया। परिजनों ने एक निजी अस्पताल में युवक को भर्ती कराया जहां बुधवार सुबह युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर घर में मातम फैल गया। मृतक की पत्नी, एक छोटा बेटा व पिता का रो रोकर बुरा हाल है। अभी बीते चार दिन पहले मृतक के चचेरे भाई की बीमारी के चलते मौत हो गई थी। परिवार उस घटना को भूल भी नहीं पाया था कि एक और जान चली गई।

# किडनी निकालने का आरोप: न्यायालय के आदेश पर डॉक्टर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़



जिले की देहात कोतवाली थाना इलाके के राजगढ़ गांव निवासी पन्नालाल विश्वकर्मा ने कोर्ट के आदेश पर संजीवनी अस्पताल के डॉ. एसएस गुप्ता और उनके सहयोगी पर बेटे की किडनी निकालने का नगर कोतवाली थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है। बता दें कि पन्नालाल के अनुसार वर्ष 2024 में उसके बेटे को हिमांशु ( 22 वर्ष ) को पेट दर्द होने पर उसे 2 जून 2024 को डॉ. एसएस गुप्ता को दिखाया तो उन्होंने किडनी में पथरी बताकर छह जून को ऑपरेशन किया। चार दिन बाद उसे डिस्चार्ज कर घर भेज दिया गया। लेकिन उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई। बाद में उसका फिर से ऑपरेशन किया। इसके बाद उसने बाहर अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि उसकी बाईं किडनी नहीं है। इसके बाद वह लखनऊ से बेटे का इलाज करा रहा है। उसने डॉक्टर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोर्ट में वाद दायर किया था। कोर्ट के आदेश पर नगर कोतवाली पुलिस ने डॉ. एसएस गुप्ता और सहयोगी अलंकार के खिलाफ किडनी चोरी का केस दर्ज किया है। वहीं सीएमओ ने मामले की जानकारी होने से इनकार किया है। मामले में सच्चाई क्या है ये तो फिलहाल जांच के बाद ही सामने आयेगी। नगर कोतवाल सुभाष कुमार यादव ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## गुर्गों के साथ सभासद पर धमकी देने का आरोप

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** थाना इलाके के नगर पंचायत कोहंडौर के धरौली मधुपुर वार्ड निवासी जय सिंह यादव ने कोहंडौर पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया है कि वह अपनी जिस भूमिधरी भूमि पर कई साल से काबिज दाखिल चला आ रहा है उस जमीन पर रखे टीन शेड, पीलर की बाउंड्रीवाल को मंगलवार को सभासद अपने कुछ गुर्गों के साथ आया और जान से मारने की धमकी देते हुए बोला कि यहा से अपना सब कुछ हटा लो। मना करने पर वह लोंगो के साथ हटाने का प्रयास करने लगा मना करने पर गालिया देते हुए जान से मारने की धमकी दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी इंचार्ज सीताराम यादव ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ऑपरेशन प्रहार: सवा किलो गांजा व नकदी के साथ युवक गिरफ्तार, जेल

जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़




जिले की महेशगंज थाने की पुलिस ने बुधवार को थाना इलाके के एक निर्माणाधीन मन्दिर के समीप एक युवक को लगभग सवा किलो गांजा व नकदी के साथ गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक थाना इलाके के कांटेजोत रायगढ़ गांव का निवासी है। एसपी दीपक भूकर के द्वारा नशे के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत एएसपी पश्चिमी व सीओ सदर के पर्यवेक्षण व थाना प्रभारी राधेश्याम के नेतृत्व में एसआई विजेन्द्र कुमार यादव व उनकी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अनिल कुमार पांडेय उर्फ भोले को थाना इलाके के जगापुर गांव में निर्माणाधीन मन्दिर के पास से गिरफ्तार किया।

अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने एक किलो एक सौ छानबे ग्राम गांजा व गांजा बिक्री के एक हजार तीन सौ दस रुपये नकद बरामद किया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया। आरोपी के विरुद्ध इसके पहले भी एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज था। एसपी दीपक भूकर द्वारा जिले भर में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं प्रसार की रोकथाम हेतु पुलिस द्वारा निरंतर विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनपद को नशामुक्त वातावरण प्रदान करना तथा समाज, विशेषकर युवाओं, को इस गंभीर बुराई से सुरक्षित रखना है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध रूप से मादक पदार्थों का निर्माण, क्रय-विक्रय या तस्करी होती दिखाई दे, तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें जिससे प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# अटलजी भारतीय राजनीति में एक अजातशत्रु के रूप में जाने जाते हैं: अजीत प्रजापति

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर भारतीय जनता पार्टी जौनपुर के कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती की पूर्व संध्या पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और भव्य दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया और उनके योगदान को याद किया गया एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि अटलजी भारतीय राजनीति में एक अजातशत्रु के रूप में जाने जाते हैं उन्होंने राजनीति में एक विशिष्ट और सराहनीय मुकाम हासिल किया वाजपेयी जी अपने छात्र जीवन के दौरान पहली बार राष्ट्रवादी राजनीति में तब आये जब उन्होंने वर्ष 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन जिसने ब्रिटिश उपनिवेशवाद का अंत किया, में भाग लिया। वह राजनीति विज्ञान



और विधि के छात्र थे और कॉलेज के दिनों में ही उनकी रुचि विदेशी मामलों के प्रति बढ़ी। उनकी यह रुचि वर्षों तक बनी रही एवं विभिन्न बहुपक्षीय और द्विपक्षीय मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने अपने इस कौशल का परिचय दिया वाजपेयी जी ने अपना करियर पत्रकार के रूप में शुरू किया था और 1951 में भारतीय जन संघ में शामिल होने के बाद उन्होंने पत्रकारिता छोड़ दी। आज की भारतीय जनता पार्टी को पहले भारती जन संघ के नाम से जाना जाता था जो राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन का अभिन्न अंग है। उन्होंने कई कवितायें भी लिखी जिसे समीक्षकों द्वारा सराहा गया। अब भी वह राजनीतिक मामलों से समय निकालकर संगीत सुनने और खाना बनाने जैसे अपने शौक पूरे करते हैं। जिला महामंत्री पीयूष गुप्ता ने कहा कि 1980 में हुए भाजपा के पहले अधिवेशन को याद करते हुए कहा, अटलजी ने कहा था कि अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा और कमल खिलेगा आज उनका यह सपना साकार हुआ है भाजपा को एक राष्ट्रवादी दल बताते हुए कहा कि अटलजी के नेतृत्व में भाजपा ने भारत को एक सुदृढ़ और समर्थ राष्ट्र बनाने की दिशा में कार्य किया। जिला उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंघानिया ने कहा कि अटलजी को 1992 में पद्म विभूषण, 1994 में श्रेष्ठ सांसद पुरस्कार, लोकमान्य तिलक पुरस्कार, और 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया। उनके कार्यों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशभर के लोग प्रेरित हैं अटलजी एक बहुआयामी व्यक्तित्व वाले नेता थे। जिला महामंत्री अमित श्रीवास्तव ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना के माध्यम से देश को सड़क मार्ग से जोड़ा और कावेरी जल विवाद जैसे लंबे समय से लंबित मुद्दों का समाधान किया। पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंकज मिश्र ने कहा कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण राष्ट्रसेवा में समर्पित कर भारत को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया। वे भारतीय राजनीति के युगपुरुष थे, जिनका व्यक्तित्व, विचार और कृतित्व सदैव देशवासियों को प्रेरणा देता रहेगा। अटल जी की शताब्दी जन्म जयंती पर उन्हें कोटि-कोटि नमन है। पूर्व जिला महामंत्री संदीप तिवारी ने कहा कि श्रद्धेय अटल जी का सम्पूर्ण जीवन राष्ट्र निर्माण, जनसेवा और सुशासन के लिए समर्पित रहा। पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और पवित्रता के साथ उन्होंने जिस राजनीति की परंपरा स्थापित की, वह अमृतकाल में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए हम सभी के लिए मार्गदर्शक है। उक्त अवसर पर आमोद सिंह परविंदर चौहान इंद्रसेन सिंह घनश्याम यादव नीरज मौर्य अमरनाथ पांडेय विकास ओझा जय शंकर पाल सुधांशु सिंह प्रमोद प्रजापति शरद टंडन शुभम मौर्य आदि उपस्थित रहे।

# जायसवाल समाज ने किया भाजपा जिलाध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन

- शाहगंज में कम्बल वितरण, 250 जरूरतमंदों के चेहरों पर लौटी रौनक

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



**शाहगंज।** जायसवाल समाज शाहगंज की ओर से नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत कुमार प्रजापति का भव्य नागरिक अभिनंदन किया गया। नगर के जायसवाल समाज अध्यक्ष धनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीषण ठंड के बीच आयोजित कार्यक्रम में करीब 250 गरीब एवं जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए गए, जिससे उनके चेहरों पर राहत और खुशी साफ झलक उठी।

### लोकतंत्र मजबूत करने का आह्वान

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने अपने संबोधन में कहा कि सभी को एसआईआर (विशेष पुनरीक्षण अभियान) में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने अपील की कि पार्टी कार्यकर्ता और समाज के लोग लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदाता सूची के शुद्धिकरण में सहयोग करें। प्रजापति ने कहा कि बीएलओ द्वारा जारी सूची से मिलान कर हर योग्य व्यक्ति अपना



नाम मतदाता सूची में दर्ज कराएं। उन्होंने निर्देश दिया कि मृतक, अपात्र या दोहरे नामों को सूची से हटाने का कार्य तेजी से किया जाए तथा नए मतदाताओं को जोड़ने में सक्रिय भूमिका निभाई जाए। उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के कार्यों की सराहना की।

### सम्मान और आभार प्रकट

जिलाध्यक्ष ने श्री रामलीला समिति, जायसवाल समाज एवं नगरवासियों का सम्मान और स्नेह देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कैलाश नाथ जायसवाल ने किया, जबकि प्रथम संबोधन पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने दिया।

### समाजसेवियों की रही विशेष उपस्थिति

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से धनश्याम जायसवाल, आशा जायसवाल, प्रेम नारायण जायसवाल, रुपेश जायसवाल, अनिल मोदनवाल, मनीष अग्रहरि, विकास अग्रहरि, चिंताहरण शर्मा, प्रदीप जायसवाल, रविकांत जायसवाल, वेद प्रकाश जायसवाल, कमलेश अग्रहरि, उमेश जायसवाल, सर्वेश चौरसिया, देवी प्रसाद मंटू, कालीचरण जायसवाल आदि मौजूद रहे। भीषण सर्दी में कम्बल पाकर गरीबों के चेहरे खिल उठे और कार्यक्रम सामाजिक सरोकार का संदेश देकर संपन्न हुआ।

## जनसुनवाई में पुलिस अधीक्षक डॉ कुस्तुभ ने फरियादियों की समस्याएं सुनीं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश




जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जौनपुर जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से दिनांक 24 दिसंबर 2025 को पुलिस कार्यालय जौनपुर में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। जनसुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ कुस्तुभ द्वारा कार्यालय पर आए समस्त फरियादियों की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक फरियादी की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित मामलों में प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कई मामलों में दूरसंचार माध्यम से संबंधित थाना प्रभारी एवं अधिकारियों से वार्ता कर शिकायतों के शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, मारपीट, उत्पीड़न सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें सामने आईं। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फरियादियों की शिकायतों पर संवेदनशीलता के साथ कार्रवाई करें और पीड़ित को न्याय दिलाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के माध्यम से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और लोगों ने इस पहल की सराहना की।

## बांस मंडी कोपरगंज क्षेत्र में नौकरी के दौरान अवधूली का मामला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बांसमंडी कोपरगंज क्षेत्र में नौकरी के दौरान अवैध वसूली और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी का मामला सामने आया है। गोविंद नगर निवासी भरत भाटिया ने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर कुछ लोगों पर 50 हजार रुपये की मांग, मारपीट का प्रयास और पथराव के आरोप लगाए हैं। शिकायत पर पुलिस आयुक्त ने प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं। भरत भाटिया के अनुसार वह 79/47 बांसमंडी कोपरगंज स्थित एक टिंबर कारोबारी के यहां मैनेजर के पद पर कार्यरत है। पांच दिसंबर को पड़ोस में रहने वाले नरेन्द्र और अजय उर्फ रिंकू उसके पास पहुंचे और एक कथित झोपड़ी की दीवार गिरने का आरोप लगाते हुए 50 हजार रुपये की मांग की। इंकार करने पर विवाद बढ़ा और महिलाओं को बुलाकर गाली-गलौज करते हुए ईंट उठाकर मारने का प्रयास किया गया। पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद आरोपी मौके से चले गए।

## धार्मिक स्थल की जमीन पर शौचालय निर्माण का विरोध, विधायक से हस्तक्षेप की मांग



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मोहसिनपुर उर्फ मसवानपुर में पक्का तालाब से जुड़े प्राचीन धार्मिक स्थल जखई बाबा की जमीन पर नए शौचालय निर्माण को लेकर विवाद गहरा गया है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि वर्षों पुराने धार्मिक स्थल की जमीन पर, पहले से मौजूद शौचालयों को तोड़कर नया निर्माण कराया जा रहा है, जिससे उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हो रही हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जखई बाबा का यह स्थल बीते कई दशकों से आस्था का केंद्र रहा है, जहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम होते हैं। ऐसे में उसी भूमि पर शौचालय का नया निर्माण स्वीकार्य नहीं है। लोगों ने निर्माण का लगातार विरोध किया है और आक्रोश भी जताया है। इस संबंध में समस्त क्षेत्रीय निवासियों ने गोविंद नगर विधायक को पत्र भेजकर मांग की है कि नए निर्माणाधीन शौचालय का कार्य तत्काल रुकवाया जाए। साथ ही पहले से बने शौचालयों की मरम्मत कर उन्हें ही उपयोग में लाया जाए और धार्मिक स्थल की साफ-सफाई कराई जाए। लोगों को उम्मीद है कि विधायक उनकी धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए उचित हस्तक्षेप करेंगे।

# निपुण भारत लक्ष्य को लेकर डायट में समग्र शिक्षा की मासिक बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । बस्ती



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) के सभागार में बुधवार को समग्र शिक्षा कार्यक्रमों की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने की। इस दौरान दिसंबर माह में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ ही जनवरी माह के लिए बीईओ, एसआरजी और एआरपी के लक्ष्य निर्धारित किए गए। बैठक को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य ने कहा कि 27 जनवरी से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का निपुण असेसमेंट प्रस्तावित है। ऐसे में शत-प्रतिशत बच्चों को निपुण बनाने के लिए विद्यालय, संकुल और ब्लॉक स्तर पर ठोस एवं प्रभावी कार्ययोजना बनाकर सामूहिक रूप से कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक, शिक्षक संकुल, एआरपी और बीईओ की सक्रिय सहभागिता से ही निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। बैठक में नोडल प्रवक्ता इमरान और निपुण भारत मिशन के जिला समन्वयक आलोक त्रिपाठी ने दिसंबर माह में डायट मेंटर, एसआरजी और एआरपी द्वारा किए गए कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। सपोर्टिव सुपरविजन, स्पॉट असेसमेंट, शिक्षकों से संवाद, समय-सारिणी, पाठ्यक्रम, शिक्षक डायरी, मासिक संकुल बैठक और आगामी अकादमिक योजना जैसे बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसआरजी अंगद पाण्डेय ने एआरपी के कार्यों में आ रही कठिनाइयों के समाधान के सुझाव दिए और पठन-पाठन का माहौल बेहतर बनाने के उपाय साझा किए। विभिन्न ब्लॉकों के बीईओ और एआरपी ने भी जनवरी माह की कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ करने पर अपने विचार रखे। बैठक में बीईओ विजय आनंद, धीरेन्द्र त्रिपाठी, ममता सिंह, दिव्यांश त्रिपाठी, अनिका सिद्दीकी सहित जनपद के एआरपी उपस्थित रहे।

## एक्सप्रेस खबरें...

### कर्मचारियों की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहे मरीज

**जन एक्सप्रेस। रेउसा-सीतापुर।** विकास खण्ड रेउसा ग्रामीण क्षेत्र की ग्राम पंचायत ईरापुर सुतौली मजरा बाकरपुरवा में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर आज खुद बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते यह केंद्र केवल कागजों में ही संचालित होता नजर आ रहा है, जबकि हकीकत में तैनात सीएचसो उमाकांत अपने आवास पर रहकर मलाई काटते ही मिलते है और कार्य सिर्फ कागजो पर पूर्ण होता हैं।ग्रामीणों को इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है।स्थानीय ग्रामीण नाजिम, शकील, कलीम, सन्नो और नसीमुन ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर अधिकांश समय कोई भी जिम्मेदार कर्मचारी मौजूद नहीं रहता। जरूरत पड़ने पर केंद्र बंद मिलता है और मजबूरन मरीजों को निजी अस्पतालों या दूर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का सहारा लेना पड़ता है। इससे गरीब ग्रामीणों को आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर की नियमित निगरानी कराई जाए, कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और लापरवाह व भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने मांग उठाई है।

### बन्दियों की सुरक्षा के लिये जिला जेल में लगवाये गये पर्दे

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जनपद न्यायाधीश /अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुलदीप सक्सेना की अध्यक्षता में जिला कारागार का मासिक निरीक्षण किया गया एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया गया। जिसमें अपर जिला जज, कोर्ट संख्या-01 ज्ञान प्रकाश-तृतीय, अपर जिला जज स्पेशल एस.सी.एस.टी.एक्ट, मो0 शफीक, अपर जिला जज स्पेशल गैंगेस्टर, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, अपर जिला जज /सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र नाथ त्रिपाठी तथा मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित रहे। जिला कारागार सीतापुर में जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह व जेलर राजेश कुमार वर्मा सहित अन्य जेल अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। जनपद न्यायाधीश कुलदीप सक्सेना द्वारा जिला कारागार में महिला बैरक, किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों का निरीक्षण कर बन्दियों से वार्ता की गयी। वार्तालाप के दौरान किसी भी बन्दी द्वारा नि:शुल्क विधिक सेवा दिये जाने की प्रार्थना/आग्रह नही किया गया और न ही कोई अन्य समस्या बन्दियों द्वारा बताई गयी। जनपद न्यायाधीश द्वारा जिला कारागार में स्थित अस्पताल तथा पाकशाला का भी निरीक्षण किया गया। ठण्ड के प्रकोप को देखते हुए अस्पताल एवं बैरकों में परदे लगवा दिये गये है। सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पाई गयी।

### कटिया में लगी मोटे अनाज की प्रोसेसिंग यूनिट

**जन एक्सप्रेस। सीतापुर।** जिला कृषि अधिकारी, द्वारा स्व0 चैधरी चरण सिंह की जीवनी पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी ।कृषि विज्ञान केन्द्र कटिया की वैज्ञानिक डॉ0 रीमा द्वारा कृषक भाईयों को मोटे अनाज श्री अन्न की प्रोसेसिंग के बारे में समझाते हुए बताया कि कृषि विज्ञान केन्द्र, कटिया पर मोटे अनाज की प्रोसेसिंग यूनिट लगी हुई है, जिस पर किसान अपने श्री अन्न मोटे अनाज लाकर नि:शुल्क प्रोसेसिंग कर वैल्यू ऐडेड उत्पाद तैयार कर सकते हैं ।कार्यक्रम में सेवानिवृत्त राम किशोर तिवारी, वरिष्ठ प्राविधिक सहायक ग्रुप-ए के द्वारा रबी फसलों में लगने वाले कीट रोग खरपतवार की रोकथाम के विषय में किसान भाईयों को विस्तृत जानकारी प्रदान की। साथ ही वीरेन्द्र कुमार सिंह द्वारा किसान भाईयों को प्राकृतिक खेती को अपनाने हेतु सुझाव दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद मिश्रिख अशोक रावत एवं जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 के द्वारा कृषि के विभिन्न क्षेत्रों यथा उद्यान, पशुपालन, मिलेट्स, गन्ना, प्राकृतिक खेती एवं फसल उत्पादन आदि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# सुशासन सप्ताह में जिलाधिकारी डॉ दिनेश चन्द्र ने वनवासी परिवारों को बांटे कंबल

- रामपुर ब्लॉक में लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल, डीएम ने लोगों से किया सीधा संवाद

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जौनपुर ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से विकास खंड रामपुर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने वनवासी परिवारों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख रामपुर राहुल सिंह के सौजन्य से विकास खंड परिसर में किया गया, जहां बड़ी संख्या में वनवासी परिवार मौजूद रहे। कंबल वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा हर वर्ष आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से गरीब और असहाय लोगों को ठंड से बचाव हेतु कंबल वितरित किए जाते हैं। यदि इसमें समाजसेवी, जनप्रतिनिधि और सक्षम लोग सहयोग करते हैं, तो और अधिक जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। जिलाधिकारी ने ब्लॉक प्रमुख की सराहना करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से गरीब और वंचित वर्ग के लिए कंबल वितरण का यह सराहनीय कार्य लगातार किया जा रहा है। उन्होंने समाजसेवियों और सक्षम लोगों से अपील की कि वे आगे आकर इस पुण्य कार्य में सहयोग करें, ताकि ठंड के मौसम में कोई भी गरीब असहाय ठंड से पीड़ित न हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने वनवासी लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई मामलों में संबंधित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश भी दिए गए। वहीं, सुशासन सप्ताह के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग, ग्राम विकास विभाग, राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान किया गया। कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी मडियाहूं, खंड विकास अधिकारी अभिनव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# साइबर क्राइम पर निबंध प्रतियोगिता, 369 छात्रों ने दिखाई जागरूकता

जन एक्सप्रेस । बस्ती

हर्रैया थाना क्षेत्र के अंतर्गत गजाधर सिंह अंगद सिंह एकेडमी में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिनंदन के निर्देश के क्रम में थाना प्रभारी तहसीलदार सिंह द्वारा साइबर क्राइम एक चुनौती विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। परीक्षा में 137 छात्राएं और 232 छात्र कुल 369 लोग सम्मिलित हुए। थाना प्रभारी ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व ही विद्यालय के बच्चों और शिक्षकों को इस प्रतियोगिता और विषय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई थी। थाने की साइबर टीम द्वारा विद्यालय में साइबर अपराध के संबंध में विस्तृत रूप से बच्चों को जागरूक किया गया था। उन्होंने बताया कि पूरी तैयारी के साथ बच्चों ने पूरे मनोयोग से इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के बाद इस प्रतियोगिता के श्रेष्ठ पांच प्रतिभागियों को आगामी 30 दिसम्बर को पुरस्कृत किया जाएगा। थाना प्रभारी ने बताया कि इस निबंध प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य साइबर क्राइम के प्रति बच्चों को जागरूक करना है । कहा कि साइबर क्राइम देश के लिए एक गंभीर खतरा है क्योंकि यह न केवल अर्थव्यवस्था, वित्तीय संस्थानों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुँचाता है बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, नागरिकों के डेटा और भरोसे को भी कमजोर करता है, जिससे वित्तीय हानि, डेटा चोरी और सामाजिक अव्यवस्था फैल सकती है, जिसका प्रभाव बढ़ता जा रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुभाष चन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि पुलिस की यह पहल बेहद सरहनीय है। क्योंकि आजकल के डिजिटल युग में बच्चे मोबाइल और इंटरनेट के बहुत ज्यादा करीब हैं। छोटी उम्र में ही उनके हाथ में मोबइल और इंटरनेट का एक्सेस आ जाता है। लेकिन बच्चे नासमझ और मासूम होते हैं जिसकी वजह से वो साइबर अपराध का आसान शिकार भी बन रहे हैं।

# ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से बीएसएफ जवान शहीद

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

अमृतसर में ड्यूटी के दौरान हार्ट अटैक से शहीद हुए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के हवलदार विनोद कुमार पाल (52) का पार्थिव शरीर बुधवार सुबह अरौल क्षेत्र के बहरामपुर गांव पहुंचते ही पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई। जैसे ही तिरंगे में लिपटा उनका शव घर पहुंचा, पत्नी मीरा पाल, बेटे मयंक उर्फ शंटी और बेटी गीतांशी का करुण विलाप देखकर वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम हो गई।शहीद विनोद कुमार पाल मूल रूप से बहरामपुर गांव के निवासी थे, जबकि वर्तमान में उनका परिवार कानपुर के कल्याणपुर क्षेत्र में रह रहा था।



पोस्टमॉर्टम के बाद पार्थिव शरीर को पहले कल्याणपुर लाया गया, इसके बाद सेना के वाहन से गांव बहरामपुर पहुंचाया गया। गांव में शव पहुंचते ही माहौल देशभक्ति के नारों से गूंज उठा– 'भारत माता की जय' और 'वीर जवान अमर रहें' के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भावुक हो गया। सैकड़ों युवाओं ने तिरंगा लेकर दी अंतिम विदाई ।शहीद जवान की अंतिम यात्रा में आसपास के कई गांवों से भारी संख्या में लोग शामिल हुए। सैकड़ों युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति नारों के साथ अंतिम यात्रा में भाग लिया। गंगा किनारे स्थित घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बीएसएफ जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जबकि बेटे मयंक ने पिता को मुखाग्नि दी।ड्यूटी के दौरान अचानक बिगड़ी तबीयत ,परिजनों ने बताया कि रविवार देर रात करीब एक बजे ड्यूटी के दौरान विनोद कुमार पाल की अचानक तबीयत बिगड़ गई। साथी जवान उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। औपचारिकताओं के बाद करीब तीन दिन बाद बुधवार को उनका पार्थिव शरीर गांव लाया गया।आखिरी बातचीत बन गई जीवन भर की याद ,बेटे मयंक ने बताया कि रविवार रात करीब आठ बजे माता-पिता से वीडियो कॉल पर बातचीत हुई थी। पिता बिल्कुल स्वस्थ थे और जल्द छुट्टी लेकर घर आने की बात कह रहे थे। छह महीने पहले फैटी लीवर की समस्या जरूर हुई थी, लेकिन इलाज के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ हो चुके थे।वहीं बेटी गीतांशी ने बताया कि रविवार को ही पापा ने पढ़ाई के बारे में पूछा था। दीपावली पर वह घर आए थे। किसी को अंदाजा नहीं था कि वही बातचीत आखिरी साबित होगी।सरकार से सम्मान व सहायता की मांग ,परिजनों ने सरकार से शहीद के दोनों बच्चों को योग्यता के अनुसार नौकरी देने, गांव में शहीद स्मारक बनाए जाने और शहीद के नाम पर सड़क का नामकरण किए जाने की मांग की है। शोक में डूबा पूरा परिवार और गांव शहीद विनोद कुमार पाल के परिवार में पत्नी मीरा पाल, बेटा मयंक, बेटी गीतांशी, मां पार्वती देवी और छोटा भाई प्रमोद पाल हैं। उनके बड़े भाई मनोज पाल भी बीएसएफ में सीओ पद पर मणिपुर में तैनात हैं। सूचना मिलते ही पूरे परिवार और गांव में मातम छा गया।अंतिम संस्कार के दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। पूरे गांव ने अपने वीर सपूत को नम आंखों और गर्व भरे दिल के साथ अंतिम विदाई दी।

## भारत ने श्रीलंका को फिर हराया, टी20 सीरीज में 2-0 की बढ़त

एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने श्रीलंका के खिलाफ खेले गए पांच मैचों की टी20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से जीत दर्ज की। एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मैच के साथ ही टीम इंडिया ने सीरीज में 2-0 की मजबूत बढ़त बना ली है। इससे पहले भारत ने पहला टी20 भी 8 विकेट से अपने नाम किया था। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने श्रीलंका को निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट पर 128 रन तक सीमित कर दिया। भारतीय गेंदबाजों ने कसी हुई लाइन-लेंथ के साथ गेंदबाजी करते हुए श्रीलंकाई बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। श्रीलंका की ओर से हर्षिता समरविक्रमा ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए, जबकि कप्तान चामरी अथापथु ने 31 रन की पारी खेली। हसीनी परेरा ने 22 रन का योगदान दिया, लेकिन शीर्ष और मध्यक्रम का कोई भी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। भारत की ओर से वैष्णवी शर्मा और श्री चरणी ने 2-2 विकेट लिए, जबकि क्रांति गौड़ और स्नेह राणा को 1-1 सफलता मिली। लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत आक्रामक रही। ओपनर शैफाली वर्मा ने एक बार फिर अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से दर्शकों का दिल जीत लिया। उन्होंने मात्र 34 गेंदों में 202 से अधिक के स्ट्राइक रेट से नाबाद 69 रन बनाए, जिसमें 12 चौके शामिल थे। स्मृति मंधाना ने 14 रन बनाए, जबकि जेमिमा रोड्रिग्स ने 26 रनों की तेज पारी खेली। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 10 रन जोड़े। भारत ने 11.5 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## खेल मंत्रालय ने शुरू की व्यापक इंटर्नशिप नीति, खेल पेशेवरों की नई पीढ़ी तैयार करने की पहल

**नई दिल्ली।** भारत के खेल पारिस्थितिकी तंत्र को सशक्त बनाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) ने व्यापक इंटर्नशिप नीति की शुरुआत की है। इस नीति का उद्देश्य युवाओं को खेल प्रशासन, खेल विज्ञान और खेल शासन से जुड़े क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुभव देकर भविष्य के दक्ष खेल पेशेवरों को तैयार करना है। इस नई नीति के तहत हर वर्ष 452 इंटर्नशिप प्रदान की जाएंगी। ये इंटर्नशिप मंत्रालय के साथ-साथ इसके प्रमुख स्वायत्त संस्थानों भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) में उपलब्ध होंगी। कॉलेज और विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को खेल प्रशासन और उससे जुड़े पेशेवर क्षेत्रों में प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा।

## देशभर से 127 से ज्यादा टीमों की एंट्री, हरीश शर्मा बास्केटबॉल चैंपियनशिप को लेकर उत्साह चरम पर

**नई दिल्ली।** भारत में 3×3 बास्केटबॉल की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हरीश शर्मा 3×3 ऑल इंडिया बास्केटबॉल चैंपियनशिप (पुरुष व महिला) के दूसरे संस्करण के लिए देशभर से 127 से अधिक टीमों ने पंजीकरण कराया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 27 और 28 दिसंबर को केडी जाधव इंडोर हॉल, इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर, नई दिल्ली में आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति की अध्यक्ष रूपम हरीश शर्मा ने बताया कि पंजीकृत टीमों में से 87 टीमों का अंतिम चयन किया जाएगा, जिनमें 63 पुरुष और 24 महिला टीमें शामिल होंगी। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर कुछ अर्जुन पुरस्कार विजेता और एक पद्मश्री सम्मानित खिलाड़ी समेत कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। यह प्रतियोगिता अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बास्केटबॉल खिलाड़ी और खेल प्रशासक रहे स्वर्गीय हरीश शर्मा की स्मृति में आयोजित की जा रही है।

## महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग में चमक बिखेरने को तैयार रांची रॉयल्स, अनुभव और घरेलू जोश बनेगा ताकत

**नई दिल्ली।** महिला हीरो हॉकी इंडिया लीग के दूसरे सत्र से पहले रांची रॉयल्स अपनी घरेलू धरती पर नए इरादों और संतुलित टीम संयोजन के साथ उतरने को तैयार है। घरेलू खिलाड़ियों के मजबूत समर्थन और अंतरराष्ट्रीय अनुभव के मेल के साथ रॉयल्स इस बार भी खिताब की प्रबल दावेदार के रूप में नजर आ रही है। टीम ने नीलामी से पहले नेहा गोयल, इशिका चौधरी और रुतुजा दादासो पिसाल को बरकरार रखते हुए अपनी कोर टीम को सुरक्षित रखा, वहीं सितंबर में हुई मिनी-नीलामी में कुछ अहम खिलाड़ियों को जोड़कर स्क्वाड को और मजबूत किया। गोलकीपिंग विभाग में भारतीय टीम की अनुभवी गोलकीपर बिचू देवी खारीबाम की एंट्री से टीम की रक्षा पंक्ति को मजबूती मिली है, जबकि माधुरी किंडो भी भरोसेमंद विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और इशिका चौधरी जैसी अनुभवी भारतीय खिलाड़ी टीम की रीढ़ होंगी। उनके साथ अर्जेंटीना की लुसीना वॉन डेर हेडे और मारिया सोफिया डार्नें एलियास जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारे संतुलन प्रदान करेंगे। नीदरलैंड्स की सबीने प्लोनिसन और जूनियर विश्व कप में प्रभावित करने वाली लालथांतलुआंगी भी टीम को गहराई देंगी।

# खेल पेशेवरों के लिए नई इंटर्नशिप नीति लॉन्च

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नई नीति के तहत, युवा मामले और खेल मंत्रालय और इसके प्रमुख संस्थानों में सालाना 452 इंटर्नशिप की पेशकश की जाएगी। इनमें भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) और राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला (एनडीटीएल) शामिल हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने खेल ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए संरचित, बड़े पैमाने का मंच बनाने के उद्देश्य से एक व्यापक इंटर्नशिप नीति लॉन्च की। केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा, 'भारत के खेल ईकोसिस्टम में बदलाव के लिए कुशल पेशेवरों और युवा प्रतिभाओं की ओर से समर्थित मजबूत संस्थागत समर्थन की जरूरत है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के जरिए हम युवाओं के लिए खेल शासन और प्रशासन के द्वार खोल रहे हैं, जिससे वे व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें और खेलों के जरिए राष्ट्र निर्माण में दीर्घकालिक प्रभाव डाल सकें।'



डॉ. मांडविया के अनुसार, यह कार्यक्रम पेशेवर रूप से प्रशिक्षित लोगों की बढ़ती जरूरत को पूरा करता है। भारत अपने स्पोर्ट्स इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार कर रहा है, गवर्नेंस सुधारों को मजबूत कर रहा है और खेल की दुनिया में अपनी पहचान बढ़ा रहा है। यह पहल युवाओं को भारत की खेल यात्रा में सार्थक योगदान देने के लिए सशक्त बनाएगी। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय खेल नीति और खेलो भारत नीति 2025 के उद्देश्यों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है, जिसमें युवा सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण और खेल प्रशासन के व्यवसायीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। यह नीति भारत के उस दूरगामी दृष्टिकोण का समर्थन करती है जिसमें एक ऐसा स्पोर्ट्स इकोसिस्टम बनाया जाएगा जो भविष्य के लिए तैयार हो, जो बेहतरीन परफॉर्मेंस को बनाए रखते हुए बड़े इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट्स की मेजबानी कर सके।

इंटर्नशिप 20 से ज्यादा फंक्शनल डोमेन में होंगी, जिसमें स्पोर्ट्स मैनेजमेंट, स्पोर्ट्स साइंस, इवेंट ऑपरेशंस, मीडिया और कम्युनिकेशन, कानूनी मामले, आईटी सिस्टम, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस और एंटी-डोपिंग शामिल हैं। स्पोर्ट्स साइंस रिसर्च, लेबोरेटरी टेस्टिंग, डेटा एनालिसिस और एथलीटों को साइंटिफिक सपोर्ट पर खास ध्यान दिया जाएगा।

नाडा में शामिल इंटर्न्स एंटी-डोपिंग जागरूकता, कानूनी अनुपालन, केस मैनेजमेंट और पॉलिसी सपोर्ट में मदद करेंगे, जबकि एनडीटीएल में काम करने वाले इंटर्न्स को सैंपल एनालिसिस और रिसर्च सहित एडवांस्ड लेबोरेटरी-आधारित एंटी-डोपिंग प्रक्रियाओं का अनुभव मिलेगा। प्रतिवर्ष दो रिक्रूटमेंट साइकिल जनवरी और जुलाई में होंगी।

## महज 21 साल की उम्र में शेफाली वर्मा ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में रचा इतिहास

एजेंसी

**विशाखापत्तनम।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 22 साल की उम्र से पहले सर्वाधिक टी20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक लगाने वाली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। शेफाली ने अपने करियर में अब तक कुल 92 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 26.73 की औसत के साथ 2,299 रन बनाए। इस दौरान शेफाली ने 12 अर्धशतक लगाए। इस लिस्ट में वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर दूसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 22 साल की उम्र से पहले 10 अर्धशतक लगाए थे। आयरलैंड की गैबी लुईस 10 अर्धशतकों के साथ इस लिस्ट में संयुक्त रूप से दूसरे पायदान पर हैं, जबकि भारत की जेमिमा रोड्रिग्स (7) लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं। श्रीलंका के विरुद्ध दूसरे टी20 मैच में शेफाली वर्मा ने 27 गेंदों में



अर्धशतक पूरा किया। यह श्रीलंका महिला टीम के खिलाफ किसी भारतीय खिलाड़ी की ओर से बनाया गया संयुक्त रूप से दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है।

# नीरज चोपड़ा ने पत्नी के साथ प्रधानमंत्री से की मुलाकात

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और विश्व प्रसिद्ध भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने अपनी पत्नी हिमानी मोर के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। यह भेंट प्रधानमंत्री आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर हुई।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मुलाकात की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा करते हुए कहा कि नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी के साथ विभिन्न विषयों पर सार्थक बातचीत हुई, जिसमें खेल से जुड़े मुद्दे प्रमुख रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, 'नीरज चोपड़ा और उनकी पत्नी हिमानी मोर से आज 7, लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात हुई। खेल सहित कई विषयों पर हमारी अच्छी बातचीत हुई।' प्रधानमंत्री के इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए नीरज चोपड़ा ने भी 'एक्स' पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का समय



देने के लिए धन्यवाद। खेलों के प्रति आपका दृष्टिकोण और समर्थन हम सभी भारतीयों के लिए हमेशा प्रेरणादायी और उत्साहवर्धक रहा है।' उल्लेखनीय है कि नीरज चोपड़ा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है और उनकी उपलब्धियों ने देश में खेलों के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## बीबीएल: स्ट्राइकर्स को 6 विकेट से हराकर प्वाइंट्स टेबल में टॉप पर स्टार्स

एजेंसी

**एडिलेड।** मेलबर्न स्टार्स ने एडिलेड ओवल में खेले गए बिग बैश लीग (बीबीएल) 2025-26 के 10वें मुकाबले को अपने नाम किया। इस टीम ने एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 6 विकेट से जीत दर्ज की। इसी के साथ स्टार्स ने प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पायदान पर कब्जा जमा लिया है। मेलबर्न स्टार्स ने इस सीजन के शुरुआती दोनों मुकाबले जीतकर 4 प्वाइंट्स हासिल किए हैं, जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स पहला मैच जीतने के बाद अगला मुकाबला हार गई। यह टीम छठे स्थान पर लुढ़क गई है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी एडिलेड स्ट्राइकर्स ने निर्धारित ओवरों में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए। इस टीम ने 7 के स्कोर पर क्रिस लिन (4) और जेसन सांघा (0) का विकेट गंवा दिया था।

यहां से मैथ्यू शॉर्ट ने लियाम स्कॉट के साथ तीसरे विकेट के लिए 37 गेंदों में 55 रन की साझेदारी करते हुए टीम को परेशानी से निकाला। लियाम 19 गेंदों में 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

मैथ्यू शॉर्ट ने एलेक्स रॉस के साथ चौथे विकेट के लिए 48 रन जोड़ते हुए टीम को 110 के स्कोर



तक पहुंचाया। शॉर्ट 42 गेंदों में 4 चौकों के साथ 56 रन बनाकर आउट हुए, जबकि रॉस ने 22 रन की पारी खेली। विपक्षी टीम की तरफ से टॉम करन और हारिस रऊफ ने 3-3 विकेट हासिल किए, जबकि पीटर सिडल और मार्कस स्टोइनिस ने 1-1 विकेट निकाला। इसके जवाब में मेलबर्न स्टार्स ने 18.1 ओवरों में ही जीत दर्ज कर ली। इस टीम को सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। जो क्लार्क ने सैम हार्पर के साथ 7 ओवरों में 67 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। क्लार्क 19 गेंदों में 23 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद सैम हार्पर ने 36 गेंदों में 2 छक्कों और 5 चौकों के साथ 55 रन बनाते हुए टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

इनके अलावा, कैंपबेल केलवे ने 28 रन बनाए, जबकि कप्तान मार्कस स्टोइनिस ने नाबाद 32 रन बनाकर टीम को आसान जीत दिलाने में योगदान दिया। विपक्षी टीम के लिए हसन अली ने सर्वाधिक 2 विकेट निकाले, जबकि जेमी ओवरटन और लॉयड पोप ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।

# आईसीसी रैंकिंग: दीप्ति शर्मा बनी नंबर वन टी20 गेंदबाज, मंधाना को एक स्थान का नुकसान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की स्टार ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा टी20 फॉर्मेट की नई नंबर वन गेंदबाज बन गई हैं। दीप्ति शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड को पछाड़ते हुए नंबर वन का ताज हासिल किया है। शीर्ष दस में दीप्ति एकमात्र भारतीय गेंदबाज हैं। दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड, तीसरे स्थान पर पाकिस्तान की सादिया इकबाल हैं। दोनों को 1-1 स्थान का नुकसान हुआ है। चौथे स्थान पर इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टन और पांचवें स्थान पर लॉरेन बेल हैं। छठे स्थान पर दक्षिण अफ्रीका की एन मल्बा, सातवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वॉरहेम, आठवें पर इंग्लैंड की चॉर्ली डेन, नौवें स्थान पर वेस्टइंडीज की एफी फ्लेचर और दसवें स्थान पर पाकिस्तान की नशरा संधु हैं। महिलाओं की नई वनडे रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका की कप्तान



लौरा वोल्वार्ड्ट एक बार फिर से स्मृति मंधाना को पछाड़ते हुए नंबर वन स्थान पर काबिज हो गई हैं। उन्हें एक स्थान का फायदा हुआ है। मंधाना दूसरे स्थान पर हैं, उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है। तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर, चौथे स्थान पर नट सेवियर ब्रंट, पांचवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी, छठे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एलीसा हिली, सातवें स्थान पर न्यूजीलैंड की सोफी डिवाइन, आठवें स्थान पर ऑस्ट्रेलिया की एल्सी पेरी, नौवें स्थान पर हेली मैथ्यूज और दसवें स्थान पर भारत की जेमिमा रोड्रिग्ज हैं। महिलाओं की वनडे रैंकिंग में सिर्फ मंधाना और वोल्वॉर्ड्ट की रैंकिंग में ही बदलाव दिखा है।

महिलाओं की टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी पहले, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज दूसरे, भारत की स्मृति मंधाना तीसरे, ऑस्ट्रेलिया की ताहिला मैकग्राथ चौथे, दक्षिण अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट पांचवें, श्रीलंका की चमारी अट्टपट्टू छठे, दक्षिण अफ्रीका की तंजिम ब्रिट्स सातवें, न्यूजीलैंड की सुजी बेट्स आठवें और भारत की जेमिमा रोड्रिग्स नौवें स्थान पर हैं। रोड्रिग्स को पांच स्थान का फायदा हुआ है। शेफाली वर्मा दसवें स्थान पर हैं। उन्हें एक स्थान का नुकसान हुआ है।

## विजय हजारे ट्रॉफी: चिन्नास्वामी स्टेडियम में बिना दर्शकों के होगा दिल्ली और आंध्र प्रदेश का मैच

एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा आयोजित घरेलू क्रिकेट की वनडे फॉर्मेट की प्रतिष्ठित विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत दिल्ली और आंध्र प्रदेश के बीच चिन्नास्वामी स्टेडियम, बेंगलुरु में मैच आयोजित होना है। कर्नाटक पुलिस ने सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण की चिंताओं का हवाला देते हुए दर्शकों की मौजूदगी में मैच के आयोजन की इजाजत नहीं दी है। यह फैसला बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार, ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी के अधिकारियों और अग्निशमन विभाग की जांच के बाद लिया गया है। जांच में वेन्यू में गंभीर कमियां पाई गयी हैं। बेंगलुरु पुलिस कमिश्नर सीमांत कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, 'गृह विभाग के निर्देश पर कमेटी सोमवार को स्टेडियम गई थी। फायर, बेंगलुरु इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई कंपनी (बेसकॉम), ग्रेटर बेंगलुरु अथॉरिटी और पुलिस समेत अलग-अलग विभाग के अधिकारियों ने स्टेडियम का इंस्पेक्शन किया था। अधिकारियों की रिपोर्ट के मुताबिक, बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच के लिए इजाजत नहीं दी गई है। कमेटी ने एक डिटेल्ड रिपोर्ट भी दी है। बेंगलुरु सिटी पुलिस कमिश्नर ने पहले ही जरूरी सुरक्षा उपायों के बारे में 17-पॉइंट की एडवाइजरी जारी कर दी थी। कमिटी ने एडवाइजरी की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंप दी।' पुलिस के मुताबिक, स्टेडियम के गेट बहुत ज्यादा भीड़ को संभालने के लिए बहुत छोटे थे। विराट कोहली के आने की स्थिति में भारी भीड़ आने की संभावना है। इस विषय पर कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के नए अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद ने राज्य के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से मुलाकात कर छूट देने की मांग की, लेकिन अधिकारी नहीं माने।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'पर्सनैलिटी राइट्स केस' में सुनील गावस्कर से जुड़े कंटेंट हटाने का आदेश दिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर की पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी राइट्स की रक्षा के लिए एक अंतरिम रोक लगाई और सोशल मीडिया माध्यमों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को उनकी अनुमति के बिना उनके नाम और तस्वीर के इस्तेमाल वाले कंटेंट को हटाने का निर्देश दिया। जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की सिंगल-जज बेंच ने मेटा और एक्स कॉर्प समेत प्लेटफॉर्म्स को यह आदेश दिया कि गावस्कर के बारे में गलत बयान वाले यूआरएल 72 घंटे के अंदर हटा दिए जाएं। दिल्ली हाईकोर्ट ने साफ किया कि अगर उपभोक्ता तय समय के अंदर उल्लंघन करने वाले कंटेंट को हटाने में असफल रहते हैं, तो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को ऐसे कंटेंट तक एक्सेस को बंद करना होगा। जस्टिस अरोड़ा ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स को गावस्कर के



नाम पर बिना अनुमति के बेचे जा रहे उत्पादों की सूची हटाने का भी निर्देश दिया, और कहा कि अगर विक्रेता 72 घंटे के अंदर उल्लंघन करने वाले उत्पाद हटाने में फेल हो जाते हैं, तो प्लेटफॉर्म्स उन्हें डीलिस्ट कर देंगे। यह अंतरिम राहत गावस्कर को उस केस में मिली जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया और ऑनलाइन मार्केटप्लेस पर बिना उनकी इजाजत के उनसे जुड़ी चीजों के खिलाफ इस्तेमाल के खिलाफ अपनी पर्सनैलिटी के अधिकारों की सुरक्षा की मांग की थी। पूर्व क्रिकेटर ने आरोप लगाया कि कई सोशल मीडिया पेज उनके नाम से मनगढ़ंत बातें बता रहे थे, जबकि कई ऑनलाइन विक्रेता उनसे गलत तरीके से जुड़े नकली ऑटोग्राफ वाले आइटम और दूसरा सामान बेच रहे थे। पहले की सुनवाई में, जस्टिस अरोड़ा ने गावस्कर से गूगल, मेटा और एक्स को गलत यूआरएल देने को कहा था, साथ ही इंटरमीडियरी को एक हफ्ते के अंदर सूचना तकनीक नियम, 2021 के तहत उनके अनुरोध पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया था।गावस्कर का मामला उन हाई-प्रोफाइल पर्सनैलिटी की बढ़ती सूची में शामिल हो गया है जो दिल्ली हाई कोर्ट के सामने अपनी पर्सनैलिटी और पब्लिसिटी के अधिकारों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

## लॉन टेनिस में हरियाणा की मधु ने बढ़ाया प्रदेश का मान

एजेंसी

**चंडीगढ़।** गुजरात के गांधी नगर में हुए ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज लॉन टेनिस टूर्नामेंट 2025-26 में हरियाणा की मधु मान ने एक बार फिर दमखम दिखाया। हरियाणा में तकनीकी शिक्षा विभाग की ज्वाइंट डायरेक्टर (प्रशासन) मधु मान इन खेलों में दो सिल्वर मेडल हासिल करने वाली उत्तर भारत की पहली महिला अधिकारी व खिलाड़ी हैं। पंजाब, चंडीगढ़, हिमाचल, उत्तराखंड सहित किसी राज्य की महिला खिलाड़ी इस बार अवार्ड नहीं जीत पाई। मधु मान ने इन खेलों में अवार्ड जीतकर एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। वे देश की पहली ऐसी महिला अधिकारी हैं, जो पिछले सात वर्षों से लगातार इन राष्ट्रीय खेलों में भाग ले रही हैं और अवार्ड जीत रही हैं। इससे पहले वे चंडीगढ़ प्रशासन में प्रतिनियुक्ति पर रही और यूटी की ओर से खेलों में भाग लेती रहीं। पहली बार वे हरियाणा से खेली हैं। इन खेलों का आयोजन सेंट्रल सिविल सर्विसिज कल्चरल एंड स्पोर्ट्स बोर्ड



नई दिल्ली द्वारा करवाया गया।मिक्स वैटर्न 45 प्लस डबल में मधु मान ने सिल्वर मेडल हासिल किया है। वहीं वुमन डबल्स में भी सिल्वर मेडल हासिल किया है। मिक्स वैटर्न 45 प्लस डबल में मधु मान का मुकाबला गुजरात के साथ हुआ। आईआरएस ऑफिसर धर्मेंद्र शर्मा और वंदना सागर के साथ हुए मुकाबले में वे दूसरे स्थान पर रहीं। सेमीफाइनल में वे आंध्र प्रदेश की अंजनी साहू को शिकस्त देकर फाइनल में पहुंची थीं।

मधु मान 2018 से लगातार इन खेलों में भाग ले रही हैं और पदक भी जीत रही हैं। 2018-19 में पुणे में हुए खेलों में उन्होंने दो गोल्ड और एक सिल्वर अपने नाम किया था। कोविड-19 के दौरान इन खेलों का आयोजन नहीं हुआ। 2021 में जयपुर में हुए खेलों में मधु मान ने दो गोल्ड मेडल झटके। इसी तरह से चंडीगढ़ में हुए आयोजन में एक गोल्ड और दो सिल्वर मेडल, 2022 में पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में हुए मुकाबले में एक सिल्वर और एक ब्रांज मेडल हासिल किया तथा 2024-25 में उदयपुर में हुए खेलों में दो गोल्ड मेडिल हासिल किए।

## यूपी की अंडर-14 बालिका हैंडबॉल टीम में एक विद्यालय की सात छात्राओं चयन

एजेंसी

**वाराणसी।** राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में होने वाली 69वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए यूपी की टीम का चयन कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश की अंडर-14 बालिका हैंडबॉल टीम के लिए जिले के शिवपुर परमानंदपुर के विकास इंटर कॉलेज की सात छात्राओं काचयन हुआ औ। उक्त जानकारी कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. एके सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय विद्यालयीय हैंडबॉल प्रतियोगिता राजस्थान के चित्तौड़गढ़ में 5 से 10 जनवरी 2025 तक आयोजित की जाएगी।

प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में कुल 12 खिलाड़ी शामिल होते हैं, जिनमें से अकेले विकास इंटर कॉलेज की सात छात्राओं का चयन होना विद्यालय के लिए गर्व की बात है। डॉ. सिंह ने बताया कि विद्यालय की छात्रा अनैशा सिंह, वंशिका प्रजापति, सेजल सिंह, सोनाली पाल, आयुषी पाल, रितिका प्रजापति और महिमा चौहान को उत्तर प्रदेश की अंडर-14 बालिका हैंडबॉल टीम में स्थान मिला है। उत्तर प्रदेश के 74 जिलों से केवल पांच अन्य खिलाड़ियों को टीम में स्थान मिला है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने छात्राओं की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ओलंपिक 2036 में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेंगे : नायब सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** ओलम्पिक 2036 में भारत को खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने का लक्ष्य रखा है। इस ओलम्पिक में हरियाणा के खिलाड़ी सबसे अधिक पदक जीतने का लक्ष्य लेकर मैदान में उतरेंगे और इस प्रदेश के खिलाड़ी धाकड़ किसान, धाकड़ पहलवान की धरा के रूप में विश्व में बनी पहचान को ओर आगे लेकर जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित द्रोणाचार्य स्टेडियम में सांसद खेल महोत्सव 2025 के समापन अवसर पर बोल रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल व पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सांसद खेल महोत्सव 2025 के विजेताओं को नकद राशि व पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने शूटर गुरजोत सिंह और पैरा एथलैटिक के खिलाड़ी दिलबाग सिंह हिसार को विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री इस सफल आयोजन के लिए सांसद नवीन जिंदल और उनकी पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि इस सांसद खेल महोत्सव-2025 में सबसे ज्यादा एक लाख 10 हजार खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा दिखायी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश में



साल भर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने के लिए खेल कैलेंडर भी तैयार किया जाता है। इसके अनुसार खेल महाकुम्भ, राज्यस्तरीय अखाड़ा दंगल, मुक्केबाजी, वॉलीबॉल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, तैराकी, बास्केटबॉल, हैंड बाल इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है। हरियाणा में 11 साल पहले खेलों के लिए एक विजन विकसित किया था। वह विजन था हर बच्चे को खेल से जोड़ने का, हर गांव में खेल का मैदान बनाने का और हर उस युवा को अवसर देने का, जिसमें खेल के प्रति ललक है। इस विजन का लक्ष्य है कि हरियाणा को न केवल भारत की, बल्कि विश्व की खेल राजधानी बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा को खेलों की नर्सरी कहा जाता है। हमारे खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का नाम रोशन किया है। चाहे वे ओलंपिक हों, एशियाई हों या राष्ट्रमंडल खेल हों। हरियाणा के खिलाड़ियों ने हर मोर्चे पर तिरंगे को ऊंचा फहराया है। यह सांसद खेल महोत्सव आपकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने का माध्यम है। ऐसी ही प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हमने अनेक कदम उठाए हैं। बचपन से ही खिलाड़ियों को तराशने के लिए प्रदेश में खेल नर्सरियां खोली हुई हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि उत्कृष्ट खिलाड़ियों के लिए सुरक्षित रोजगार सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा उत्कृष्ट खिलाड़ी सेवा नियम 2021 बनाये हैं। इसके तहत खेल विभाग में 550 नए पद बनाए गए। हमने 231 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी है। खिलाड़ियों के लिए क्लास-वन से क्लास-फोर तक के पदों की सीधी भर्ती में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हम पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को 6 करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार देते हैं। हमने अब तक 16,418 खिलाड़ियों को 683 करोड़ 15 लाख के नकद पुरस्कार दिए हैं। इसके अतिरिक्त उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 298 खिलाड़ियों को मानदेय भी दिया जा रहा है। राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले तथा पदक जीतने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। वर्ष 2014 से अब तक 24 हजार से अधिक छात्रों को 70 करोड़ की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

# भारत में तीन और विमानन कंपनियों को मंजूरी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

इंडिगो परिचालन संकट के बाद भारतीय विमानन क्षेत्र को गिनी-चुनी कंपनियों के वर्चस्व से बाहर निकालने के लिए सरकार ने बढ़ा फैसला लिया है। भारत का एविएशन बजार पिछले कुछ समय से इंडिगो और एअर इंडिया जैसी विमानन कंपनियों के वर्चस्व या 'डुओपोली' में सिमट कर रह गया था। सरकार के ताजा कदम से इस हालात में बदलाव हो सकता है। केंद्र सरकार ने बाजार में प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के उद्देश्य से नई एयरलाइनों को हरी झंडी दिखा दी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अल-हिंद एयर और फ्लाईएक्सप्रेस को नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट जारी किया है। इसके साथ ही, उत्तर प्रदेश स्थित शंख एयर भी 2026 में अपनी सेवाएं शुरू करने की तैयारी में है। इस विमानन कंपनी को पूर्व में ही एनओसी मिल चुकी है।



### विमानन क्षेत्र में एकाधिकार खत्म करने की कवायद

वर्तमान में भारतीय आसमान पर टाटा समूह की एअर इंडिया और इंडिगो का एकछत्र राज है। डीजीसीए के आंकड़ों के मुताबिक, घरेलू बाजार का 90% से अधिक हिस्सा इन्हीं दो समूहों के पास है। इसमें भी करीब 65% हिस्सेदारी अकेले इंडिगो के पास है। इस 'डुओपोली' के कारण अक्सर यात्रियों को सीमित विकल्पों और मनमाने किरायों का दंश झेलना पड़ता है। हाल ही में इंडिगो एयरलाइन में आई तकनीकी खामियों ने यह साबित कर दिया कि बाजार का एक ही खिलाड़ी पर अत्यधिक निर्भर होना कितना जोखिम भरा हो सकता है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि सरकार का उद्देश्य विमानन बाजार में नए खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना है ताकि बाजार में संतुलन बना रहे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### विमानन बाजार के नए खिलाड़ी?

**अल-हिंद एयर**

केरल स्थित अल-हिंद ग्रुप द्वारा प्रवर्तित यह एयरलाइन दक्षिण भारत से अपनी शुरुआत करने जा रही है। अल-हिंद ग्रुप पहले से ही ट्रैवल और टूरिज्म सेक्टर में एक बड़ा नाम है, जिसका टर्नओवर लगभग 20,000 करोड़ रुपये बताया जाता है। कंपनी की योजना शुरुआत में एटीआर-72 (ATR-72) विमानों के साथ क्षेत्रीय मार्गों पर उड़ान भरने की है, और भविष्य में एयरबस-320 विमानों के साथ अंतरराष्ट्रीय मार्गों, विशेषकर खाड़ी देशों को जोड़ने का लक्ष्य है। अल हिन्द एयर का प्रवर्तक केरल स्थित अल हिन्द ग्रुप है। इस समूह की जड़ें 1990 के दशक की शुरुआत में जमी थीं, जब इसने एक छोटी ट्रैवल एजेंसी के रूप में शुरुआत की थी। मीडिया रिपोर्ट्स और कंपनी के दावों के अनुसार, समूह का कुल टर्नओवर 20,000 करोड़ रुपये से अधिक है । ट्रैक्सन के आंकड़ों के अनुसार, समूह की प्रमुख कंपनी 'अल हिन्द टूर्स एंड ट्रैवल्स प्राइवेट लिमिटेड' का वित्त वर्ष 2024 में राजस्व लगभग 1,740 करोड़ रुपये था । यह आंकड़ा भी किसी भारतीय स्टार्टअप एयरलाइन के लिए एक अत्यंत मजबूत वित्तीय आधार है।

### कंपनी के संस्थापकों में दो नाम प्रमुख हैं-

**टी. मोहम्मद हारिस:** ये कंपनी के चेयरमैन है। हारिस के पास ट्रैवल उद्योग का 30 वर्षों से अधिक का अनुभव है और वे 'इंडियन हज उमराह एसोसिएशन' के संस्थापक महासचिव हैं । हज और उमराह यात्राओं में उनकी पकड़ एयरलाइन के लिए एक निश्चित यात्री आधार सुनिश्चित करती है।

**पीवी वल्सराज:** ये कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर है। उनका विमानन क्लबों और आईएटीए एजेंट एसोसिएशन के साथ गहरा जुड़ाव रहा है।

### 2022 में हुई थी शुरुआत: 'शंख एजेंसी' से 'शंख एविएशन' तक

इस कारोबारी सफर की शुरुआत साल 2022 में हुई थी, जब श्रवण विश्वकर्मा ने 'शंख एजेंसी प्राइवेट लिमिटेड' की स्थापना की थी। उस समय इस कंपनी का एविएशन से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं था। महज कुछ ही समय में कंपनी ने अपनी दिशा बदली और एविएशन सेक्टर में कदम रखने का साहसिक फैसला लिया। इस बदलाव के साथ ही कंपनी का नाम बदलकर 'शंख एविएशन प्राइवेट लिमिटेड' कर दिया गया। एविएशन इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद, इस नए अवतार में कंपनी को महज 11 महीने हुए हैं। इतनी कम अवधि में कंपनी ने अपनी मजबूत वित्तीय स्थिति का परिचय दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस महज 11 महीने पुरानी कंपनी का शेयर कैपिटल 50 करोड़ रुपये है, जो किसी भी स्टार्टअप एयरलाइन के लिए एक ठोस शुरुआत मानी जा सकती है।

**शंख एयर:** यह उत्तर प्रदेश की पहली अपनी एयरलाइन होगी। लखनऊ और नोएडा (जेवर एयरपोर्ट) को अपना हब बनाने वाली शंख एयर को पहले ही मंजूरी मिल चुकी है और इसके 2026 तक परिचालन शुरू करने की उम्मीद है। यह एयरलाइन उत्तर भारत के शहरों को प्रमुख महानगरों से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगी। शंख एअर की नींव ईंट, सीमेंट और सेरामिक्स के कारोबार पर रखी गई थी? महज 11 महीने पुरानी इस एविएशन कंपनी का सफर किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है।

**कंपनी की कमान अनुभवी हाथों में है। कंपनी के शीर्ष नेतृत्व में तीन प्रमुख नाम शामिल हैं:**

- **श्रवण कुमार (चेयरमैन):** कंपनी की पूरी बागडोर और विजन श्रवण कुमार के पास है।
- **अनुराग छाबड़ा (डायरेक्टर):** बोर्ड में शामिल होकर रणनीतिक फैसले लेते हैं।
- **कौशिक सेनगुप्ता (डायरेक्टर):** कंपनी के संचालन में अहम भूमिका निभाते हैं।

### क्या यात्रियों को मिलेगा सस्ता टिकट?

बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि नए खिलाड़ियों के आने से 'फेयर वॉर' शुरू हो सकती है, जिसका सीधा फायदा यात्रियों को कम किराए के रूप में मिलेगा। 'उड़ान' योजना के तहत क्षेत्रीय कनेक्टिविटी बढ़ने से टियर-2 और टियर-3 शहरों के यात्रियों को भी अब मेट्रो शहरों जैसी कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है।

### चुनौतियों भरा है भारत के विमानन बाजार में परिचालन

हालांकि, भारतीय एविएशन सेक्टर का इतिहास काफी उथल-पुथल भरा रहा है। गो फर्स्ट और जेट एयरवेज जैसी स्थापित एयरलाइन कंपनियों के ठप पड़ जाने से यह पता चलता है कि यह बाजार कितना संवेदनशील है। ईंधन की बढ़ती कीमतें और परिचालन लागत नई एयरलाइनों के लिए सबसे बड़ी चुनौती होंगी। अब देखना दिलचस्प होगा कि क्या अल-हिंद एयर, फ्लाईएक्सप्रेस और शंख एयर भारतीय एविएशन बाजार के समीकरण बदल पाएंगे या इंडिगो और एयर इंडिया की बादशाहत ऐसे ही कायम रहेगी।

## नवी मुंबई कोर्ट का फैसला: अवैध रूप से भारत में रह रहे दो बांग्लादेशी दोषी, जल्द निर्वासित कराने का दिया आदेश

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र के नवी मुंबई की एक अदालत ने बिना वैध पासपोर्ट और दस्तावेजों के भारत में रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को दोषी ठहराया है। हालांकि फर्जी पहचान पत्र बनाने के आरोप को अदालत ने खारिज कर दिया। अदालत ने दोनों को 11 महीने की सजा सुनाई और जेल में काटे गए समय को सजा में समायोजित करते हुए उन्हें बांग्लादेश डिपोर्ट करने के निर्देश भी दिए। बता दें कि यह फैसला 11 दिसंबर को बेलापुर की अतिरिक्त सत्र अदालत के जज सीवी मराठे ने सुनाया। इस आदेश की प्रति मंगलवार को सामने आई। सरकारी वकील संध्या म्हात्रे ने अदालत को बताया कि हैदर अली अशरफ अली और फातिमा गोफर शेख को इस साल जनवरी में नवी मुंबई के कोप्रिगांव, सेक्टर 26 से गिरफ्तार किया गया था। दोनों के पास भारत में रहने के लिए कोई वैध पासपोर्ट या कानूनी अनुमति नहीं थी।

### आरोपियों को क्या मिलेगी सजा और आगे की कार्रवाई

गौरतलब है कि अदालत ने दोनों को 11 महीने की जेल और 500 रुपये जुर्माने की सजा सुनाई। चूंकि दोनों 14 जनवरी 2025 से जेल में थे और लगभग पूरी सजा काट चुके हैं, इसलिए उन्हें जेल में बिताए समय का लाभ (सेट ऑफ) दे दिया गया। इसके साथ ही अदालत ने नवी मुंबई पुलिस आयुक्त को आदेश दिया कि दोनों को बांग्लादेश दूतावास के जरिए उनके देश वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू की जाए।

जांच के दौरान हैदर अली पर फर्जी आधार कार्ड दिखाने का भी आरोप लगाया गया था, लेकिन अदालत ने इस आरोप को साबित नहीं माना। मामले में फैसला सुनाते हुए अदालत ने कहा कि दोनों ने पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के नियम 5 का उल्लंघन किया है, क्योंकि वे बिना सही दस्तावेजों के भारत में रह रहे थे। जहां सरकारी पक्ष ने कहा कि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिक देश की सुरक्षा के लिए खतरा हो सकते हैं, वहीं बचाव पक्ष ने दलील दी कि आरोपी गरीब और अशिक्षित हैं और वे केवल रोजी-रोटी के लिए भारत आए थे, उनका कोई गलत इरादा नहीं था। ऐसे में अदालत ने भी माना कि यह साबित नहीं हुआ है कि आरोपी किसी असामाजिक गतिविधि में शामिल थे।

## सियासत: 'केवल अर्थव्यवस्था ही मृत नहीं, समाज भी मरता जा रहा: राहुल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता मामले में आरोपी पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलने के मुद्दे पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र और उत्तर प्रदेश की व्यवस्था पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि देश केवल मृत अर्थव्यवस्था की ओर नहीं बढ़ रहा, बल्कि ऐसे अमानवीय मामलों से समाज भी संवेदनहीन और मृत होता जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि न्याय मांगने वाली पीड़िता के साथ सम्मानजनक व्यवहार होना चाहिए, न कि डर और उत्पीड़न। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर कहा कि एक दुष्कर्म पीड़िता का दिल्ली में प्रदर्शन करना क्या अपराध है। क्या न्याय के लिए आवाज उठाना उसकी गलती है। उन्होंने कहा कि आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को जमानत मिलना निराशाजनक और शर्मनाक है, खासकर तब जब पीड़िता लगातार भय के साये में जी रही है। उनके मुताबिक, लोकतंत्र में असहमति की आवाज दबाना अपराध है। उन्नाव मामले में दिल्ली उच्च



न्यायालय ने कुलदीप सिंह सेंगर की सजा निलंबित करते हुए जमानत दी है। अदालत ने यह भी शर्त रखी कि सेंगर पीड़िता के घर से पांच किलोमीटर के दायरे में नहीं जाएगा और न ही उसे या उसकी मां को धमकाएगा। अदालत ने कहा कि शर्तों के उल्लंघन पर जमानत स्वतः रद्द हो जाएगी। हालांकि, सेंगर जेल से बाहर नहीं आएंगे क्योंकि वह पीड़िता के पिता की हिरासत में मौत के मामले में 10 साल की सजा काट रहे हैं।

### पीड़िता का विरोध प्रदर्शन

जमानत के फैसले के खिलाफ पीड़िता और उनकी मां ने दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में प्रदर्शन किया। पीड़िता ने फैसले को अपने परिवार के लिए काल बताया और कहा कि वह इस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी को राहत मिलने से उन्हें और उनके परिवार को गंभीर खतरा है। इस पूरे मामले ने एक बार फिर महिला सुरक्षा और न्याय व्यवस्था को लेकर राजनीतिक बहस छेड़ दी है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि आरोपी सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी से जुड़ा रहा है, इसलिए पीड़िता को बार-बार संघर्ष करना पड़ रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि बलात्कारियों को जमानत और पीड़िताओं को डर देना, यह किस तरह का न्याय है। राहुल गांधी ने दो टूक कहा कि पीड़िता को सम्मान, सुरक्षा और न्याय मिलना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसे मामलों में सरकार और न्याय व्यवस्था की संवेदनशीलता ही समाज का भविष्य तय करती है। उन्होंने चेताया कि अगर पीड़ितों की आवाज दबाई जाती रही, तो देश की आत्मा को गहरी चोट पहुंचेगी।

## बैतूल के बोरदेही घाट में पलटी पिकअप, 31 घायल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बैतूल**

मध्यप्रदेश के बैतूल जिलांतर्गत आने वाले खेड़ली बाजार-बोरदेही मार्ग पर ग्राम टूरा बोरगांव के पास घाट क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन में सवार 31 ग्रामीण घायल हो गए। सभी लोग छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सेमरिया से मुलताई में आयोजित दसवां कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही तीन एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को मुलताई के शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। अस्पताल के बीएमओ प्रवीण मीणा ने बताया कि अधिकांश घायलों को मामूली व अंदरूनी चोटें आई हैं और सभी की हालत फिलहाल स्थिर है।

## 'तमिलनाडु के लोग अपना सिर नहीं झुकाएंगे'

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने एक बार फिर तमिल अस्मिता का मुद्दा उठाया है और कहा है कि तमिलनाडु के लोग दबाव के आगे सिर नहीं झुकाएंगे। पेरियार ईवी रामासामी की 52वीं पुण्यतिथि पर समाज सुधारक नेता को श्रद्धांजलि देते हुए सीएम स्टालिन ने कहा कि पेरियार ने लोगों में आत्म सम्मान, तर्कसंगत सोच और समानता को बढ़ावा दिया।

### 'दबाव के आगे नहीं झुकेंगे तमिलनाडु के लोग'

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में एमके स्टालिन ने लिखा, 'तमिल दबाव के आगे नहीं झुकेंगे। तर्कसंगत सोच, इंसानों से प्यार और समानता, इस सबसे महान नस्ल का गर्व है।' सीएम ने लोगों से एकजुट होने की अपील की। डीएमके सांसद के



कनिमोझी ने भी पेरियार की पुण्यतिथि पर महान समाज सुधारक को याद किया। तमिलनाडु सीएम इन दिनों अपने बयानों में अक्सर तमिल अस्मिता का मुद्दा उठा रहे हैं। माना जा रहा है कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए रणनीति के तहत वे ऐसा कर रहे हैं। बीते दिनों भी एक कार्यक्रम में एमके स्टालिन ने कहा 'सिर्फ तमिलनाडु और तमिल भाषा की रक्षा करना ही हमारा कर्तव्य नहीं है बल्कि हमारा कर्तव्य पूरे भारत और उसकी विविधता की रक्षा करना है।

## ट्रिपल इंजन की सरकार और कैबिनेट मंत्री के गृह क्षेत्र में उपेक्षित पड़ा अटल चौक

- साहिबाद विधायक और कबीना मंत्री के बाद भी उपेक्षित है पंडित अटल बिहारी बाजपेई चौक

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेई का जन्मोत्सव भाजपा और देश खूब जोर शोर से मना रहा है। उसके लिए भाजपा जिला गाजियाबाद और महानगर संगठन भी जोर शोर से लगा है। कैबिनेट मंत्री और योगी सरकार में। साहिबाबाद क्षेत्र से विधायक के रूप में प्रतिनिधित्व संभालने के 1 साल के करीब होने के बाद भी अपने गृह क्षेत्र की प्रसिद्ध अटल चौक पर एक अदद प्रतिमा का अनावरण नहीं करवा पा रहे हैं। प्रश्न पूछने पर आश्वासन और नियम कानून का हवाला गिनाया जाता है। इसी क्षेत्र में अटल चौक के सीध में है अनेकों महात्मा और नेताओं की प्रतिमा विराजित है। खुद विधायक रहते पंडित सुनील शर्मा ने भगवान श्री



परशुराम चौक और अटल चौक के समीप श्री विश्वकर्मा चौक का लोकार्पण किया। लेकिन अटल चौक के विकास और मूर्ति स्थापना की याद 25 दिसंबर को ही आती है। भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रतिपक्ष रहते 1996 में।खुद अटल बिहारी बाजपेई ने इस चौक का शिलान्यास किया था। जिसके बाद की सत्ता में शानदार चबूतरा बना और 2014 में केंद्र। और 2017 में राज्य की सत्ता के बाद लगातार निगम में भाजपा की ही सरकार रही लेकिन सांसद,विधायक , महापौर और पार्षद तक अपने नेता के नाम पर बने चौक के लिए कुछ नहीं कर पा रहे हैं। जबकि इसी भाजपा में हर समाज के लोगों के महापुरुषों की प्रतिमा लगाने पर शामिल होकर वोट बैंक की राजनीति का लाभ लिया। भाजपा को 2 सीट से 2 दर्जन राज्यों की सत्ता में आने के बाद और ट्रिपल इंजन की सरकार होने के3 बाद भी एक अदद प्रतिमा के लिए अपने नेताओं के दृष्टि का इंतजार कर रहे हैं।

